बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक






रजि. नंबर : 52290/90 ✴ वर्ष : 37 ✴ अंक : 100 ✴ पृष्ठ : 12 ✴ औरंगाबाद, शुक्रवार, 4 सितम्बर 2026 ✴ मूल्य : 3.00 रुपये ✴ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✴ www.navbihartime.com


## सोनपुर एयरपोर्ट से इंद्रपुरी जलाशय तक बदलेगी तस्वीर

### सोन-फल्गु लिंक के लिए बिहार सरकार ने केंद्र से मांगे 996 करोड़ रुपये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार फ्लड मैनेजमेंट एंड बार्डर एरिया प्रोग्राम (एफएमबीएपी) के तहत केंद्र सरकार से बजटीय प्रावधान बढ़ाने का दबाव बनाएगा। राज्य सरकार का तर्क है कि बिहार देश के सबसे अधिक बाढ़ प्रभावित राज्यों में शामिल है। मुख्यमंत्री स्वयं केंद्र को अवगत करा चुके हैं कि राज्य का करीब 73 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र बाढ़ की चपेट में आता है। गंगा, कोसी, गंडक और बागमती जैसी नदियों के कारण हर वर्ष बड़ी आबादी प्रभावित होती है। जल संसाधन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2027-28 के बजट में तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को शामिल करने का केंद्र से अनुरोध किया है। इनमें इंद्रपुरी जलाशय परियोजना, सोन-फल्गु रिवर लिंक परियोजना और सारण जिले की बाढ़ नियंत्रण एवं जल निकासी परियोजना शामिल हैं। राज्य सरकार का मानना है कि इन परियोजनाओं से बाढ़ नियंत्रण के साथ सिंचाई और जल उपलब्धता की समस्या भी कम होगी। इंद्रपुरी जलाशय परियोजना से सोन नहर प्रणाली को दीर्घकालिक स्थिरता प्रदान करने की योजना है। बिहार और झारखंड के बीच जल बंटवारे को लेकर एमओयू पर हस्ताक्षर होने के बाद परियोजना को आगे बढ़ाने का रास्ता साफ हुआ है। राज्य सरकार ने आगामी केंद्रीय बजट में इसके लिए आवश्यक बजटीय प्रावधान करने का अनुरोध किया है। सोन-फल्गु रिवर लिंक परियोजना के तहत सोन नदी के पानी को पाइपलाइन और नहरों के माध्यम से फल्गु नदी तक पहुंचाने की योजना है। इससे गया और औरंगाबाद के सूखाग्रस्त क्षेत्रों में सिंचाई, पेयजल और औद्योगिक उपयोग के लिए पानी उपलब्ध कराया जा सकेगा। साथ ही फल्गु नदी में सालभर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी। इसके लिए केंद्र से 996 करोड़ रुपये की मांग की गई है। सारण जिले की बाढ़ नियंत्रण एवं जल निकासी परियोजना (फ़ेज-1) की अनुमानित लागत 1,350.95 करोड़ रुपये है। इसके तहत मुख्य जलनिकासी चैनलों का जीर्णोद्धार, नए रेगुलेटरों का निर्माण और अन्य संरचनात्मक कार्य किए जाएंगे। परियोजना से सारण क्षेत्र में बाढ़ का प्रभाव कम करने और कृषि भूमि की सुरक्षा में मदद मिलेगी।



## कैंसर मरीजों के लिए 112 करोड़ से बनेगा सौ बेड का पैलिएटिव केयर यूनिट : निशांत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने एसकेएमसीएच परिसर स्थित टाटा मेमोरियल होमी भाभा कैंसर अस्पताल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में नवनिर्मित 12 बेड के अत्याधुनिक आईसीयू और एक एचडीयू यूनिट का उद्घाटन किया। निरीक्षण के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह उत्तर बिहार का सबसे बड़ा कैंसर सेंटर बनकर उभरा है। अब यहां इलाज के लिए आने वाले मरीजों को दिल्ली या मुंबई जैसे महानगरों के चक्कर काटने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। जो विश्वस्तरीय चिकित्सा व्यवस्था देश के बड़े अस्पतालों में मिलती है वह सभी अत्याधुनिक सुविधाएं अब मुजफ्फरपुर में ही उपलब्ध करा दी गई हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बिहार सरकार की प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए एक और बड़ी घोषणा की। उन्होंने बताया कि अस्पताल में गंभीर मरीजों की सहूलियत के लिए लगभग 100 बेड का पैलिएटिव केयर यूनिट विकसित किया जा रहा है। इस महात्वाकांक्षी परियोजना के लिए राज्य सरकार ने 112 करोड़ रुपये स्वीकृत की है। इसका निर्माण कार्य जल्द पूरा कर लिया जाएगा। मंत्री निशांत कुमार ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य विभाग राज्य की जनता को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सरकार का फोकस सिर्फ कैंसर ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य के हर मोर्चे पर है। उन्होंने कहा कि रेफरल सिस्टम, सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं, ट्रामा सेंटर और पीपी (पब्लिक पार्टनरशिप) मोड–इन सभी क्षेत्रों में जो भी जनता के लिए बेहतर से बेहतर हो सकता है, विभाग उसे धरातल पर उतारने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहा है।



## संक्षिप्त समाचार

### आपत्तिजनक वीडियो बनाने वाले दो शिक्षक निलंबित

**बक्सर(नबिटा ब्यूरो)।** शिक्षा विभाग ने बक्सर के दो सरकारी शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई की है। आपत्तिजनक वीडियो बनाने और उसे प्रसारित करने के गंभीर आरोपों के बाद दोनों को निलंबित कर दिया गया है। विभाग ने निलंबित शिक्षक वीरेंद्र प्रसाद का मुख्यालय प्रखंड संसाधन केंद्र, राजपुर और अरविंद कुमार का मुख्यालय प्रखंड संसाधन केंद्र, चक्की निर्धारित किया गया है। इसके अलावा दोनों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है।

### भतीजी की हत्या मामले में दो चाचा और चाची को आजीवन कारावास

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** दानापुर व्यवहार न्यायालय के सक्षम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार गुप्ता की अदालत ने हत्या के एक मामले में तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी उमेश सिंह, उसकी पत्नी पूजा देवी और अशोक सिंह पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। गुरुवार को अदालत ने मामले में सजा सुनायी। मामला मनेर थाना क्षेत्र के नया टोला रामपुर गांव का है।

### पूर्वी चंपारण में 350 करोड़ से बनेगा नया दुग्ध प्लांट

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** पूर्वी चंपारण में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों को दूध का बेहतर बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ी पहल होने जा रही है। जिले में करीब 350 करोड़ रुपये की लागत से चार लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला नया दुग्ध प्रसंस्करण प्लांट स्थापित किया जाएगा। इसके लिए जमीन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया चल रही है। जमीन मिलते ही परियोजना पर काम शुरू होने की उम्मीद है। प्लांट के संचालन से प्रत्यक्ष रूप से करीब चार से पांच लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में आयोजित कृषि, पशुपालन एवं मात्स्यिकी उद्यमी मेला के समापन समारोह में एनडीडीबी के अध्यक्ष मिनेष शाह ने यह जानकारी दी।

### राज्य में 690 रूटों पर दौड़ेंगी 114 नई ई-बसें

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बेहतर और प्रदूषण कम करने के लिए इलेक्ट्रिक बसों का नेटवर्क बढ़ाने की तैयारी है। पटना, गया, भागलपुर और पूर्णिया समेत कई जिलों में 690 रूट चिह्नित किए गए हैं। इन रूटों पर 114 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें चलाने की योजना है। परिवहन विभाग ने दिसंबर तक इन बसों का संचालन शुरू करने का लक्ष्य रखा है। राज्य में इलेक्ट्रिक बसों के जरिए लोगों को आने-जाने का एक और बेहतर विकल्प देने की तैयारी चल रही है। इसके लिए अलग-अलग जिलों में 690 रूट की पहचान की गई है। इन रूट पर 114 से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें चलाने की योजना बनाई गई है। इसमें पटना के साथ गया, भागलपुर, पूर्णिया और दूसरे जिले भी शामिल हैं। बसों की संख्या और उनका रूट वहां की सड़क, आबादी और यात्रियों की जरूरत को देखकर तय

## अभियान चलाकर मृत रैयतों की जमाबंदी का होगा निपटारा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में राजस्व अभिलेखों को अपडेट करने और लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। विभाग के सचिव जय सिंह ने निर्देश दिया है कि मृत रैयतों की जमाबंदी पात्र उत्तराधिकारियों के नाम जल्द से जल्द अपडेट की जाए। इसके लिए प्रत्येक राजस्व कर्मचारी को अपने-अपने हलका में हर महीने कम से कम पांच मृत जमाबंदी मामलों का निष्पादन करना होगा। गुरुवार को पटना के शास्त्रीनगर स्थित राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान में गया, नालंदा और शेखपुरा जिलों के सभी अंचल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने की। इस दौरान राजस्व कार्यों की प्रगति और विभिन्न लंबित सेवाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मृत रैयतों की जमाबंदी के मामलों को अभियान चलाकर निपटाया जाए। पात्र उत्तराधिकारियों के नाम जमाबंदी अपडेट करने में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी राजस्व कर्मचारियों को हर महीने कम से कम पांच ऐसे मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। समीक्षा बैठक में त्रुटिपूर्ण जमाबंदी के मामलों पर भी विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को अभियान चलाकर गलत या त्रुटिपूर्ण जमाबंदियों की पहचान करने और नियमानुसार उनका त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। सचिव ने कहा कि राजस्व अभिलेखों को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना विभाग की प्राथमिकता है। लंबित मापी मामलों को लेकर भी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए। सचिव ने कहा कि मापी की निर्धारित तिथि पर संबंधित रैयत के अनुपस्थित रहने को मापी लंबित रखने का आधार नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने निर्देश दिया कि मापी की तारीख की सूचना संबंधित रैयत को व्यक्तिगत रूप से और उपलब्ध मोबाइल नंबर पर दी जाए। इसके अलावा संबंधित पंचायत के पंचायत भवन और अंचल कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी सूचना चस्पा की जाए। निर्धारित प्रक्रिया पूरी करने के बाद तय तारीख पर मापी हर हाल में कराई जाए।

## पंचायत शिक्षकों की पेंशन-ग्रेच्यूटी पर पटना हाई कोर्ट सख्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना हाईकोर्ट में बिहार के लाखों पंचायत शिक्षकों के सेवानिवृत्ति लाभों को लेकर एक महत्वपूर्ण सुनवाई हुई है। जस्टिस पूर्णेंदु सिंह की एकल पीठ ने याचिकाकर्ता विनय कुमार श्रीवास्तव द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया है। कोर्ट ने बड़ा संवैधानिक सवाल उठाते हुए शिक्षा विभाग और पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिवों से जवाब तलब किया है। कोर्ट इस बात पर विचार कर रहा है कि क्या स्थानीय स्वशासन की अन्य इकाइयों के नियमित कर्मचारियों की तरह पंचायत शिक्षक भी पेंशन, ग्रेच्युटी और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों के हकदार हैं। कोर्ट के समक्ष इस मामले की सुनवाई के दौरान कई संवैधानिक मामलों पर भी चर्चा की गयी। विभिन्न संवैधानिक प्रावधानों में ये स्पष्ट होता है कि संविधान में समान कार्य करने वालों को समान अधिकार और सुविधा प्रदान करनी होती हैं। इस मामले पर सुनवाई के दौरान भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243जी, 11वीं अनुसूची के मद संख्या 17 और मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 23(3) के प्रावधानों को आधार बनाया गया है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता को संबंधित पंचायत सचिव को मामले में प्रतिवादी के रूप में शामिल करने की अनुमति दी।

## बिहार में बाढ़ से 13 जिले प्रभावित

### सीएम सम्राट चौधरी एवं पूर्व सीएम नीतीश कुमार ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में बाढ़ की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। गुरुवार को आठ प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही थीं। गंगा, सोन, पुनपुन, कोसी, गंडक, बूढ़ी गंडक, बागमती और घाघरा नदियों में जल स्तर बढ़ गया है जिससे राज्य के कई हिस्सों में सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। बाढ़ से 13 जिले प्रभावित हुए हैं और कई क्षेत्रों में बढ़ते जलस्तर के कारण लोगों को व्यवधान का सामना करना पड़ रहा है। बिहार में कई जगहों पर गंगा का जलस्तर बढ़ गया है। जिस वजह से बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। ऐसे में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गंगा के बढ़ते जलस्तर का आज जायजा लिया और अधिकारियों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो एवं जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इससे पहले राज्यसभा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी पटना में गंगा के बढ़ते जलस्तर का जायजा लिया। जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने बताया कि पटना में गंगा का जलस्तर 2016 में रिकॉर्ड स्तर पर गया था लेकिन इस बार उस रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है। नेपाल में जिस प्रकार से तबाही मची है, अब वह पानी फैल रहा है लेकिन नदियों के बढ़ते जलस्तर के बावजूद सब कुछ नियंत्रण में है। संजय झा ने कहा कि नेपाल घटना के बाद मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी ने बहुत ही अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा कि बिहार की कई नदियों का जलस्तर नेपाल में आई बाढ़ के कारण बढ़ा हुआ है लेकिन चिंता की बात नहीं है।




### रेल मंत्री ने रेलवे सुरक्षा, तकनीकी और रखरखाव संबंधी कमियों के सुधार के दिए निर्देश

## निम्न गुणवत्ता वाली सामानों की आपूर्ति पर होगी सख्त कार्रवाई : अश्विनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को रेल भवन में एक विस्तृत सुरक्षा समीक्षा बैठक की। बैठक में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड के सदस्य, जोनल रेलवे के महाप्रबंधक, महानिदेशक एवं मंडल रेल प्रबंधक उपस्थित रहे। रेल मंत्री ने बैठक के दौरान सिग्नलिंग से संबंधित तकनीकी कमियों को मिशन मोड में दूर करने के निर्देश दिए। ओवरहेड इक्विपमेंट के संबंध में, जिन स्थानों पर कंपोनेंट्स की निर्धारित सेवा अवधि पूरी हो चुकी है, वहां उनके रखरखाव और प्रतिस्थापन के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। रेल मंत्री ने कोचों के रखरखाव, विशेषकर फायर सेफ्टी से संबंधित इलेक्ट्रिकल सर्किट एवं वायरिंग पर विशेष ध्यान देकर वर्कशॉप में मेंटेनेंस के स्तर को सुधारने के निर्देश दिए। रेल मंत्री ने वैगन और कोच के कपलर तथा पहियों के रखरखाव पर भी ध्यान देने को कहा। ट्रैक के रखरखाव के संबंध में पॉइंट मशीन, टर्नआउट और फास्टनर का उचित रखरखाव सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। जहां कहीं भी फास्टनर नहीं हैं वहां उन्हें लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में खराब गुणवत्ता वाली आपूर्ति के मामलों में कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। सिग्नलिंग एवं टेलीकम्युनिकेशन, ओएचइ, ट्रैक, कोच अथवा वैगन से संबंधित सामग्री की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर संबंधित सप्लायर के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। जान-बूझकर की गई लापरवाही के मामलों में संबंधित सप्लायर को स्थायी रूप से ब्लैकलिस्ट करने के भी निर्देश दिए गए। रेल मंत्री ने सभी अधिकारियों को जिला एवं राज्य प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर उन स्थानों पर अग्रिम तैयारियां करने को कहा जहां त्योहारों या मेलों के कारण अचानक यात्रियों की भीड़ बढ़ने की संभावना है ताकि वहां आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जा सकें।



# मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष ने किया आर्ट ऑफ लिविंग में बिहार महोत्सव का उद्घाटन

## बिहार की गौरवशाली विरासत को विश्व पटल तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग अंतरराष्ट्रीय आश्रम में बिहार महोत्सव-2026 का उद्घाटन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, मंत्री जमा खान और श्री रविशंकर की सहभागिता में हुआ। कार्यक्रम में बिहारवासियों और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर बिहार की गौरवशाली विरासत, संस्कृति, ज्ञान परंपरा और बदलते बिहार की विकास यात्रा को विश्व पटल पर पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया गया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार केवल भौगोलिक प्रदेश नहीं, बल्कि भारत की सभ्यता, संस्कृति, ज्ञान, दर्शन और लोकतांत्रिक मूल्यों की पावन भूमि है। पाटलिपुत्र की गौरवशाली परंपरा, सम्राट अशोक का शांति संदेश, भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली, भगवान महावीर की तपोभूमि तथा आर्यभट्ट और चाणक्य जैसी विभूतियां बिहार की समृद्ध विरासत का प्रमाण हैं। नालंदा और विक्रमशिला प्राचीन विश्व के प्रमुख ज्ञान केंद्र रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैशाली की धरती को प्राचीन गणराज्य की परंपरा का गौरव प्राप्त है। मधुबनी चित्रकला, मैथिली, भोजपुरी, मगही, अंगिका और बज्जिका जैसी भाषाएं, छठ महापर्व, लोकगीत एवं लोकनृत्य बिहार की जीवंत सांस्कृतिक पहचान हैं। भिखारी ठाकुर की लोकनाट्य परंपरा और महाकवि विद्यापति की रचनाएं इस विरासत को समृद्ध करती हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार आज विकास की नई यात्रा पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य को विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि श्री रविशंकर की उपस्थिति में आयोजित यह महोत्सव देश-दुनिया में रह रहे बिहारवासियों को अपनी मिट्टी और संस्कृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। आने वाली पीढ़ी को बिहार के इतिहास, महापुरुषों, कला और संस्कृति से परिचित कराना हम सभी का दायित्व है। बिहार की प्रतिभाशाली युवा शक्ति राज्य को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

### अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने 'श्रीकृष्ण जन्माष्टमी' की दी शुभकामनाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पावन पर्व 'श्रीकृष्ण जन्माष्टमी' की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए समस्त प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और सौहार्दपूर्ण जीवन की मंगलकामना की है। उन्होंने कहा कि यह पावन पर्व भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव समाज में धर्म की पुनर्स्थापना, अधर्म के विनाश और प्रेम-भक्ति का संदेश देता है। उनके अमर उपदेश (गीता ज्ञान) हमें जीवन के हर मोड़ पर सही मार्ग चुनने और अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर उपवास, रात्रि जागरण, भजन-कीर्तन और दही-हांडी जैसे पारंपरिक उत्सवों का आयोजन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की अमूल्य थाती है। यह पर्व हमें सदैव अधर्म के विरुद्ध डटकर खड़े होने तथा सत्य, न्याय और धर्म की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित होने की प्रेरणा प्रदान करता है।

# महिलाओं को रोजगार से जोड़कर परिवार को मजबूत करना सरकार का लक्ष्य : श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**शिवहर।** ग्रामीण विकास विभाग, सूचना एवं जन-संपर्क विभाग तथा जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने गुरुवार को शिवहर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण विकास, शिक्षा और महिला सशक्तीकरण से जुड़ी योजनाओं का उद्घाटन किया तथा लाभार्थियों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि जीविका ने ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और आर्थिक रूप से सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सरकार का उद्देश्य महिलाओं को कौशल, रोजगार और स्वरोजगार से जोड़कर परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करना है। अदौरी पंचायत में श्रवण कुमार ने 'जीविका दीदी का सिलाई घर' प्रशिक्षण-सह-उत्पादन केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यहां जीविका दीदियों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए पोशाक तैयार की जाएगी, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। इस अवसर पर पुरनहिया प्रखंड के 462 जीविका समूहों को बैंक ऋण संबद्धता के तहत 5 करोड़ 85 लाख 44 हजार 500 रुपये का डमी चेक प्रदान किया गया। श्रवण कुमार ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सपना बिहार को देश के पांच सर्वोच्च राज्यों में शामिल करना है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सरकार इस दिशा में काम कर रही है। वर्ष 2030 तक एक करोड़ रोजगार सृजित करने का लक्ष्य है और सभी जीविका दीदियों को काम के साथ सम्मान मिलेगा। उन्होंने भूमिहीन लाभार्थियों रीना देवी, मिश्र साह, निशा कुमारी, सती देवी सहित 8-10 लाभार्थियों को बासगीत पर्चा प्रदान किया। रणधीर कुमार, पिता सुरेंद्र सिंह, ध्रुपलाल ठाकुर, पिता तपेश्वर ठाकुर सहित पांच लाभार्थियों को वीबी-जी राम जी जॉब कार्ड भी दिए गए। पुरनहिया प्रखंड की बसंत जगजीवन पंचायत में नवनिर्मित 'श्री किशोर प्रभात पुस्तकालय' का उद्घाटन कर उन्होंने परिसर में पौधारोपण किया। विद्यालय की छात्राओं से संवाद कर उनकी शिक्षा तथा सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली। प्रभारी जिला पदाधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त संजय कुमार ने कहा कि सिलाई घर से शिवहर की जीविका दीदियों के हुनर को प्रोत्साहन मिलेगा और वे आत्मनिर्भर बनेंगी। उनके मार्गदर्शन में ऐसे और केंद्र खोले जाएंगे। शिवहर पहुंचने पर सर्किट हाउस में जिला प्रशासन की ओर से प्रभारी जिला पदाधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने श्रवण कुमार का स्वागत किया और पुलिस बल ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

# गंगा के जलस्तर को लेकर आठ जिलों में हाई अलर्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जल संसाधन विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार पटना के गांधी घाट पर गुरुवार रात और मोकामा के हाथीदह में शुक्रवार दोपहर गंगा का जलस्तर उच्चतम जलस्तर की सीमा पार कर सकता है। संभावित बाढ़ को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग ने भोजपुर, पटना, सारण, वैशाली, नालंदा, बेगूसराय, लखीसराय और जहानाबाद के नदी किनारे एवं निचले इलाकों में रहने वाले लोगों से पूर्ण सतर्कता बरतने की अपील की है। विभाग ने लोगों से नदी, घाट, तटबंध और जलभराव वाले क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से नहीं जाने तथा बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को ऐसे स्थानों से दूर रखने को कहा है। सुरक्षित स्थानों और राहत शिविरों की जानकारी रखने तथा जरूरत पड़ने पर तत्काल वहां पहुंचने की सलाह दी गई है। नदी में स्नान, तैराकी, नाव से अनावश्यक आवागमन और सेल्फी जैसी जोखिमपूर्ण गतिविधियों से बचने, आवश्यक दस्तावेज, दवाइयां, मोबाइल, टॉर्च, पानी व जरूरी सामान सुरक्षित रखने तथा अफवाहों पर ध्यान नहीं देने को कहा गया है। केवल प्रशासन की आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें और आपात स्थिति में राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र के सहायता नंबर 1070 पर सूचना दें।

# बाढ़ निरोधक कार्य पूरी मुस्तैदी और तत्परता से पूरा करें : विजय कुमार चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** उपमुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने गुरुवार को सिंचाई भवन स्थित जल संसाधन विभाग के कंट्रोल कमांड सेंटर का निरीक्षण किया और वरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर राज्य के विभिन्न जिलों में बाढ़ एवं कटाव से निपटने के लिए चल रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पुनपुन एवं दरधा नदियों के बढ़ते जलस्तर, भागलपुर के खरीक प्रखंड स्थित काजीकोरैया-राघोपुर बांध तथा कटाव प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे निरोधक कार्यों की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। विजय कुमार चौधरी ने संवेदनशील एवं कटाव प्रभावित क्षेत्रों में युद्धस्तर पर चल रहे बाढ़ निरोधक कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी कार्य पूरी मुस्तैदी और तत्परता के साथ कराए जाएं। उन्होंने संभावित बाढ़ एवं कटाव से होने वाली क्षति को समय रहते नियंत्रित करने और प्रभावित क्षेत्रों में आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विभाग के सचिव और अभियंताओं सहित पूरी टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में चल रहे बाढ़ निरोधक कार्यों पर लगातार नजर रखें और आवश्यकता के अनुसार तत्काल कार्रवाई करें। कंट्रोल कमांड सेंटर के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों की स्थिति की नियमित निगरानी करने तथा स्थानीय स्तर से प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल संज्ञान लेने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में जल संसाधन विभाग के संबंधित वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### राजकीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित शिक्षकों को टीचर्स ऑफ बिहार ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, नवाचार और समर्पण की मिसाल कायम करने वाले बिहार के राजकीय शिक्षक पुरस्कार-2026 के लिए चयनित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को टीचर्स ऑफ बिहार परिवार ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। शिक्षा विभाग द्वारा जारी सूची में राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित शिक्षकों को शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। टीचर्स ऑफ बिहार ने कहा कि यह सम्मान केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि विद्यालय, विद्यार्थियों और समाज के प्रति शिक्षकों की प्रतिबद्धता, मेहनत और उल्लेखनीय योगदान की पहचान है। चयनित शिक्षकों के नवाचारपूर्ण प्रयासों ने न केवल विद्यार्थियों के सीखने की प्रक्रिया को बेहतर बनाया है, बल्कि राज्य के अन्य शिक्षकों को भी प्रेरणा देने का कार्य किया है।

# तबीयत बिगड़ने पर जीतन राम मांझी दिल्ली भेजे गए, बुधवार को ही मिली थी अस्पताल से छुट्टी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी की तबीयत फिर बिगड़ने के बाद गुरुवार को उन्हें आगे के इलाज और जांच के लिए दिल्ली भेजा गया। हाल ही में तबीयत खराब होने पर उन्हें पटना के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत में सुधार के बाद बुधवार को उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी, लेकिन बुधवार देर रात उन्हें दोबारा बुखार आने की सूचना है। चिकित्सकीय सलाह के बाद आगे की जांच और उपचार के लिए उन्हें दिल्ली ले जाने का निर्णय लिया गया। यात्रा के दौरान परिवार के सदस्य उनके साथ रहे। दिल्ली में उनके कई चिकित्सकीय परीक्षण होने की संभावना है। स्वास्थ्य संबंधी परेशानी दोबारा उभरने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है। परिवार और पार्टी नेता जांच रिपोर्ट तथा चिकित्सकों की आगे की सलाह का इंतजार कर रहे हैं। मांझी की तबीयत को लेकर बिहार के राजनीतिक नेताओं और समर्थकों में चिंता है। हाल के दिनों में मांझी आरक्षण और अनुसूचित जाति कोटे में उप-वर्गीकरण के मुद्दे पर राजनीतिक रूप से सक्रिय रहे हैं। इस मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के साथ उनके सार्वजनिक रूप से अलग-अलग विचार सामने आए हैं। चिराग पासवान मौजूदा आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा के विरोध में रहे हैं जबकि मांझी और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा का तर्क है कि उप-वर्गीकरण से आरक्षण का लाभ उन समुदायों तक पहुंचाया जा सकता है जो अपेक्षाकृत अधिक वंचित हैं।

# सहकारी बैंकों की समस्याओं को लेकर अध्यक्षों की बैठक, अधिप्राप्ति मद में 72 घंटे में भुगतान की मांग

## सहकारी बैंकों में निर्वाचन समय पर नहीं होने के लिए बोर्ड को दोषी नहीं ठहराएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष रमेश चन्द्र चौबे की अध्यक्षता में आज राज्य के सभी जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों के अध्यक्षों के साथ बैठक हुई। इसमें बिहार राज्य सहकारिता नीति-2026 अधिप्राप्ति मद में आ रही कठिनाइयों, वित्तीय हानि तथा बैंकों से जुड़े अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बिहार राज्य सहकारिता नीति-2026 से संबंधित सुझावों में सभी सहकारी संस्थाओं में डेलिगेट सिस्टम लागू करने, सदस्यता राशि 100 रुपये तथा एक हिस्से का मूल्य 1000 रुपये निर्धारित करने की मांग की गई। समिति में अगर निर्वाचन 50 प्रतिशत हो जाए तो उसे भंग नहीं करने, बल्कि निर्वाचित सदस्यों के 50 से अधिक प्रतिशत की सहमति से निर्णय लेने का सुझाव दिया गया। निर्वाचन समय पर नहीं होने के कारण बोर्ड को दोषी नहीं मानने तथा कृषि से जुड़े मामलों में शीर्ष संस्था से संबंधित सहकारी संस्था के प्रतिनिधि को नामित करने की व्यवस्था की मांग भी उठाई गई।

बैठक में जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों में पदाधिकारियों का गोपनीय प्रतिवेदन अध्यक्ष द्वारा दिए जाने और पूर्व में निर्गत पत्र को वापस लेने का सुझाव दिया गया।

जिले की सभी प्राथमिक सहकारी समितियों तथा उनके सदस्यों के लिए जिला केंद्रीय सहकारी बैंक में अनिवार्य अथवा प्राथमिक रूप से खाता खोलने और वित्तीय लेनदेन के लिए स्पष्ट निर्देश जारी करने की मांग की गई।

# 278 प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवनों का निर्माण प्रगति पर, गुणवत्ता पर विशेष ध्यान

## भवन निर्माण सचिव प्रणव कुमार ने की समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार में प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने के लिए भवन निर्माण विभाग के स्तर से प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। राज्य के 240 प्रखंडों में केवल कार्यालय भवन और 59 प्रखंडों में कार्यालय के साथ आवासीय परिसर का निर्माण किया जा रहा है। इनमें से 278 भवनों का कार्य वर्तमान में प्रगति पर है। सबसे अधिक गया भवन प्रमंडल में 14, छपरा में 13, बेगूसराय में 12, भागलपुर एवं मोतिहारी में 11-11, जबकि आरा, बेतिया, दरभंगा, मधुबनी और पूर्णिया में 10-10 भवनों का निर्माण चल रहा है। विभिन्न स्थलों पर कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। आरा सदर में शटरिंग एवं रिइंफोर्समेंट, कोईलवर में भूतल के कॉलम की ढलाई तथा तेघड़ा एवं बरौनी में भूतल और प्रथम तल की छत ढलाई का कार्य हो रहा है। मंसूरचक, बखरी एवं साहेबपुर कमाल में फाउंडेशन पूरा कर आवासीय ब्लॉक ए, बी और सी के कॉलम कास्टिंग का काम जारी है। अररिया सदर और रानीगंज में स्लैब कास्टिंग पूरी हो चुकी है। गोपालगंज के बरौली में तृतीय तल की छत ढलाई पूर्ण हो गई है जबकि भोरे प्रखंड में मुख्य भवन एवं आवासीय क्वार्टरों (टाइप ए, बी, सी, डी) का 40 प्रतिशत निर्माण पूरा किया जा चुका है।

# केवाइपी आंदोलन: वार्ता सकारात्मक, पर लिखित आदेश नहीं, 1700 केंद्रों की बहाली तक अनशन पर अड़े संचालक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** केवाईपी केंद्रों के रिन्यूवल, नामांकन-प्रशिक्षण बहाल करने और करीब आठ माह से लंबित भुगतान की मांग को लेकर गर्दनीबाग में चल रहा केवाईपी बचाओ महाआंदोलन गुरुवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। सामूहिक भूख हड़ताल पर बैठे केंद्र संचालकों ने स्पष्ट कर दिया कि बिहार के करीब 1700 केवाईपी केंद्रों पर पूर्ववत प्रशिक्षण शुरू करने का लिखित आदेश मिलने तक अनशन जारी रहेगा। आंदोलन के बीच गुरुवार को केंद्र संचालकों के प्रतिनिधिमंडल की विभागीय अधिकारियों के साथ वार्ता हुई। संचालकों के मुताबिक वार्ता में मांगों को लेकर सकारात्मक बातचीत हुई और समाधान की उम्मीद बनी। हालांकि वार्ता के बाद भी संबंधित आदेश की लिखित चिट्ठी जारी नहीं होने से आंदोलनकारी अपने रुख पर कायम हैं। धरना स्थल पर मौजूद केंद्र संचालकों ने कहा कि अब केवल आश्वासन के आधार पर आंदोलन वापस नहीं लिया जाएगा। उनका कहना है कि कई महीनों से केवाईपी केंद्रों पर नामांकन एवं प्रशिक्षण बंद होने से हजारों युवाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संचालकों ने कहा कि करीब 10 वर्षों से संचालित केवाईपी केंद्रों में आवश्यक आधारभूत संरचना पहले से मौजूद है। ऐसे में पुराने केंद्रों का रिन्यूवल करने के बजाय नए टेंडर की प्रक्रिया शुरू करना स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने पुराने केंद्रों का रिन्यूवल कर इन्हीं केंद्रों पर तत्काल प्रशिक्षण बहाल करने की मांग की। आंदोलनकारियों ने सरकार से 1700 केवाईपी केंद्रों पर प्रशिक्षण बहाली का लिखित आदेश, पुराने केंद्रों का रिन्यूवल, नए टेंडर पर रोक और आठ माह से लंबित भुगतान जारी करने की मांग की है।

# 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली का लाभ लगातार जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार में घरेलू उपभोक्ताओं को जुलाई 2025 से प्रत्येक माह 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जा रही है। विभाग के अनुसार उपभोक्ताओं से अप्रैल 2020 से मीटर किराया नहीं लिया जा रहा है। स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं का मासिक बिजली बिल संबंधित माह में हुई बिजली खपत और दर्ज अधिकतम भार के आधार पर अगले माह की एक से दो तारीख के बीच तैयार किया जाता है। यदि किसी घरेलू उपभोक्ता की खपत 125 यूनिट से अधिक होती है तो केवल अतिरिक्त यूनिट पर ही निर्धारित ऊर्जा शुल्क और उस पर विद्युत कर के साथ दर्ज अधिकतम भार के अनुसार स्थिर शुल्क देय होता है। यानी 125 यूनिट तक की बिजली मुफ्त रहती है। उदाहरण के तौर पर किसी शहरी स्मार्ट मीटर घरेलू उपभोक्ता की मासिक खपत 200 यूनिट और दर्ज भार दो किलोवाट है। ऐसे में 125 यूनिट से अधिक 75 यूनिट के लिए ऊर्जा शुल्क 537.75 रुपये (75 गुणे 7.17 रुपये) होगा। इस पर छह प्रतिशत विद्युत कर 32.27 रुपये तथा दो किलोवाट के लिए स्थिर शुल्क 160 रुपये देय होगा।

# नियमों की जटिलता आसान बनाएगी सेवा यात्रा संगिनी, सुनिश्चित होगा नैसर्गिक न्याय : मुख्य सचिव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग के मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय की ओर से प्रकाशित सेवा यात्रा संगिनी पुस्तक अनुशासनिक कार्रवाई संबंधी नियमों की जटिलता को आसान बनाएगी। साथ ही सरकारी सेवकों के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई में नैसर्गिक न्याय सुनिश्चित होगा। मुख्य सचिव गुरुवार को मुख्य सचिवालय के सभागार में बिहार सरकार के सरकारी सेवकों के लिए प्रकाशित निदेशालय की सेवा यात्रा संगिनी पुस्तक का विमोचन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में नियम-पुस्तिकाओं और संबंधित धाराओं की समय पर उपलब्धता न होने से अक्सर बाधाएं आती है। निदेशालय और मुख्य रूप से निदेशालय के महानिदेशक-सह मुख्य जांच आयुक्त दीपक कुमार सिंह का यह प्रयास सरकारी कर्मियों के ज्ञान और क्षमता वर्धन में बेहद मददगार सिद्ध होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि पुस्तक की सॉफ्ट कॉपी सभी विभागों को उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे अपनी आवश्यकतानुसार इसकी प्रतियां मुद्रित कराकर कर्मियों तक पहुंचा सके। कार्यक्रम में महानिदेशक-सह मुख्य जांच आयुक्त दीपक कुमार सिंह ने कहा कि मुख्य जांच आयुक्त के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के बाद महसूस हुआ कि सरकारी सेवकों के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाइयों में अक्सर गलतियां होती हैं। पदाधिकारी और कर्मियों को प्रशिक्षण की बहुत आवश्यकता है। इस आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए निदेशालय ने निर्णय लिया कि बिहार सरकारी सेवक वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील (सीसीए) नियमावली 2005 की सभी नियमावली को समेकित करते हुए विभागों को उपलब्ध कराया जाय। जीएडी की ओर से अभी तक संबंधित सात पुस्तकों का प्रकाशन हो चुका है। उन्होंने कहा कि सेवा यात्रा संगिनी आठवीं पुस्तक है और इसे अनुशासनिक कार्रवाई और सेवा संबंधी नियमों की सुलभ समझ के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

# उर्वरक बिक्री व्यवस्था को डिजिटल कर किसान केंद्रित बनाना है सरकार का लक्ष्य : विजय सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार के कृषि विभाग ने किसानों के हित में बड़ा कदम उठाया है। 'खेत बचाओ, गुणवत्तायुक्त बीज और खाद सुलभ कराओ' अभियान के तहत 1 सितंबर से राज्य के 19 जिलों में उर्वरक बिक्री व्यवस्था पूरी तरह डिजिटल कर दी गई है। विभाग का कहना है कि व्यवस्था पारदर्शी होने से किसानों को कालाबाजारी से राहत मिलेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने गुरुवार को कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर किसान को समय पर और उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक मिले। डिजिटल बिक्री व्यवस्था से पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और कालाबाजारी पर पूरी तरह रोक लगेगी। इससे उर्वरक की उपलब्धता से लेकर बिक्री तक, हर स्तर पर निगरानी आसान होगी और किसानों को बिचौलियों से मुक्ति मिलेगी। कृषि मंत्री ने बताया कि उर्वरक बिक्री व्यवस्था को डिजिटल और किसान-केंद्रित बनाने के लिए विभाग ने एफएसएएस के माध्यम से ऑनलाइन व्यवस्था विकसित की है। आईएफएमएस और एग्रीस्टैक के एकीकरण से उर्वरक की खरीद-बिक्री प्रक्रिया को अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी और जवाबदेह बनाया गया है।

# प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमिटी ने 26 औद्योगिक परियोजनाओं को दी मंजूरी

## 505.27 करोड़ के प्रस्तावित निवेश से लगभग 5,000 रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार की प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमिटी की बैठक में 26 औद्योगिक परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई। इन परियोजनाओं के लिए लगभग 33.08 एकड़ औद्योगिक भूमि के आवंटन को भी स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत परियोजनाओं में लगभग 505.27 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव है जिससे लगभग 5,000 रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है।

उद्योग विभाग के सचिव सह प्रबंध निदेशक, बियाडा एवं आएडा कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राज्य में औद्योगिक निवेश, नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना तथा औद्योगिक क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों पर विचार किया गया। बैठक में उद्योगों की शीघ्र स्थापना एवं संचालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्लग एंड प्ले शेड्स के आवंटन से संबंधित प्रस्तावों को भी मंजूरी प्रदान की गई। स्वीकृत परियोजनाएं खाद्य प्रसंस्करण, टेक्सटाइल, लेदर गारमेंट्स, बैग एवं बेल्ट निर्माण, पशु आहार और सामान्य विनिर्माण सहित विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित हैं। इन परियोजनाओं से राज्य के औद्योगिक आधार के विस्तार के साथ स्थानीय संसाधनों एवं मानव संसाधन के उपयोग को बढ़ावा मिलने की संभावना है। स्वीकृत औद्योगिक इकाइयों की स्थापना राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में प्रस्तावित है। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि बिहार में औद्योगिक निवेश में निरंतर वृद्धि राज्य की उद्योग-अनुकूल नीतियों और निवेशकों के बढ़ते विश्वास को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि नई परियोजनाओं की स्वीकृति से राज्य में विनिर्माण गतिविधियों के विस्तार के साथ रोजगार और कौशल विकास के अवसरों में वृद्धि होगी।

# धूमधाम से मनेगी जन्माष्टमी, 24 घंटे होगा नाम संकीर्तन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** गर्दनीबाग स्थित ठाकुरबाड़ी में इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने बताया कि जन्माष्टमी समारोह को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। समारोह का शुभारंभ प्रातः 8 बजे से होगा। प्रो. रणबीर नंदन ने बताया कि सुबह 8 बजे से लगातार 24 घंटे तक नाम संकीर्तन और जप का आयोजन किया जाएगा। गौरतलब है कि इस अखंड नाम संकीर्तन का संकल्प स्वयं प्रो. रणबीर नंदन लेंगे। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के नाम का जाप और भजन-कीर्तन करेंगे। इस संबंध में प्रो नंदन ने बताया कि ने रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव विधि-विधान और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। जन्म के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान होंगे। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### नई दिल्ली और दानापुर के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उनकी सुविधा के मद्देनजर दिल्ली-अलीगढ़-गोविंदपुरी (कानपुर)-प्रयागराज -डीडीयू के रास्ते नई दिल्ली और दानापुर के मध्य एक स्पेशल ट्रेन 04090/04089 का परिचालन किया जाएगा। गाड़ी सं. 04090 नई दिल्ली-दानापुर स्पेशल दिनांक 04.09.2026 से 25.09.2026 तक प्रत्येक शुक्रवार को तथा गाड़ी सं. 04089 दानापुर-नई दिल्ली स्पेशल 5.09.2026 से 26.09.2026 तक प्रत्येक शनिवार को परिचालित की जाएगी।

# पुरी-पटना-पुरी एक्सप्रेस का परिचालन, सुरक्षित और आरामदायक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** यात्रियों को और भी सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा मुहैया कराने के उद्देश्य से पटना और पुरी के मध्य चलने वाली गाड़ी सं. 18405/18406 पुरी-पटना-पुरी एक्सप्रेस का परिचालन पारंपरिक आईसीएफ कोच के बदले अत्याधुनिक एलएचबी कोच से किया जाएगा। पुरी से यह 5.09.2026 से तथा पटना से 6.09.2026 से प्रभावी होगा। एलएचबी कोच यात्रियों को अपेक्षाकृत अधिक आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान कराता है। स्टेनलेस स्टील से निर्मित बेहतर आंतरिक सज्जा युक्त उच्च गति क्षमता वाले अत्याधुनिक एलएचबी कोच पारंपरिक कोच की तुलना में वजन में हल्के और मजबूत होते हैं। कोचों में आधुनिक सीबीसी कपलिंग लगे होने से संरक्षा में वृद्धि होती है। एंटी क्लाइम्बिंग विशेषताएं दुर्घटनाओं के दौरान उन्हें एक-दूसरे पर चढ़ने से रोकती हैं। कोच बेहतर ब्रेकिंग सिस्टम व सस्पेंशन के साथ-साथ बेहतर आंतरिक सज्जा व शौचालय युक्त होते हैं। फलस्वरूप एलएचबी कोच युक्त ट्रेनों से यात्रा अपेक्षाकृत अधिक संरक्षित, सुरक्षित व आरामदायक होती है।

# सोन नदी के जलस्तर में कमी, बाढ़ प्रभावित गांवों में घट रहा पानी

## 24 घंटे में 97 हजार क्यूसेक पानी की कमी, प्रशासन अब भी अलर्ट, तटीय क्षेत्रों में अधिकारी तैनात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** सोन नदी के जलस्तर में गुरुवार को कमी दर्ज किए जाने से बाढ़ प्रभावित गांवों के लोगों ने राहत की सांस ली है। पिछले 24 घंटे में सोन नदी के प्रवाह में करीब 97 हजार क्यूसेक की कमी आई है जिससे तटीय इलाकों में जमा बाढ़ का पानी भी धीरे-धीरे कम होने लगा है। हालांकि प्रशासन ने अभी भी हाई अलर्ट जारी रखा है और तटीय क्षेत्रों में अधिकारियों की तैनाती कर लगातार निगरानी की जा रही है। जल संसाधन विभाग के अनुसार सोन के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र झारखंड, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में बारिश के कारण नदी में पानी का दबाव बना हुआ है। गुरुवार की सुबह से पानी के आवक में कमी दर्ज की गई। शाम पांच बजे इंद्रपुरी बराज से 4,36,008 क्यूसेक पानी सोन नदी में छोड़ा गया। वहीं, झारखंड के भीम बराज से शाम चार बजे करीब 20,925 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। उत्तर प्रदेश के रिहंद जलाशय और मध्य प्रदेश के बाणसागर से भी पानी छोड़े जाने का सिलसिला जारी है। इसके कारण सोन नदी के जलस्तर पर प्रभाव बना हुआ है। अधिकारियों ने अगले 24 से 48 घंटे को चुनौतीपूर्ण बताया है।

**दो गेज स्टेशनों पर खतरे के निशान से ऊपर जलस्तर**

मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह के अनुसार सोन नदी पर स्थित केंद्रीय जल आयोग के विभिन्न गेज स्टेशनों पर जलस्तर की लगातार निगरानी की जा रही है। जिले के यदुनाथपुर में जलस्तर खतरे के निशान से 98 सेंटीमीटर और बंजारी में 64 सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया है। उन्होंने बताया कि चुरहट और निवारी में बाणसागर के जलग्रहण का, जबकि चोपन और निगाई में रिहंद डैम के जलग्रहण का प्रभाव देखा जा रहा है।

**पश्चिमी संयोजक नहर में पानी की आपूर्ति शुरू**

सोन नदी के जलस्तर में कमी के बीच पश्चिमी संयोजक नहर में गुरुवार से 4,916 क्यूसेक पानी की आपूर्ति शुरू कर दी गई है। हालांकि पूर्वी संयोजक नहर में अभी पानी की आपूर्ति बंद है। इंद्रपुरी बराज की स्थिति पर अधिकारी 24 घंटे निगरानी रख रहे हैं। प्रशासन ने सोन तटीय क्षेत्रों के लोगों से सतर्क रहने और नदी के आसपास अनावश्यक रूप से नहीं जाने की अपील की है। जलस्तर में कमी के बावजूद ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों से आने वाले पानी को देखते हुए प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

# एसपी से मिला अभिनव कला संगम परिवार का प्रतिनिधिमंडल, सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** अभिनव कला संगम परिवार के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को रोहतास के नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान संस्था की सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों तथा भविष्य में जनजागरूकता के क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने एसपी को बताया कि अभिनव कला संगम परिवार वर्षों से कला, संस्कृति और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। संस्था की ओर से प्रत्येक वर्ष नाटक, सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध नुक्कड़ नाटक और विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। संस्था का उद्देश्य कला एवं संस्कृति के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचाने के साथ दहेज प्रथा, बाल विवाह, नशाखोरी सहित विभिन्न सामाजिक कुरीतियों और ज्वलंत मुद्दों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इसके अलावा सरकार की ओर से आमजन के हित में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। संस्था के निदेशक संजय सिंह बाला ने नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं के आपसी सहयोग से जिले में सामाजिक जागरूकता, जनभागीदारी, सामाजिक सौहार्द और जनहित के कार्यों को और मजबूती मिल सकती है। संस्था के सचिव नंदन कुमार ने पिछले कई वर्षों की गतिविधियों से संबंधित फाइल, कार्यक्रमों के दस्तावेज और पुराने कार्यक्रमों के फोटोग्राफ्स एसपी को दिखाए। उन्होंने संस्था की ओर से आयोजित विभिन्न नाटकों, नुक्कड़ नाटकों एवं जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी भी दी।

# वर्षा के कारण जलस्तर बढ़ने से जनजीवन अस्त-व्यस्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** लगातार हो रही बारिश और नदियों के बढ़ते जलस्तर के कारण आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। अनुमंडल मुख्यालय बिक्रमगंज में स्थिति सबसे अधिक चिंताजनक बनी हुई है जहां नदी का पानी बढ़कर अब बिक्रमगंज-डिहरी मुख्य सड़क के करीब पहुंच गया है जिससे उस क्षेत्र में रह रहे लोगों को अपने आवास में जीवन यापन बाधित हो रहा है और स्थानीय लोगों में दहशत है। वहीं सूर्यपुरा प्रखंड के नारायणपुर गांव में पानी खतरे के निशान से ऊपर पहुंच चुका है जिसके कारण किसानों के बीच सबसे ज्यादा चिंता बनी हुई है और लोग समस्या को झेलने के लिए मजबूर हैं। अन्य प्रखंडों में भी हालात कमोवेश वैसे ही हैं, काराकाट प्रखंड में गोडारी और नाद के बीच मुख्य मार्ग पर पानी भरने से सड़क संपर्क टूट गया है। बिक्रमगंज और राजपुर प्रखंड के बीच का मार्ग भी अब खतरे के निशान से बेहद करीब है। वहीं दिनारा प्रखंड में सड़क के दक्षिणी छोर से लेकर बलदेव उच्च विद्यालय तक पानी का तेज बहाव देखा जा रहा है। दावथ प्रखंड में नालियां जवाब दे गई हैं और नाले लबालब भर चुके हैं जिससे बरसात का पानी सड़कों पर जमा होने का खतरा बढ़ गया है तो वहीं वार्ड नंबर 7 में एक महादलित परिवार दो ओर से पानी से घीर चुका है। यही स्थिति संझौली सहित अन्य प्रखंड क्षेत्रों में भी बनी हुई है। हालांकि प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर है, अनुमंडल पदाधिकारी के स्तर से काराकाट और नासरीगंज प्रखंड के सोन नदी के तटीय इलाकों का निरीक्षण किया जा चुका है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए उच्च स्तरीय बैठक भी की गई है ताकि समय रहते राहत और बचाव कार्य शुरू किया जा सके।

# नई दिशा परिवार के तत्वाधान में आयोजित समारोह में 31 गुरुओं का सम्मान स्मरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भारत अपनी महान ज्ञान-परंपरा के कारण ही विश्व-गुरु था। वह इसलिए था कि यह देश ज्ञान और आध्यात्मिक-चिंतन में शीर्ष पर था। विश्वविद्यालय की अवधारणा भारत की देन है। शिक्षक ही छात्र-छात्राओं को गढ़ते हैं और उन्हें समाज के मूल्यवान नागरिक बनाते हैं। नया समाज गढ़ने वाले ऐसे शिक्षकों का सम्मान, वस्तुतः भारत की महान परंपरा और संस्कृति का ही समादर है। चरित्रवान और गुणी शिक्षक ही चरित्रवान और गुणवान नागरिक तैयार कर सकते हैं। ये बातें गुरुवार को पटनासिटी की सांस्कृतिक-संस्था 'नई दिशा परिवार' के तत्वाधान में महेंद्रू स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के सभागार में आयोजित शिक्षक-सम्मान-समारोह का उद्घाटन करते हुए बिहार के कला एवं संस्कृति मंत्री प्रमोद कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि यदि परमहंस रामकृष्ण न होते तो नरेंद्र, स्वामी विवेकानन्द नहीं होते।

# लखनऊ में बसपा की राष्ट्रीय बैठक, बिहार प्रभारी संतोष कुमार शामिल

## यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर मायावती ने बनाई रणनीति, बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय बैठक लखनऊ में आयोजित हुई जिसमें बिहार प्रदेश के स्टेट प्रभारी एवं लोकसभा प्रत्याशी संतोष कुमार ने भाग लिया। बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत करने, जनहित के मुद्दों को लेकर जनता के बीच सक्रियता बढ़ाने तथा आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के बाद संतोष कुमार ने बताया कि बसपा सुप्रीमो एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने पार्टी को मजबूत करने के लिए व्यापक रणनीति पर चर्चा की। विशेष रूप से वर्ष 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन की तैयारियों की समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने देश के विभिन्न राज्यों से आए पार्टी नेताओं से बारी-बारी से संगठन एवं राजनीतिक गतिविधियों की समीक्षा रिपोर्ट ली। मायावती ने नेताओं और कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा जनहित के मुद्दों पर लगातार काम करने का आह्वान किया। उन्होंने सभी समुदायों के उत्थान के लिए संगठन को मजबूत बनाए रखने की बात कही। संतोष कुमार के अनुसार बैठक में बिहार में भी बसपा के संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा पार्टी की गतिविधियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने पर चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं से अफवाहों से बचने और पार्टी की नीतियों को जनता के बीच सही तरीके से रखने का आह्वान किया गया।

# विक्रमगंज में संत रविदास समरसता संकल्प अभियान आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के तत्वावधान में गुरुवार को विक्रमगंज प्रखंड के मानी पंचायत भवन में श्री गुरु संत रविदास समरसता संकल्प अभियान का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं श्रद्धांजलि देकर किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार गौतम ने कहा कि यह दलित, वंचित और दबे-कुचले वर्ग के लिए सुनहरा अवसर है। सरकार खुद चलकर आपके दरवाजे पर आई है, आप अपनी सभी समस्याओं को खुलकर बताएं जिसका ऑन द स्पॉट निष्पादन करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आप सभी के उत्थान से ही समाज में सच्ची सामाजिक समरसता आएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला बीस सूत्री सदस्य नवीन चंद्र शाह ने संत रविदास के जीवन चरित्र, उनके समता, बंधुत्व और मानवता के संदेश पर विस्तार से प्रकाश डाला और युवाओं से उनसे प्रेरणा लेने की अपील की। साथ ही बताया कि इस वर्ष उनकी 650वीं जयंती मनाई जा रही है। कार्यक्रम में प्रखंड कार्यक्रम प्राधिकारी अमरेंद्र कुमार, आरओ विजेंद्र तिवारी, पंचायत सचिव अमीर आलम, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. रामविलास चौधरी, किसान सलाहकार कमलेश भारती, राजस्व कर्मचारी जितेंद्र कुमार, विकास मित्र कंचन कुमारी, श्रम परिवर्तन पदाधिकारी रितेश कुमार, सरपंच अनिल कुमार सिंह सहित महादलित परिवार से रामचंद्र नटराज, सोना देवी, सिमरिया कुंवर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। अंत में मुखिया ने सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों का धन्यवाद ज्ञापन किया और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान तथा बाबा रविदास महाराज की जय के उद्घोष के साथ किया गया।

# सोनालीका ने 12581 की ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** सोनालीका ट्रैक्टर्स ने अगस्त की अपनी अब तक की सर्वाधिक 12581 कुल ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज करते हुए वित्त वर्ष 2027 में अपनी जबरदस्त रफ्तार बनाए रखी है। यह उपलब्धि उद्योग की वृद्धि के मुकाबले शानदार 1.9 एक्स वृद्धि से प्रेरित है जो दुनिया के सबसे बड़े ट्रैक्टर बाजार भारत में प्रमुख कंपनियों के बीच सोनालीका की मजबूत स्थिति को भी दर्शाता है। रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने कहा कि हम अगस्त में अब तक की सर्वाधिक 12581 कुल ट्रैक्टरों की बिक्री करके बहुत उत्साहित हैं जिसमें हमने उद्योग की वृद्धि को शानदार 1.9 एक्स वृद्धि से पीछे छोड़ दिया है। साथ ही हमने 18067 ट्रैक्टरों के उत्पादन का अब तक का सबसे बड़ा मासिक रिकॉर्ड भी बनाया है जो हमारी पूरी वैल्यू चेन में बने मजबूत तालमेल को दर्शाता है। अपनी नई गोल्ड सीरीज के ट्रैक्टरों के साथ हर किसान की उम्मीदों को पूरा करने और त्योहारों के इस शानदार मौसम को किसानों की ज्यादा खुशहाली में बदलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# संदिग्ध महिला को दुकानदारों ने पकड़ किया पुलिस के हवाले



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकबरपुर (रोहतास)।** रोहतास नगर पंचायत बाजार क्षेत्र में पिछले कुछ समय से लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से परेशान स्थानीय दुकानदारों और निवासियों ने गुरुवार को एक संदिग्ध महिला को रंगे हाथों पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इस घटना के बाद से बाजार में हड़कंप का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाजार में आए दिन हो रही चोरी की वारदातों को देखते हुए स्थानीय व्यापारी और नागरिक पहले से ही पूरी तरह सतर्क थे। गुरुवार को बाजार क्षेत्र में एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में घूमती हुई दिखाई दी। उसकी गतिविधियों पर संदेह होने पर आसपास के दुकानदारों ने उस पर नजर रखी और थोड़ी ही देर में उसे रोककर पूछताछ शुरू कर दी। महिला के असंतोषजनक जवाब देने पर लोगों ने तुरंत रोहतास थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही रोहतास थाना पुलिस की टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंची। पुलिस ने संदिग्ध महिला को अपनी हिरासत में लिया और गहन पूछताछ के लिए थाने ले आई। मामले की पुष्टि करते हुए रोहतास थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि स्थानीय लोगों की सूचना के आधार पर एक संदिग्ध महिला को थाने लाया गया है। महिला से चोरी की हालिया घटनाओं और उसकी गतिविधियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# निःशुल्क पाठशाला के तीन विद्यार्थियों को मिली साइकिल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तिलौथू (रोहतास)।** जन्मदिन पर उपहार लेना और खुशियां मनाना आम बात है, लेकिन अपनी खुशी को जरूरतमंद बच्चों की मुस्कान से जोड़ना समाज के लिए प्रेरणादायक पहल है। इसी सोच के साथ सामाजिक कार्यकर्ता एवं निःशुल्क पाठशाला के संचालक व पत्रकार सत्यानंद कुमार ने अपने जन्मदिन के अवसर पर पाठशाला के तीन विद्यार्थियों को साइकिल भेंट की। इस दौरान बसडीहा निवासी नित्यम कुमार, तिलौथू टोला की सिमरन कुमारी तथा फारगंज, सरैया की नेहा ज्योति उर्फ सलोनी कुमारी को साइकिल प्रदान की गई। साइकिल मिलने के बाद तीनों विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। बताया गया कि तिलौथू प्रखंड में वर्तमान में 16 निःशुल्क पाठशालाएं संचालित हैं जिनमें करीब 500 बच्चे अध्ययनरत हैं। इन्हीं विद्यार्थियों में से तीन बच्चों को जन्मदिन के अवसर पर उपहार स्वरूप साइकिल दी गई।

# दरभंगा के सांसद ने महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग के साथ की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर ने मुख्यालय हाजीपुर में महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग के साथ बैठक की। बैठक में दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र से जुड़ी रेल विकास परियोजनाओं, यात्री सुविधा एवं अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत क्षेत्र के स्टेशनों के पुनर्विकास सहित जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गयी।

# जदयू जिलाध्यक्ष ने पार्टी की जिला कार्यकारिणी की सूची जारी की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सासाराम।** जनता दल यूनाईटेड रोहतास के जिला अध्यक्ष बिंदा चंद्रवंशी के द्वारा जनता दल यूनाइटेड रोहतास के जिला कार्यकारिणी की सूची जारी की गई। प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा द्वारा अनुमोदित इस सूची में कुल 31 उपाध्यक्ष 39 महासचिव 36 सचिव और 27 कार्यकारिणी सदस्य हैं साथ ही विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में विधायक एवं पूर्व सांसद तथा पूर्व विधायक जिले से प्रदेश के मनोनीत विभिन्न आयोग के सदस्य गण तथा जिले के प्रदेश के नेता तथा पदाधिकारी गण सम्मिलित हैं। इस कमेटी में सामान्य जाति के 32 पिछड़ा वर्ग के 51 अति पिछड़ा वर्ग के 30 अल्पसंख्यक वर्ग के 7 एससीएसटी समुदाय के एस सी वर्ग के 13, 01 सिख और 16 महिला सदस्य हैं। मौके पर जिला अध्यक्ष बिंदा चंद्रवंशी ने कहा कि नव मनोनीत सभी पदाधिकारी नीतीश कुमार तथा जनता दल यूनाइटेड के सिद्धांतों एवं नीतियों में आस्था और विश्वास रखने वाले हैं यह सभी पार्टी तथा प्रदेश के विकास के लिए निरंतर निष्ठा के साथ कार्य करेंगे और पार्टी तथा प्रदेश को मजबूत करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने किया कार्यक्रमों का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हाजीपुर।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हाजीपुर के द्वारा राजभाषा पखवाड़ा-2026 का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसका विषयः हमारी हिंदी- चुनौतियां एवं समाधान था। इसमें ख्याति प्राप्त साहित्यकार डॉ. संजय पंकज ने विस्तार से बताया कि हमारी हिंदी कैसे तमाम अवरोधों का मुकाबला करते निरंतर आगे बढ़ रही है। इस आयोजन में नराकास, हाजीपुर के सदस्य सचिव व राजभाषा अधिकारी अनिल कुमार शर्मा ने हाथ से हाथ मिला कर राजभाषा हिंदी को आगे बढ़ाने और मजबूत करने का आह्वान किया। गौरतलब है कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हाजीपुर का अध्यक्षीय कार्यालय पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय, हाजीपुर है और इसके अध्यक्ष महाप्रबंधक हैं। नराकास के सदस्य कार्यालयों के प्रतिनिधिगण यथा अरविंद मिश्रा, राजभाषा अधिकारी नंदन दास, कनि.अनुवादक, नाईपर, रंजीत पासवान, राजभाषा अधिकारी, एल.आई.सी. तथा अध्यक्षीय कार्यालय से राजकिशोर सिंह, वरि. अनुवादक आदि द्वारा भी विषय प्रस्तुति रोचक एवं गंभीर ढंग से किया गया। राजीव रंजन सिन्हा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया। इसके सदस्यों में हाजीपुर शहर के केन्द्रीय सरकार के कार्यालय, बैंक, उपक्रम आदि हैं। इन कार्यक्रमों में इनके प्रतिनिधि भारी संख्या में उपस्थित रहे। आगामी 21 सितंबर को काव्य गोष्ठी व 22 सितंबर को वाक प्रतियोगिता का आयोजन सदस्य कार्यालयों के लिए किया जाएगा। राजभाषा पखवाड़ा-2026 के तहत कल 02/09/26 को हिंदी कार्यशाला का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में तीन ज्वलंत विषयों यथा-भाषा का सरल, शुद्ध एवं प्रभावी प्रयोग, राजभाषा नीति एवं प्रतिवेदन तथा 'कार्यालयी हिंदी के व्यावहारिक पक्ष' पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन उप-महाप्रबंधक/ राजभाषा केशव त्रिपाठी ने किया।

# दशहरा मेला में बिहार के उद्यमियों को सशक्त बनाने पर मंथन, सरकारी योजनाओं और वित्तीय सहायता की दी गई जानकारी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के उद्यमियों, विशेषकर महिला उद्यमियों और गृहणियों को आत्मनिर्भर बनाने तथा उन्हें सरकारी योजनाओं, वित्तीय सहायता, नवाचार आधारित व्यवसाय और बाजार की संभावनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से बिहार महिला उद्योग संघ की ओर से दशहरा मेला में 'बिहार के उद्यमियों का सशक्तीकरण : सरकारी सहयोग, वित्तीय सहायता, नव उद्यम के अवसर एवं घरेलू व्यवसाय' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। ज्ञान भवन के प्रथम तल पर आयोजित इस संगोष्ठी में सरकारी विभागों, बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थाओं, उद्योग जगत और नव उद्यम क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने उद्यमिता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ साधना झा ने किया और इस कार्यक्रम में एमएसएमई डीएफओ की श्रीमती स्वेता ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए उपलब्ध सरकारी योजनाओं और सहायता की जानकारी देते हुए कहा कि छोटे उद्यमियों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपने व्यवसाय को विस्तार देने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि सही जानकारी और मार्गदर्शन के साथ छोटे व्यवसाय भी बड़े उद्यम का रूप ले सकते हैं।


## कार्यालय जिला परिषद, पलामू

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

### दुकान आवंटन हेतु आम डाक सूचना

एतद् द्वारा निम्नांकित प्रखण्ड में अवस्थित जिला परिषद, पलामू के स्वामित्व अन्तर्गत रिक्त दुकान के आम डाक के माध्यम से आवंटन हेतु पलामू जिले के इच्छुक व्यक्तियों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र. | प्रखण्ड | | रिक्त दुकान सं0 | कुल रिक्त दुकान | मासिक किराया दर प्रति दुकान (रूपये में) | जमानत की राशि (रूपये में) | डाक की न्यूनतम राशि (Non Refundable) (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बिश्रामपुर | भूतल | D-10, D-17 | 02 | 700.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 2 | मनातू | प्रथम तल | A-20, A-21, A-22, A-23, A-24, A-25, A-26, A-27, A-28, A-29, A-30, A-31, A-32 | 13 | 500.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 3 | हरिहरगंज | भूतल | A-06, A- 07, A-12 | 03 | 480.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 4 | नावाबाजार | भूतल | B-04, C-01, C-02, C -03, C-04, C-05, C-06, C-07, C-08, C-09, C-10, C-11, C-12, C-13, C-14, C-15, C-16, C-17, C-18, C-19, C-20, C-21, C-22, C-23 | 24 | 700.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 5 | हुसैनाबाद | प्रथम तल | G-17, G-18, G-19, G-20, G-21, G-22, G-23, G-24, G-25, G-26, G-27, G-28, G-29, G-31, G-32, G-33, G-34, G-35, G-36, G-37, G-38 | 21 | 600.00-1190.00 (*) | 25000.00 | 50000.00 |
| 6 | मोहम्मदगंज | भूतल | A-08, A-09, A-10, A-11, A-12, A-13, A-14, A-15, A-16, B-08, B-09, B-10, B-11, B-12, B-13, B-14, B-15, B-16 | 18 | 400.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 7 | तरहसी | भूतल | C-01, C-02, C-03, C-06, C-11, C-12 | 06 | 750.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 8 | पाँकी (तेतराई) | प्रथम तल | C-14, C-15, C-16, C-18, C-19, C-20, C-21, C-22 | 08 | 500.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | प्रथम तल | C-17 | 01 | 785.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | भूतल | 101, 103, 104, 105, 106, 107, 108, 110, 111, 112 | 10 | 720.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 9 | चैनपुर (चान्दो) | भूतल | 102, 109, | 02 | 780.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | भूतल | A-01, A-02, A-03, A-04, A-05, A-06, A-07, A-08, A-09 A-10, A-11, A-12, A-13, A-14, A-15, A-16, A-17, A-18 A-19, A-20, A-21, A-22, A-23 | 23 | 800.00-910.00 (*) | 25000.00 | 50000.00 |
| | | | कुल :– | 131 | | | |

* दुकानवार किराया दर की सूची विस्तृत आम सूचना के साथ संलग्न।

1. आवेदन पत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 10.09.2026 को अपराह्न 02:00 बजे तक।
2. आवेदन पत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
3. आवेदन पत्र का शुल्क :– (प्रत्येक दुकान के लिए अलग–अलग) 15000.00 (पन्द्रह हजार) रूपये मात्र।
4. आवेदन पत्र जमा करने की तिथि :– दिनांक 11.09.2026 अपराह्न 03:00 बजे तक।
5. आवेदन पत्र जमा करने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
6. डाक की तिथि व समय :– 12.09.2026 को 12:00 बजे मध्याह्न से।
7. डाक का स्थान :– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय वेश्म।
8. आवेदन पत्र के साथ संलग्न कागजात :– वैद्य पहचान पत्र (आधार कार्ड), स्थानीय प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो।

नोट 1:– दुकान का आवंटन खुली डाक द्वारा नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से की जायेगी जिसमें सर्वोच्च डाकवक्ता को दुकान आवंटित किया जायेगा। डाक कॉलम संख्या– 7 में अंकित एकमुस्त Non Refundable राशि के आधार पर किया जायेगा। डाक में दो बोली के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 5000.00 (पाँच हजार) रूपये होगी। डाक समाप्ति के पश्चात् संपूर्ण डाक राशि राशि (Non Refundable) 24 घंटा के अन्दर जिला परिषद के नजारत में जमा कर प्राप्ति रसीद प्राप्त करना होगा। उसके उपरांत आवंटनधारियों की सूची जारी की जायेगी।

नोट 2:– दुकानों की संख्या घट– बढ़ सकती है।

नोट 3:– नीलामी प्रक्रिया को बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

नोट 4:– दुकान आवंटन हेतु निर्धारित विस्तृत शर्त पलामू NIC के Website- www.palamu.nic.in, कार्यालय जिला परिषद, पलामू एवं संबंधित प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू

PR 388962 District (26-27)_D

# गुरु गौरव सम्मान से सम्मानित हुए 102 शिक्षक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। पब्लिक स्कूल एसोसिएशन नालंदा की ओर से बुधवार को कैरियर पब्लिक स्कूल के प्रांगण में गुरु गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में जिले के 51 निजी विद्यालयों के 102 उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर शिक्षकों में खासा उत्साह और प्रसन्नता देखने को मिली। समारोह का उद्घाटन सांसद कौशलेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यदि निजी विद्यालय नहीं होते तो समाज साक्षरता दर के मामले में काफी पीछे रहता। शिक्षक बच्चों के पथप्रदर्शक और भविष्य निर्माता हैं। समाज को शिक्षकों पर सबसे अधिक भरोसा रहता है। इसलिए शिक्षकों को इस भरोसे के अनुरूप बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के साथ-साथ उनमें संस्कार और सकारात्मक सोच विकसित करने का प्रयास करना चाहिए। शिक्षा विभाग के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी भोला कुमार कर्ण ने कहा कि शिक्षकों को सम्मानित कर पब्लिक स्कूल एसोसिएशन ने उनका मनोबल बढ़ाने का सराहनीय कार्य किया है। इस तरह के आयोजन शिक्षकों को अपने दायित्वों का और बेहतर तरीके से निर्वहन करने के लिए प्रेरित करते हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने कहा कि संगठन शिक्षकों के सम्मान और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। शिक्षक समाज और राष्ट्र की मजबूत नींव हैं। उनका सम्मान वास्तव में शिक्षा और समाज के बेहतर भविष्य का सम्मान है। एसोसिएशन आगे भी शिक्षकों एवं शिक्षा के हित में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। समारोह में उपस्थित डॉ. अजय ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि सम्मान मिलने से शिक्षकों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होता है। उन्होंने एसोसिएशन की पूरी टीम को ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित करने की सलाह दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कोषाध्यक्ष इंजीनियर सुधांशु रंजन, कार्यक्रम संयोजक सत्येंद्र कुमार, उपसचिव धीरज कुमार, उपाध्यक्ष इंजीनियर संदीप कुमार सहित संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मौके पर सीता शरण मेमोरियल स्कूल के निदेशक संजय कुमार समेत जिले के विभिन्न विद्यालयों के निदेशक, संचालक और शिक्षक मौजूद रहे।

# 15 मिनट की बारिश में डूबा राणा बीघा बाईपास, स्मार्ट सिटी के दावों पर उठे सवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। महज 15 से 20 मिनट की झमाझम बारिश ने बिहारशरीफ में स्मार्ट सिटी योजना के तहत किए जा रहे विकास और जलनिकासी व्यवस्था के दावों की पोल खोल दी। गया-बिहारशरीफ मार्ग यानी एनएच-82 पर स्थित राणा बीघा बाईपास देखते ही देखते जलमग्न हो गया। सड़क पर घुटनों तक पानी जमा होने से पूरा बाईपास तालाब में तब्दील नजर आया। बारिश के बाद बाईपास से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पानी में कई बाइक और ऑटोरिक्शा फंसकर बंद हो गए। स्थानीय लोगों ने धक्का देकर वाहनों को पानी से बाहर निकाला। जलजमाव के कारण वाहनों की रफ्तार थम गई, जबकि पैदल राहगीरों को भी सड़क पार करने में काफी परेशानी हुई। जलजमाव का असर सड़क किनारे स्थित दुकानों और प्रतिष्ठानों पर भी पड़ा। दुकानदारों ने बताया कि सड़क पर पानी भरने से



कारोबार प्रभावित हुआ। स्थानीय लोगों ने नालों की सफाई और जलनिकासी व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए कहा कि समय पर नालों की समुचित सफाई नहीं होने के कारण थोड़ी देर की बारिश में ही सड़कें जलमग्न हो जाती हैं।राणा बीघा के अलावा बिचली खंदक, पुल के आसपास, टेलीफोन एक्सचेंज भैंसासुर, अंबेर मोड़, रांची रोड और बाजार समिति कतरा समेत शहर के कई इलाकों में जलजमाव की स्थिति देखने को मिली। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से जलनिकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा राणा बीघा बाईपास समेत अन्य जलजमाव वाले इलाकों की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि जब 15 से 20 मिनट की बारिश में शहर की यह स्थिति हो रही है, तो लगातार मूसलाधार बारिश होने पर हालात और गंभीर हो सकते हैं।

# बस स्टैंड से लापता 18 वर्षीय युवती बरामद, 50 हजार रुपये में कराई जबरन शादी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। रामचंद्रपुर बस स्टैंड से 4 अगस्त को लापता हुई 18 वर्षीय युवती को लहेरी थाना पुलिस ने तकनीकी और मानवीय अनुसंधान के आधार पर इस्लामपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर सोहजना गांव से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने युवती के बयान के आधार पर मामले में चार लोगों की संलिप्तता सामने आने की बात कही है। जानकारी के अनुसार, युवती अपनी मां ममता देवी के साथ बरबीघा से मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. बृजभूषण से इलाज कराने बिहारशरीफ आई थी। इसी दौरान वह रामचंद्रपुर बस स्टैंड से लापता हो गई। मामले में बरबीघा थाना में दिए गए आवेदन के आधार पर शून्य प्राथमिकी दर्ज कर लहेरी थाना भेजी गई। पुलिस के अनुसार, अनुसंधान के दौरान पता चला कि उषा देवी (59), निवासी मानीकपुर, पंडारक, पटना ने कथित तौर पर युवती के मुंह पर रूमाल रखकर टेम्पू से उसे बाढ़ स्थित उमानाथ मंदिर ले गई। वहां सुधीर सिंह और बिरेन्द्र सिंह उर्फ बिल्लु सिंह की मदद से उसकी शादी दिलीप सिंह (50), निवासी रघुनाथपुर सोहजना, इस्लामपुर से करा दी गई।पुलिस का आरोप है कि शादी के बदले दिलीप सिंह से 50 हजार रुपये लिए गए। इसमें उषा देवी, सुधीर सिंह और बिरेन्द्र सिंह के बीच क्रमशः 10 हजार, 30 हजार और 10 हजार रुपये बांटे गए। पुलिस ने युवती को बरामद कर लिया है और चारों आरोपितों के आपराधिक इतिहास का सत्यापन किया जा रहा है।

# हिलसा में जीविका समिति की वार्षिक आमसभा, 30 लाख का लाभ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हिलसा**। हिलसा प्रखंड के कुर्मिया बिगहा में प्रगति जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक आमसभा हुई। यह आयोजन बुधवार को रामबाबू उच्च माध्यमिक विद्यालय हिलसा के सभा कक्ष में संपन्न हुआ। ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक, समिति को इस साल तीस लाख दस हजार रुपए का वार्षिक लाभ हुआ है। इस दौरान सभी दीदियों को लखपति बनाने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी और प्रखंड परियोजना प्रबंधक ने दीप जलाकर किया। मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार ने जीविका दीदियों के लगातार प्रयासों और समिति की अच्छी आर्थिक प्रगति की तारीफ की। उन्होंने दीदियों को आर्थिक रूप से और मजबूत बनने, स्वरोजगार अपनाने और सरकार की अलग-अलग योजनाओं का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। प्रखंड परियोजना प्रबंधक राजेश कुमार ने संस्था की लगातार बढ़ती उपलब्धियों और आने वाली योजनाओं के बारे में बताया। इस मौके पर क्षेत्र में अच्छा काम करने वाले सामुदायिक संगठनों और कैडरों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र की 300 से ज्यादा दीदियों ने उत्साह से भाग लिया। पूरे कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय समन्वयक बिभूति नारायण तिवारी ने कुशलतापूर्वक किया। इस मौके पर शशि कुमार चंचल, सरिता कुमारी, सुनीता कुमारी, अनीता कुमारी, कुमारी शोभालता, निभा कुमारी, अनु कुमारी, रूबी कुमारी, किरण कुमारी, कंचन कुमारी सहित जीविका के सभी कैडर और परियोजना कर्मी मौजूद रहे।

# सरकारी या मान्यता प्राप्त अस्पताल में ही कराएं प्रसव : जिलाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। एकंगरसराय प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को जिला प्रशासन एवं जनसंवाद कार्यक्रम के तहत स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ जनसंवाद एवं समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता जिलाधिकारी उदिता सिंह ने की। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को रखा, जिस पर डीएम ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।डीएम ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए जनप्रतिनिधियों से अपील की कि महिलाओं का प्रसव सरकारी अथवा मान्यता प्राप्त निजी अस्पताल में ही कराया जाए। उन्होंने कहा कि



बिना मान्यता वाले निजी अस्पताल में लापरवाही से अप्रिय घटना होना गंभीर मामला है। ऐसे अवैध अस्पतालों की जानकारी तत्काल प्रशासन को देने की अपील की गई।उन्होंने 30 वर्ष से अधिक उम्र के महिला-पुरुषों की नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के लिए लोगों को प्रेरित करने को कहा, ताकि बीमारियों की समय पर पहचान और उपचार हो सके। बिजली व्यवस्था पर उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र में खराब ट्रांसफॉर्मर 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्र में 72 घंटे के अंदर बदलने का प्रावधान है। डीएम ने जनप्रतिनिधियों से तीन प्रमुख अपील करते हुए कहा कि पात्र लोगों का राशन कार्ड बनाने में प्रशासन का सहयोग करें और छोटी समस्याओं के समाधान के लिए लोगों को पंचायत सरकार भवन का उपयोग करने के लिए जागरूक करें। उप विकास आयुक्त सारा अशरफ ने महादलित परिवारों के पात्र लोगों को शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार की सहायता राशि की जानकारी दी। अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा ने जमाबंदी, अभियान बसेरा-2 सहित भूमि एवं राजस्व से जुड़े मामलों की जानकारी दी।

## एक नजर

### अवैध कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**बिहारशरीफ**। नालंदा पुलिस द्वारा अवैध आग्नेयास्त्रों एवं कारतूस के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बेन थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से सात जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, बेन थाना क्षेत्र के डाक बाबा स्थान के समीप जांच के दौरान संदिग्ध अवस्था में एक युवक को पकड़ा गया। गिरफ्तार युवक की पहचान विजय दास (28), पिता स्व. गोपाल दास, निवासी बिशुनपुर दरिया डीह, थाना पचंभा, जिला गिरिडीह (झारखंड) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से पांच जिंदा कारतूस तथा दो बुलेट गन कारतूस बरामद किए गए।पुलिस ने बरामद कारतूस को जब्त कर युवक को हिरासत में ले लिया। इस संबंध में बेन थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा युवक से पूछताछ के आधार पर कारतूस के स्रोत और उसके संभावित उपयोग के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

### गोलीबारी मामले में घटनास्थल का एसपी ने किया निरीक्षण

**बिहारशरीफ**। थरथरी थाना क्षेत्र के संतनबीघा गांव में विगत दिनों हुई गोलीबारी की घटना को लेकर नालंदा के पुलिस अधीक्षक हृदयकांत ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसपी के मौके पर पहुंचने से पुलिस जांच में तेजी आने की उम्मीद जगी है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से जायजा लिया और वहां मौजूद संबंधित पुलिस पदाधिकारियों से घटना की पूरी जानकारी ली। उन्होंने अब तक हुई जांच और अनुसंधान की प्रगति की भी समीक्षा की। एसपी हृदयकांत ने अधिकारियों को मामले का निष्पक्ष एवं त्वरित अनुसंधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच करते हुए साक्ष्यों को जुटाने और घटना में संलिप्त लोगों की पहचान सुनिश्चित करने को कहा। एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि दोषियों के विरुद्ध साक्ष्य के आधार पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाए। पुलिस की कार्रवाई से ग्रामीणों में भी घटना के शीघ्र खुलासे की उम्मीद बढ़ी है।

### घर-घर झंडा अभियान को सफल बनाने की बनी रणनीति

**बिहारशरीफ**। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आगामी दिनों में आयोजित होने वाले 'घर-घर झंडा' एवं 'चलो पंचायत, चलो वार्ड' कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गुरुवार को कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम, धनेश्वर घाट में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक का नेतृत्व बिहार प्रदेश कांग्रेस प्रभारी जितेंद्र नाथ पटेल ने किया। इसमें पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सक्रिय सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक में अभियान को सफल बनाने के लिए संगठनात्मक तैयारियों और आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। 'घर-घर झंडा' अभियान के माध्यम से कांग्रेस की विचारधारा, देश की एकता-अखंडता, लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता को लोगों तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान उस्मान गनी, इंजीनियर टीपू, संजू पांडे, अजीत कुमार, अनिल कुमार, रवि शंकर, असगर भारती, मंजू कुमारी, चुन चुन देवी, नंदु पासवान, रमेश पासवान, किरानी पासवान और विक्रम कुमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### संगत बाजार में जलजमाव से मिली राहत, एसडीओ ने मौके पर पहुंचकर कराया निकासी का इंतजाम

**बिहारशरीफ**। नूरसराय संगत बाजार में जलजमाव की समस्या से परेशान लोगों को राहत मिली। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी, बिहारशरीफ ने संगत बाजार पहुंचकर जलजमाव की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल निकासी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। एसडीओ के पर्यवेक्षण में नगर निगम के सफाई कर्मियों की टीम को तत्काल जल निकासी के कार्य में लगाया गया। सफाई कर्मियों ने जलजमाव वाले स्थानों पर आवश्यक सफाई कर पानी की निकासी सुनिश्चित कराई।

## नवादा

# पांचूगढ़ गोलीकांड में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। हिसुआ थाना क्षेत्र के पांचूगढ़ गांव में 1 सितंबर को दो पक्षों के बीच हुई गोलीबारी में एक युवक की मौत और कई लोगों के घायल होने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक, मगध क्षेत्र गया जी के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक, नवादा के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। पुलिस के अनुसार, मामले में दो प्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ की। साथ ही एफएसएल टीम ने घटनास्थल का वैज्ञानिक तरीके से निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक, मगध क्षेत्र और पुलिस अधीक्षक नवादा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा



मृतक प्रणय भारती के परिजनों से घटना की जानकारी लेकर संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित एसआईटी में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2, हिसुआ थानाध्यक्ष, डीआईयू टीम नवादा सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल हैं। पुलिस ने कांड के मुख्य अभियुक्त नीरज कुमार उर्फ कारू के ग्राम बगोदर स्थित आवास पर छापेमारी की। इस दौरान उसके घर से महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए हैं। बरामद साक्ष्यों के आधार पर नीरज कुमार उर्फ कारू एवं अन्य अभियुक्तों द्वारा अवैध तरीके से अर्जित संपत्ति की भी जांच की जा रही है। जांच के बाद संपत्ति जब्त करने के संबंध में बीएनएसएस की धारा 107 के तहत विधि-सम्मत अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। घटना में शामिल प्राथमिकी अभियुक्त चंदन कुमार उर्फ पठाड़ी, पिता विजय सिंह, ग्राम बगोदर थाना हिसुआ तथा अखिलेश कुमार पे. नवल किशोर सिंह, ग्राम मदरसेनी थाना हिसुआ को पुलिस ने घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है।

# जन्माष्टमी से पहले सब्जी बाजार में कचरे का अंबार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। शहर के प्रमुख सब्जी बाजार में इन दिनों गंदगी और कचरे का अंबार लगा हुआ है। जन्माष्टमी पर्व को लेकर बाजार में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है, लेकिन बाजार परिसर में जगह-जगह जमा कचरे ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। सब्जियों के अवशेष, सड़े-गले फल-सब्जियां, प्लास्टिक और अन्य कचरा सड़क किनारे तथा बाजार के बीचोंबीच बिखरा पड़ा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार में प्रतिदिन बड़ी मात्रा में कचरा निकलता है। समय पर कचरे का उठाव नहीं होने के कारण यह कई जगहों पर जमा होकर सड़ने लगा है। इससे आसपास के इलाके में तेज दुर्गंध फैल रही है। बाजार में खरीदारी करने पहुंचे लोगों को नाक पर कपड़ा रखकर गुजरना पड़ रहा



है। कल जन्माष्टमी का पर्व होने के कारण बाजार में बढ़ी भीड़ ने समस्या को और गंभीर बना दिया है। पर्व को लेकर फल, सब्जी, दूध-दही सहित पूजा सामग्री की खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में लोग बाजार पहुंच रहे हैं। ऐसे में गंदगी के बीच खरीदारी करने को लोग मजबूर हैं। कचरे के कारण बाजार की सड़कें भी कई स्थानों पर कीचड़ और गंदे पानी से भरी दिखाई दे रही हैं। व्यवसायियों का कहना है कि लगातार कचरा जमा रहने से ग्राहकों को परेशानी होती है और दुकानदारों को भी दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। लोगों ने नगर परिषद से बाजार में नियमित सफाई कराने, कचरे का समय पर उठाव सुनिश्चित करने तथा पर्व को देखते हुए विशेष सफाई अभियान चलाने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पर्व के मौके पर बाजार में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहना बेहद जरूरी है।

# युवक की हत्या से सनसनी, परिजनों से मिलने पहुंचे राजद जिलाध्यक्ष और पूर्व सांसद प्रत्याशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिले के हिसुआ पांचू गढ़ निवासी प्रणय कुमार उर्फ पीयूष हत्याकांड मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस सनसनीखेज हत्याकांड के बाद पीड़ित परिवार से मिलने और उन्हें हौसला देने के लिए आज नवादा जिला राजद के जिलाध्यक्ष उदय यादव एवं पूर्व सांसद प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा उनके आवास पर पहुंचे। इस दौरान दोनों नेताओं ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना प्रकट की और इस दुख की घड़ी में परिवार को ढांढस बंधाया। परिजनों ने नेताओं को घटना की पूरी जानकारी दी। परिजनों से मिलने के बाद राजद जिलाध्यक्ष उदय यादव ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह बेहद निंदनीय घटना है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए।



वहीं सांसद प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है और अपराधी बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जिला प्रशासन ने तत्काल आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की, तो राजद इस मामले को लेकर सड़क से सदन तक आंदोलन करने को बाध्य होगी।

# जिला पदाधिकारी ने मॉडल स्कूल का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत अकबरपुर प्रखंड के गोपालपुर स्थित सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूल) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर विद्यालय की आधारभूत संरचना, कक्षा-कक्ष, स्मार्ट क्लास, पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई सहित विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने तथा विद्यालय में बेहतर एवं अनुकूल शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने



विद्यार्थियों से संवाद कर विद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं एवं पठन-पाठन की व्यवस्था के संबंध में फीडबैक भी प्राप्त किया। जिला पदाधिकारी ने विद्यार्थियों को बिहार सरकार की हालिया पहल 'बिहार विद्या साथी' की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से विद्यार्थियों को 24×7 ऑनलाइन शैक्षणिक सहायता, विषयवार अध्ययन सामग्री तथा शिक्षकों से संवाद कर अपनी शैक्षणिक जिज्ञासाओं एवं शंकाओं का समाधान प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। उन्होंने विद्यार्थियों को डिजिटल संसाधनों का उपयोग करते हुए अपनी पढ़ाई को और बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया।जिला पदाधिकारी ने विद्यार्थियों को इस प्रकार के डिजिटल शैक्षणिक संसाधनों का नियमित उपयोग करने तथा अपनी शैक्षणिक क्षमता को और विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला पदाधिकारी ने विद्यालय की आधारभूत संरचना एवं आवश्यक सुविधाओं से संबंधित कमियों को चिन्हित करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, अकबरपुर, विद्यालय के प्राचार्य, संबंधित पदाधिकारी, शिक्षकगण एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# पंचाने सीड प्रोड्यूसर कंपनी पर वित्तीय अनियमितता व खाद कालाबाजारी का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज (नवादा)**। प्रखंड के पंडपा मोड़ स्थित पंचाने सीड फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड पर किसानों ने बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता और खाद की कालाबाजारी का आरोप लगाया है। इस बाबत किसानों ने डीएम को ई-मेल भेजकर उच्चस्तरीय जांच और संचालक पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि कृष्णदेव सिंह समेत अन्य किसानों का आरोप है कि पंजीकृत सदस्य होने के बावजूद उन्हें तय दर पर खाद नहीं दी जा रही। सरकारी दर की खाद को खुले बाजार में यूरिया 300 से 400 रुपये और डीएपी 2,000 रुपये से अधिक प्रति बोरी बेचा जा रहा है। आवेदन में कहा गया है कि तेल पेराई मशीन लगाने के लिए मिले सरकारी अनुदान में भी गबन किया गया। बिना बैठक किए कागजों पर काम दिखाया जा रहा है और शेयर पूंजी का हिसाब नहीं दिया गया। किसानों के अनुसार, पूर्व में कृषि पदाधिकारी और एसडीओ से शिकायत पर जांच कमेटी बनी थी, पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, केंद्रीय व राज्य कृषि मंत्री, सांसद और नवादा एसडीओ को भी भेजी गई है। किसानों ने कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। वहीं, संचालक से संपर्क न हो पाने के कारण उनका पक्ष नहीं मिल सका।

# नीतीश राज में बिहार में स्थापित हुआ समाजवादी शासन : नीरज कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)**। मुख्यालय के पार बाध स्थित श्री बालाजी मैरेज हॉल में गुरुवार को एनडीए कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रालोमो प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा और संचालन जदयू श्रम व तकनीकी प्रकोष्ठ अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा ने किया। संवाद में जदयू मुख्य प्रवक्ता व विधान पार्षद नीरज कुमार ने सरकार का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में समाजवादी शासन स्थापित हुआ है। सरकार ने जाति-धर्म से ऊपर उठकर सर्वांगीण विकास किया। 118 नरसंहारों से मुक्ति दिलाकर कानून का राज कायम किया गया। उन्होंने कहा कि बिहार पुलिस में महिला कर्मियों की भागीदारी देश में सर्वाधिक है। राज्य में बच्चों को 5 रुपये प्रतिमाह में पॉलिटेक्निक और 10 रुपये में इंजीनियरिंग की पढ़ाई मिल रही है। करिगांव में डिग्री व मेडिकल कॉलेज निर्माण पर नवादा डीएम से वार्ता हुई है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में हर पंचायत में कन्या विवाह मंडप बनेगा। नीरज कुमार ने कार्यकर्ताओं से आगामी अक्टूबर में प्रस्तावित चुनाव को लेकर रजौली प्रखंड के करीब 1400 मतदाताओं तक पहुंचकर उपलब्धियां साझा करने की अपील की। मौके पर जदयू जिलाध्यक्ष राजकिशोर दांगी, रालोमो जिलाध्यक्ष विनय कुशवाहा, दिलीप कुमार, संदीप पासवान, गुड्डू राय, प्रमोद चन्द्रवंशी, पवन सिंह, मनीष मयंक समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**कौआकोल**। कौआकोल-महुडर मुख्य पथ पर छतवईया आहर के पास बुधवार की देर शाम पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए झारखंड की सीमा से टेम्पू में 109 बोतल अंग्रेजी शराब लेकर जा रहे एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से कुल 60.700 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए कौआकोल थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड की सीमा से शराब की खेप टेम्पू के माध्यम से महुडर की ओर लाई जा रही है। सूचना के आधार पर एएसआई रिंकू कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी कर टेम्पू को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसमें रखी 109 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई। गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान जमुई जिले के गरही थाना क्षेत्र के चननवर गांव निवासी बिनेश्वर यादव के पुत्र मुकेश यादव के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मौके पर अपर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार,एसआई अजय कुमार आदि मौजूद थे।

### हिसुआ के पांचूगढ़ में युवक हत्याकांड में हाइटेक जांच

**नवादा**। जिले के हिसुआ प्रखंड अंतर्गत पांचूगढ़ गांव निवासी प्रणव कुमार उर्फ पीयूष हत्याकांड मामले में पुलिस जांच तेज हो गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए गुरुवार की सुबह फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम घटनास्थल पर पहुंची और बारीकी से हर पहलू की जांच की। बताया जा रहा है कि फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से खून के नमूने, फिंगर प्रिंट, कपड़े और अन्य अहम साक्ष्यों को एकत्रित किया है। टीम ने आधुनिक तकनीक से क्राइम सीन की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी की। सूत्रों के अनुसार, टीम करीब एक घंटे तक घटनास्थल पर रही और एक-एक बिंदु को बारीकी से खंगाला। जुटाए गए साक्ष्यों को जांच के लिए लैब भेजा जाएगा, जिससे हत्या में इस्तेमाल हथियार और अपराधियों के बारे में अहम सुराग मिलने की उम्मीद है। इस दौरान स्थानीय थाने की पुलिस भी मौजूद रही। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद मामले में कई अहम खुलासे हो सकते हैं। फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। गौरतलब है कि प्रणव कुमार उर्फ पीयूष की हत्या से इलाके में सनसनी फैली हुई है। परिजनों ने न्याय की गुहार लगाई है।

### विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों की बैठक



**नारदीगंज,नवादा**। इंटर विद्यालय नारदीगंज के परिसर में गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों की बैठक हुई। अध्यक्षता नवपदस्थापित बीइओ राजन कुमार ने की। यह प्रधान शिक्षकों के साथ नवपदस्थापित बीइओ को पहली बैठक हुई। बैठक के पहले सभी प्रधान शिक्षकों से परिचय कराया गया। बीइओ ने कहा विधालय में सभी छात्र व छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना आप सभी का दायित्व और कर्त्तव्य है। छात्रों का अपार आइडी कार्ड बनाने में शिथिलता नहीं बरतेंगे, इस कार्य में तेजी लाये, और शत प्रतिशत छात्रों का अपार आईडी कार्ड बनाने में अपनी जिम्मेदारी को समझें। उन्होंने शिक्षकों को प्रशस्त्र एप्प पर जुड़ने की नसीहत दी। विभाग के निर्देशानुसार विद्यालय का संचालन सही तरीके से करेंगे। इसके अलावा अन्य बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। मौके पर बीआरपी आनंद कुमार, प्रखण्ड लेखापाल संजीव रंजन, प्राचार्य विपिन कुमार विमल,मनोज कुमार झा, गांधी फेलो के अनुपा, आंचल, प्रभाकर कुमार, शिक्षक मनोज कुमार,विशाल चंद्रा, राकेश कुमार,बबिता कुमारी समेत अन्य रहें।

# प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने दिए जन वितरण दुकानों की साप्ताहिक जांच के निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** कृषि विभाग के मंत्री सह गया जिला प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई, जिसमें जिले की विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए पूरी जिम्मेदारी से कार्य करने और योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने बताया कि अगस्त में 252 मिलीमीटर, जुलाई में 171 मिलीमीटर और जून में 34 मिलीमीटर वर्षा हुई। संभावित बाढ़-सुखाड़ को देखते हुए राहत सामग्री, पॉलिथीन शीट, सामुदायिक रसोई और राहत शिविर की तैयारी




पूरी कर ली गई है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में प्रभारी मंत्री ने जर्जर अस्पताल भवनों की मरम्मत, चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति तथा मरीजों को सुरक्षित उपचार, पौष्टिक भोजन और दवाइयां उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मगध मेडिकल परिसर में निजी एंबुलेंस के अनधिकृत प्रवेश और मुख्य सड़क पर खड़े रहने पर तत्काल रोक लगाने को कहा। अस्पताल परिसर की कचरा फैक्ट्री से हो रही परेशानी को देखते हुए उसे उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने का निर्देश भी दिया। डंगरा और मोराटाल एपीएचसी में चिकित्सकों की अनुपस्थिति की जांच का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया। कृषि विभाग की समीक्षा में परैया की दो खाद दुकानों के लाइसेंस रद्द किए जाने की जानकारी दी गई। विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि राज्य स्तर पर ऐसी व्यवस्था विकसित की जा रही है जिसके तहत खाद कंपनियां सीधे अधिकृत खुदरा दुकानों तक खाद पहुंचाएंगी जिससे किसानों को निर्धारित मूल्य पर खाद मिल सकेगा। किसानों की जरूरत के आधार पर आहर-पोखर योजनाओं का चयन करने और सभी किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ने का निर्देश दिया गया। जिले में करीब 3 लाख 39 हजार किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से जुड़े हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों का मासिक भौतिक निरीक्षण, बंद केंद्रों पर कार्रवाई और एक माह में सभी केंद्रों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने को कहा गया। जमीन विवादों के त्वरित समाधान तथा सभी पात्र लाभुकों को निर्धारित खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को प्रत्येक सप्ताह जन वितरण प्रणाली दुकानों का औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। बिजली व्यवस्था में खराब ट्रांसफार्मर और जर्जर तार तत्काल दुरुस्त करने को कहा गया। अतरी विधायक की शिकायत पर नीमचक बथानी के अनुमंडल पदाधिकारी को खिजरसराय के कनीय अभियंता की कार्यप्रणाली की तीन दिनों में जांच करने का निर्देश दिया गया। डोभी-बोधगया-गया-पटना राष्ट्रीय राजमार्ग पर बोधगया, मगध विश्वविद्यालय और भारतीय प्रबंधन संस्थान के समीप दुर्घटनाएं रोकने के लिए जिग-जैग व्यवस्था और पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था का सुझाव दिया गया।

बैठक में सभी विधानसभा क्षेत्रों के विधायक, जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी, नगर निगम महापौर गणेश पासवान, जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर, वरीय पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त डॉ. गगन कुमार, उप विकास आयुक्त, समिति के उपाध्यक्ष एवं सदस्य तथा विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के लिए इस्कॉन गया तैयार, एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य दिवस श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के भव्य आयोजन के लिए इस्कॉन गया पूरी तरह तैयार है। 4 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाले महोत्सव में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मंदिर परिसर को फूलों, रंग-बिरंगी रोशनी, रंगोली, भव्य पंडाल और विशेष झांकियों से सजाया गया है। इस्कॉन गया के मंदिर अध्यक्ष जगदीश श्याम दास ने बताया कि श्रद्धालुओं के दर्शन, भीड़ प्रबंधन, प्रसाद वितरण और स्वयंसेवक व्यवस्था की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गया धामवासियों को आमंत्रित करने के लिए भक्त घर-घर जाकर निमंत्रण दे रहे हैं। श्रद्धालुओं का तिलक एवं इत्र से स्वागत किया जाएगा तथा दिनभर हरिनाम संकीर्तन, श्रीकृष्ण कथा और आध्यात्मिक कार्यक्रम होंगे। मंदिर प्रशासन ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर चिंता जताते हुए जिला प्रशासन से पर्याप्त पुलिस बल, करीब 100 बैरिकेड, यातायात नियंत्रण, प्रकाश व्यवस्था और अन्य सुरक्षा प्रबंध उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। जगदीश श्याम दास ने कहा कि मंदिर के सामने तेज गति से चलने वाले वाहनों, पर्याप्त स्ट्रीट लाइट और स्पीड ब्रेकर की कमी से दुर्घटना की आशंका है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की। जन्माष्टमी पर पांच विशेष झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी जिनमें दो झूला और तीन मंदिर झांकियां शामिल हैं। श्रद्धालुओं को वृंदावन वाले श्री राधारमण जी के दर्शन भी होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 4:30 बजे मंगल आरती से होगी। 5:30 बजे मंत्र ध्यान, 7:30 बजे गुरु पूजा और 8 बजे श्रीकृष्ण कथा होगी। रात 9 बजे महाभिषेक, 11:30 बजे 108 भोग और मध्यरात्रि 12 बजे महाआरती होगी, जिसके बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। 5 सितंबर को नंदोत्सव एवं श्रील प्रभुपाद आविर्भाव दिवस मनाया जाएगा। दोपहर 12 बजे पुष्पांजलि, भोग एवं आरती तथा शाम 4 से 8 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। करीब 10 हजार लोगों के लिए भंडारा प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। जगदीश श्याम दास के नेतृत्व में हुई अंतिम बैठक में रामकांत मुरारी दास, सहिष्णु विप्र दास, रामनारायण दास, असीम हृषिकेश दास, श्यामल दास, समता कृष्ण दास, पतितपावनी गंगा देवी दासी, चैतन्य शिक्षा देवी दासी, अमरेश कुमार, विश्वजीत दास, राजीव कुमार, बलवंत कुमार, बिक्की, सौरभ, पवन एवं धार्मिक सहित अन्य सेवक उपस्थित रहे। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से निर्धारित मार्ग और कतार का पालन करने तथा स्वयंसेवकों एवं प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है।

## नियम विरुद्ध प्रतिनियुक्ति का आरोप, बीईओ को हटाने की मांग पर अड़े पूर्व उप प्रमुख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** कोंच प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. अभय कुमार रमण पर नियम विरुद्ध प्रतिनियुक्ति का आरोप लगाकर पूर्व उप प्रमुख किशोर कुमार अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ गुरुवार से प्रखंड कार्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठ गए। वहीं दूसरी तरफ पूर्व प्रमुख महेंद्र पासवान ने बीईओ के समर्थन में प्रखंड कार्यालय के बाहर एक दिवसीय धरना दिया। इस तरह कार्यालय परिसर में एक ओर विरोध और दूसरी ओर समर्थन में धरना शुरू हो गया। आमरण अनशन पर बैठे किशोर कुमार ने 7 सूत्री मांग पत्र सौंपा। इसमें डॉ. रमण को तत्काल निलंबित करने, कुरमावां, मंझियावां, कोंच और आंती पंचायत के संकुल समन्वयक पद पर कनीय प्रधानाध्यापकों की प्रतिनियुक्ति की जांच, ईको क्लब की राशि में गबन, 2024-25 में सफाईकर्मियों की बहाली नहीं होने के बावजूद राशि निकासी, खिजरसराय, बेलागंज, कोंच और टिकारी में अतिरिक्त प्रभार के दौरान कार्यों, आय से अधिक संपत्ति और एमवी ढिबरी में प्रोटोकॉल के विरुद्ध शिलान्यास की जांच की मांग शामिल है। किशोर कुमार ने कहा कि बीईओ के निलंबन और निष्पक्ष जांच तक उनका अनशन जारी रहेगा।

## शिक्षा शास्त्र विभाग में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के लिए इंडक्शन मीट का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** गया कॉलेज, गया के शिक्षा शास्त्र विभाग में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के लिए इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम गया कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र के दिशा-निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा कुल गीत की प्रस्तुति से हुआ। दीप प्रज्ज्वलन के उपरांत आगत अतिथि का पुष्प गुछ एवं अंग वस्त्र प्रदान कर विभाग अध्यक्ष ने अभिनंदन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को विभाग की शैक्षणिक




गतिविधियों, पाठ्यक्रम, महाविद्यालय की व्यवस्था, अनुशासन तथा उपलब्ध विभिन्न शैक्षणिक सुविधाओं से परिचित कराना था। साथ ही विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन वातावरण एवं विभागीय गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर गया कॉलेज के शिक्षा शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. धनंजय धीरज ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र के निर्माता होते हैं। शिक्षा जीवन निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने तथा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया। बर्सर डॉक्टर मारकंडे पांडे ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए विभाग की विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों एवं भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर अध्ययन करने, नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहने तथा विभागीय गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया। इंडक्शन मीट में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के साथ-साथ द्वितीय वर्ष के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

## गुरुकुल में हर्षोल्लास के साथ मनी जन्माष्टमी, श्रीकृष्ण के जीवन से रूबरू हुए बच्चे



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर गुरुकुल स्कूल में गुरुवार को हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, बाल लीलाओं एवं उनकी शिक्षाओं से जुड़ी मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक जितेंद्र सिंह के प्रेरणादायी संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन सत्य, धर्म, कर्म, प्रेम और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बच्चों को मेहनत, अनुशासन और अच्छे संस्कारों को जीवन में अपनाकर आगे बढ़ने का संदेश दिया। निदेशक ने कहा कि बच्चों को महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने व्यक्तित्व का विकास करना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य एच.आर. अहमद ने भी बच्चों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों और उनके उपदेशों को जीवन में अपनाने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप और उनकी विभिन्न लीलाओं से संबंधित प्रस्तुतियां दीं जिससे विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण में रंग गया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं चंचल कुमारी, खुशबू कुमारी, पूनम कुमारी, पूनम वर्मा, सीमा कुमारी, पूनम कुमारी, निरमा खेस, परवीन खान एवं दिव्या कुमारी सहित अन्य शिक्षकगणों ने सक्रिय भूमिका निभाई।


# 200 करोड़ की लागत से बनेगा बिहार का दूसरा मॉडर्न चिड़ियाघर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोधगया।** बिहारवासियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। राज्य को दूसरा चिड़ियाघर मिलने वाला है। यह चिड़ियाघर बोधगया में बनाया जाएगा। इसे बनाने में लगभग 200 करोड़ रुपये की लागत आएगी और यह साल 2028 तक बनकर तैयार हो जाएगा। इस चिड़ियाघर के बनने के बाद बोधगया आने वाले लगभग 40 लाख देशी-विदेशी पर्यटक प्राकृतिक वातावरण में वन्यजीवों को देख पाएंगे।

**110 एकड़ में बनेगा, ग्लास वाले बाड़े होंगे**

बोधगया में बनने वाले इस चिड़ियाघर में 110 एकड़ जमीन पर सिर्फ जानवरों और पक्षियों के लिए बाड़े बनेंगे। सभी बाड़ों के सामने का भाग मजबूत ग्लास से बनाया



जाएगा ताकि पर्यटकों को जानवर कोई नुकसान न पहुंचा सके और वे बिना खतरे के जानवरों को देख सकें। हर केज के बाहर 'स्मार्ट डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड' लगाए जाएंगे जिससे पर्यटक संबंधित जीव-जंतुओं की पूरी जानकारी पा सकेंगे।

**50 से अधिक प्रजातियां, शेर-चीता से लेकर घड़ियाल तक**

इस चिड़ियाघर में शेर, बाघ, जिराफ, गैंडा, भालू, हिरण, तेंदुआ, घड़ियाल, गौर, मोर समेत लगभग 50 से अधिक जानवर और पक्षी रहेंगे। राज्य के वन विभाग द्वारा दिल्ली के केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को एक प्रस्ताव भेजा गया था। अब प्राधिकरण ने इस पर 15 बिंदुओं का स्पष्टीकरण मांगा है। सीजेडीए ने बड़े जानवरों के बाड़े का दायरा बढ़ाने, प्रजातियों के अनुसार बाड़े बनाने और पार्किंग जैसी सुविधाओं पर तकनीकी रिपोर्ट मांगी है। वन विभाग इस महीने की 10 तारीख तक रिपोर्ट सौंप देगा। सबकुछ मानकों के हिसाब से रहा तो दो महीनों के भीतर एनओसी मिल जाएगा।

**चिड़ियाघर में होंगी ये आधुनिक सुविधाएं**

ऑनलाइन टिकट, क्यू आर कोड, अलग प्रवेश व निकास गेट, कार, बस, बाइक के लिए पार्किंग, जू के अंदर ई-रिक्शा की सुविधा, वाटर कूलर, वाटर एटीएम, टॉयलेट, बेंच, शेड और रेस्ट एरिया, फूड कोर्ट, नेचर प्ले एरिया, बच्चों के लिए पार्क हर जानवर की जानकारी हिंदी और अंग्रेजी में होगी।

## रघुवंश प्रसाद लाल का निधन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** टिकारी अवर निबंधन कार्यालय के वरिष्ठ दस्तावेज नवीस रघुवंश प्रसाद लाल (78) का गया के एक निजी क्लिनिक में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे मूलरूप से टिकारी प्रखंड क्षेत्र के भैंसमारा गांव के निवासी थे। रघुवंश प्रसाद लाल पिछले 48 वर्षों से अवर निबंधन कार्यालय में दस्तावेज नवीस के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे।

**Office of the Executive Engineer**
**National Highways Division, MEDININAGAR**

**INVITATION FOR BIDS (IFB) NATIONAL COMPETITIVE BIDDING**
**(Very Short term IFB)**

**Tender Reference No.-NH/MEDININAGAR/SBD/02/2026-27 Dated: 02.09.2026**

1. The Executive Engineer, National Highways Division, Medininagar invites item rate bids on-line for the work detailed in the table given below. The bidder is advised to read & examine carefully all instructions including addendum/amendments to ITB, conditions of contract, contract data, forms, terms, technical specifications, bill of quantities etc. in the Bid Document before bidding.

| Sl. No. | Name of work | Approximate value of work (Rs. in lakh) | Bid Security (Rs. in lakh) | Cost of Document (in Rs.) | Period of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Construction of RCC Drain work in Pachparwa in 154th km of NH-343 in the state of Jharkhand for the year 2026-27. | 83.92 ( Including GST& LC) | 1.68 | Tender cost Rs. 10000.00 and GST-1800.00 **Total-11800.00** | 4 (Four) Months including rainy season. |

2. Website e-tendering portal of MORTH https://eprocure.gov.in may be referred for detailed terms and conditions of the Invitation for Bids (IFB) and Bidding Documents(including e-Tendering instruction to applicants), which is available online.
3. Tender will be available online on MORTH portal https://eprocure.gov.in and e-tendering portal of MORTH https://eprocure.gov.in from **19.09.2026 (12:30 PM)** to **28.09.2026** upto **5:00 PM**. Bids must be submitted online only at e-tendering portal of MORTH https://eprocure.gov.in on or before **5:00 PM** on **28.09.2026** and technical bids received online will be opened on **29.09.2026** at **12:30 PM**.
4. The prospective bidders who do not posses Digital Signature Certificate (DSC) may get the same issued from approved agencies.
5. Cost/Bid security/period of completion of the work may be decreased or increased and the above said tender may be cancelled as per requirement due to unavoidable reason.

**Executive Engineer**
**National Highways Division, Medininagar**

**PR 388969 District(26-27)#D**

## बेलवन ठाकुरबाड़ी में समिति सदस्य और महंत भिड़े, दोनों पक्षों ने थाने में की शिकायत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** क्षेत्र स्थित बेलवन ठाकुरबाड़ी में जन्माष्टमी की तैयारी के बीच समिति के सदस्यों और पूजा-पाठ कराने वाले महंत के बीच विवाद हो गया। दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज व मारपीट का आरोप लगाया गया है। मामले को लेकर दोनों पक्षों ने टिकारी थाना में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। महंत अमरजीत दास ने पुलिस को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि जन्माष्टमी को लेकर ठाकुरबाड़ी में तैयारी चल रही थी। इसी दौरान धार्मिक न्यास परिषद द्वारा गठित समिति के दो सदस्य वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। आरोप है कि मारपीट के दौरान चंदा के रूप में जमा करीब 50 हजार रुपये भी छीन लिए गए। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से भी अमरजीत दास के विरुद्ध टिकारी थाना में शिकायत की गई है।

## दानापुर से शोलापुर एवं भुसावल के लिए वन-वे स्पेशल का परिचालन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-इटारसी के रास्ते दानापुर से शोलापुर एवं दानापुर से भुसावल के लिए 01-01 वन-वे स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है -गाड़ी सं. 03299 दानापुर-शोलापुर वन-वे स्पेशल-यह स्पेशल 04.09.2026 को दानापुर से 07.30 बजे खुलकर 08.00 बजे आरा, 08.42 बजे बक्सर, 11.00 बजे डीडीयू रुकते हुए अगले दिन 19.00 बजे शोलापुर पहुंचेगी।

## सड़क हादसे में युवा समाजसेवी घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मानपुर (गया)।** जनकपुर मानपुर पुलिस कॉलोनी निवासी और शहर के प्रसिद्ध व्यवसायी स्वर्गीय बादल सिन्हा के पुत्र एपी को गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे हनुमान मंदिर के निकट एक दर्दनाक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह अपनी स्प्लेंडर बाइक से जा रहे थे, तभी रांग साइड से तेज रफ्तार में आ रही एक डिस्कवर बाइक ने उनकी गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर में वे बुरी जख्मी हो गए। घटना के तुरंत बाद उनके समर्थकों ने उन्हें आनन-फानन में पिलग्रिम अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उनके फटे हुए पैर में टांके लगाए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया।

# महादलित टोला में बाढ़ जैसी स्थिति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों कई वर्षों के बाद अच्छी बारिश हुई है। इसी अच्छी बारिश का परिणाम है कि ग्रामीण बरसाती नदी /नेरा/पईनें उफान पर हैं। प्रखण्ड क्षेत्र का महुआईन गांव का महादलित टोला में नेरा का पानी घुस जाने से महादलित टोला में बाढ़ की स्थिति बन चुकी है। यह स्थिति मीडिया के लिए प्रमुख समाचार एवं पुलिस-प्रशासन के लिए सिर दर्द बना हुआ है। अब प्रश्न यह है कि इस बाढ़ जैसी स्थिति के लिए जिम्मेदार कौन? प्रकृति या स्वयं महादलित या स्थानीय जनप्रतिनिधि या स्थानीय प्रशासन? गौरतलब है कि यह महादलित टोला जो करीब पांच एकड़ सरकारी उंची जमीन पर करीब तीस वर्ष पूर्व बसा था जो ग्राम के नेरा/बरसाती नदी के किनारे पर है। तीस वर्षों में इन महादलितों (भूईयां) की आबादी बढ़ती गई और यहां के मूल महादलितों द्वारा बाहरी अपने रिश्तेदारों को बसा-बसा कर बढ़ाते गए। आबादी बढ़ने की वजह से इन लोगों द्वारा उक्त नेरा की जमीन का अतिक्रमण कर नेरा में हीं घर बनाना शुरू कर दिया। नेरा के पानी के निकसार को ही संकीर्ण कर दिया। अच्छी बरसात नहीं होने तक तो चकाचक रहा परन्तु इस वर्ष कई वर्षों के बाद अच्छी बारिश होने पर परिणाम हाय तौबा। हालांकि सरकार द्वारा एक दशक पूर्व ही सरकार द्वारा रैयतों से जमीन खरीद कर दर्जनों परिवार को उसी स्थान नेरा के उपर पर उंचे स्थान पर आवास के लिए भूमि आवंटित किया गया है, परन्तु एक भी परिवार द्वारा उक्त भूमि पर आवास निर्माण नहीं किया गया है। वही नेरा के दोनों ओर रहने वाले इन दलितों से नेरा पर पुल बनाने का वादा कर एक मुस्त वोट लेने वाले वर्तमान मुखिया के पति अनिरुद्ध प्रसाद यादव द्वारा आज तक वादा पूरा नहीं किया गया। इतना ही नहीं इसी नेरा पर मध्य विद्यालय के समीप तरौंची गांव के दबंग दलित स्थानीय नेता द्वारा नेरा की ही जमीन कब्जा कर उसमें तालाब खोद कर नेरा के पानी के निकसार को काफी संकीर्ण कर दिया गया है। इस समस्या से स्थायी निराकार के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन को चाहिए कि नेरा की अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराते हुए नेरा के गाद की उड़ाई करवा जाए। इससे गांव का भू-जल स्तर भी बना रहेगा और पटवन की समस्या का भी निराकरण हो सकेगा।

## शेरघाटी में प्रशांत किशोर का ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** जन सुराज के संस्थापक एवं बांकीपुर विधायक प्रशांत किशोर का गुरुवार को शेरघाटी में जन सुराजी कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। प्रशांत किशोर पटना से औरंगाबाद एवं गया कार्यक्रम में जाने के दौरान शेरघाटी पहुंचे जहां बड़ी संख्या में जन सुराजी कार्यकर्ता उनके स्वागत के लिए मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने अपने हाथों में फूलमाला लेकर प्रशांत किशोर का स्वागत किया। उनके पहुंचते ही कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों के साथ कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन किया और फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान शेरघाटी में बड़ी संख्या में जन सुराजी कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने प्रशांत किशोर के प्रति अपना समर्थन और उत्साह व्यक्त किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान कुछ समय के लिए कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटी रही। प्रशांत किशोर के स्वागत को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। पटना से औरंगाबाद और गया जाने के क्रम में उनका शेरघाटी पहुंचना कार्यकर्ताओं के लिए खास अवसर रहा।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना संख्या : 56-एसडीएसटीई-एएसएन-2026-27, दिनांक 02.09.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल – निम्नलिखित के सबंध में टेलीकम कार्य i) आसनसोल मंडल के तहत मोहनपुर – हंसडीहा खंड के बीच सर्वधाम में नया हॉल्ट स्टेशन। ii) आसनसोल मंडल के तहत देवघर – मोहनपुर – हंसडीहा खंड के बीच त्रिकुट पर्वत में नया हॉल्ट स्टेशन। iii) मधुपुर – गिरिडीह खंड में कृष्ण बल्लभ सहाय (केबीएसएच) हॉल्ट स्टेशन और महेशमुंडा स्टेशन के बीच सिजुआ में नया हॉल्ट स्टेशन। iv) आसनसोल मंडल के तहत देवघर-मोहनपुर खंड के बीच महेशमारा में नया हॉल्ट स्टेशन।"। **निविदा मूल्य:** रु. 72,40,425.45, **बयाना राशि:** रु. 1,44,800/-, **कार्य की समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र (एलओए) जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 25.09.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** http://www.ireps.gov.in

ASN-243/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई०ए०एस०संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14.

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2026/12 दिनांक- 03.09.2026

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2026**
**Industrial Training Institute Competitive Admission Test (I.T.I.C.A.T.)-2026**

**Offline Spot Admission से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा-2026 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों / संस्थानों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)- 2026/11 दिनांक- 11.08.2026 के अनुसार ITICAT-2026 की Offline Mop-up Counselling दिनांक 17.08.2026 से दिनांक 31.08.2026 तक सम्पन्न किया जा चुका है। Offline Mop-up Counselling समाप्ति के पश्चात् रिक्त सीटों की विवरणी पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध करा दी गयी है। **वैसे अभ्यर्थी जिनका Round-1 एवं Round-2 तथा Mop-up Counselling के माध्यम से किसी संस्थान में नामांकन नहीं हुआ है, विभागीय संकल्प संख्या- 699 दिनांक 28.02.2025 के आलोक में संस्थान स्तर पर आयोजित Offline Spot Admission के लिए पात्रता-प्राप्त हैं। Offline Spot Admission संस्थान स्तर पर** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI) में **आयोजित किया जायेगा।** कार्यक्रम की विवरणी निम्नवत् है;

i. Spot Admission में भाग लेने हेतु **आवेदन की अंतिम तिथि : 06.09.2026 अपराह्न 3.00 बजे तक।**
ii. Spot Admission के माध्यम से **नामांकन की निर्धारित तिथि : 07.09.2026 पूर्वाह्न 10.00 बजे।**

2. Spot Admission में भाग लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी सम्बन्धित संस्थान में उपस्थित होकर अपना आवेदन दिनांक 06.09.2026 के अपराह्न 3.00 बजे तक समर्पित करेंगे।
3. आवेदक Spot Admission हेतु निर्धारित तिथि दिनांक 07.09.2026 पूर्वाह्न 10.00 बजे तक अपने आवेदित संस्थान में उपस्थित हो कर उपलब्ध रिक्तियों के विरुद्ध मेधा-सह-विकल्प के आधार पर नामांकन लेंगे। इस सूचना के आधार पर निर्धारित तिथि एवं समय पर Spot Admission में निश्चित् रूप से उपस्थित हो अन्यथा उनको अनुपस्थित मान लिया जायेगा जिसके लिये संस्थान / पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा।
4. अभ्यर्थी को bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध विवरण पुस्तिका के पृष्ठ 1 एवं 2 में उल्लिखित सक्षम पदाधिकारी/ कार्यालय/ संस्थान द्वारा निर्गत सभी मूल प्रमाण-पत्र/ दस्तावेज तथा उनकी एक-एक स्वसत्यापित छाया प्रतियाँ Spot Admission के समय साथ लाना अनिवार्य है।
5. **विशेष जानकारी हेतु अभ्यर्थी अपने जिला के अंतर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI) से प्राप्त कर सकते हैं।**

परीक्षा नियंत्रक

संपादकीय

# ‘शुद्धिकरण विवाद’ में छिपी सियासत

उत्तराखंड के शुद्धिकरण विवाद में अब खुद एक दलित के जरिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा के भाजपा ने दलित अपमान के मुद्दे पर पलटवार और डेमेज कंट्रोल करने की कोशिश की है। इस चाल से कांग्रेस बुरी तरह बौखला गई है। कल तक पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के कथित अपमान को मुद्दा बना रही कांग्रेस अब भाजपा को दलित विरोधी बता रही है। जबकि भाजपा का कहना है कि राहुल गांधी ने एक धार्मिक अनुष्ठान को जातिगत रंग देकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश की है।

उत्तराखंड की हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने 30 अगस्त की रात राहुल गांधी के खिलाफ़ मामला दर्ज किया। यह मुकदमा अमित कुमार नाम के व्यक्ति की शिकायत पर लिखा गया है, जो वाल्मीकि समुदाय से हैं और खुद को श्री राम सेना धर्मार्थ सेवा न्यास से जुड़ा बताता है। एफआईआर के बाद मामले की जांच डीएसपी अमित कुमार को सौंपी गई है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि ‘शुद्धीकरण’ कराने वालों के खिलाफ़ एफ़आईआर ना करके एफ़आईआर में आरोप है कि राहुल गांधी ने 29 अगस्त को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हल्द्वानी में हुए ‘शुद्धीकरण’ कार्यक्रम को छुआछूत और दलितों के खिलाफ़ भेदभाव के तौर पर पेश किया। राहुल गांधी पर एससी/एसटी एक्ट (धारा 3(1)) और भारतीय न्याय संहिता 2023 (धारा 196, 299, 197(1)(c), 353) के तहत एफ़आईआर दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि इससे अनुसूचित जाति समुदाय की भावनाएं आहत हुईं, क्योंकि उसके मुताबिक़ उस सफ़ाई और हवन में अनुसूचित जाति के लोग भी शामिल थे। गौरतलब है कि पूरा मामला आठ अगस्त को हल्द्वानी के रामलीला मैदान में हुई कांग्रेस की एक रैली से जुड़ा है। शिकायतकर्ता का दावा है कि रैली के बाद वहां गंदगी और शराब की बोतलें मिली थीं। इसके बाद 11 अगस्त को स्थानीय लोगों और शिकायतकर्ता ने मैदान की सफाई और वहां धार्मिक अनुष्ठान कराया था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि राहुल गांधी ने 29 अगस्त को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके इस सफाई और हवन को बिना सच्चाई जाने ‘छुआछूत’ और ‘दलित विरोधी अपराध’ बता दिया। शिकायतकर्ता खुद दलित समाज से होने के बावजूद इस बयान की वजह से उन्हें और उनके साथियों को समाज में नीचा दिखाया जा रहा है, धमकियां मिल रही हैं और दो वर्गों के बीच नफ़रत फैलाने की कोशिश की गई है। ध्यान रहे कि बीते आठ अगस्त को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हल्द्वानी के रामलीला मैदान में कांग्रेस की रैली को संबोधित किया था। यह रैली उत्तराखंड में कांग्रेस की चुनावी तैयारियों के सिलसिले में थी। इसके बाद 11 अगस्त को, श्री राम सेना धर्मार्थ सेवा न्यास से जुड़े लोगों ने वहां ‘शुद्धीकरण हवन’ किया। कांग्रेस नेता सचिन पायलट का कहना है कि खरगे के अपमान के मामले में कांग्रेस ने कई बार एफआईआर दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन उसकी शिकायत नहीं लिखी गई। अगर देश के सबसे वरिष्ठ नेता के साथ ऐसा हो सकता है तो बाकी की क्या बिसात? वैसे खरगे ने यह मुद्दा संसद में भी उठाया था, जिस पर केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा था कि बीजेपी इस तरह की किसी भी गतिविधि का समर्थन नहीं करती और इस घटना की जांच कराई जाएगी। इस पूरे मामले राजनीति की पीछे असली वजह दलित वोटों को अपने खेमे में लाने की चाल है। उत्तराखंड में छह माह बाद चुनाव होने हैं और राज्य में दलित आबादी करीब 19 फीसदी है। कांग्रेस का मानना है कि अगर दलित वोट बड़ी संख्या में उसके खेमे में आ जाए तो वह राज्य में लौट सकती है। इसीलिए बीजेपी ने भी पलटवार किया है। चुनाव तक इस पर सियासत होती रहेगी।

# जोखिमों के बीच आर्थिक संतुलन बनाना जरूरी

**वर्तमान परिस्थितियों ने अर्थशास्त्रियों के बीच एक पुराने किंतु सारगर्भित शब्द- ‘गोल्डिलॉक्स’ को पुनः चर्चा के केंद्र में ला खड़ा किया है। यह शब्द उस आदर्श आर्थिक अवस्था को व्यक्त करने के लिए वर्ष के प्रारंभ में विश्लेषकों द्वारा प्रयोग में लाया गया था, जहां वृद्धि दर ऊंची हो, मुद्रास्फीति नियंत्रण में हो और चालू खाता घाटा आश्चर्यजनक रूप से संयमित रहे। परंतु पश्चिम एशिया के युद्ध ने भारतीय अर्थव्यवस्था की**

**अंतर्निहित कमजोरियों को उजागर करते ही यह आकर्षण शीघ्र ही धूमिल पड़ गया था। रुपये के विनिमय दर में आई तीव्र गिरावट इसका सबसे मार्मिक उदाहरण बनी, जिसने यह प्रश्न खड़ा कर दिया कि क्या अर्थव्यवस्था वास्तव में ‘गोल्डिलॉक्स परिदृश्य’ की ओर लौट रही है अथवा यह शब्द मात्र जोखिमों को छुपाने का एक आवरण भर बनकर रह गया है।**

पिछले तीन वित्तीय वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था ने सात प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर दर्ज करते हुए मुद्रास्फीति में भी उल्लेखनीय गिरावट का साक्ष्य प्रस्तुत किया है। यह उपलब्धि उस समय और भी अधिक महत्वपूर्ण प्रतीत होती है जब वैश्विक परिदृश्य पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे थे। अमेरिका-इज़राइल-ईरान युद्ध, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, विदेशी निवेश में कमी तथा अल-नीनो के कारण अत्यधिक गर्मी से खाद्य उत्पादन पर पड़ने वाला संभावित दुष्प्रभाव, इन सभी कारकों ने विश्लेषकों को यह आशंका जताने पर विवश किया था कि भारत की विकास दर में भारी गिरावट आएगी और मुद्रास्फीति की दर आरबीआई के ‘आरामदायक क्षेत्र’ की ऊपरी सीमा को पार करते हुए लगभग छह प्रतिशत तक जा पहुंचेगी। किंतु व्यापक आर्थिक आंकड़ों ने इस आशंका को उतना सत्य सिद्ध नहीं होने दिया, जितना कि भय व्याप्त था। वर्तमान परिस्थितियों ने अर्थशास्त्रियों के बीच एक पुराने किंतु सारगर्भित शब्द- ‘गोल्डिलॉक्स’ को पुनः चर्चा के केंद्र में ला खड़ा किया है। यह शब्द उस आदर्श आर्थिक अवस्था को व्यक्त करने के लिए वर्ष के प्रारंभ में विश्लेषकों द्वारा प्रयोग में लाया गया था, जहां वृद्धि दर ऊंची हो, मुद्रास्फीति नियंत्रण में हो और चालू खाता घाटा आश्चर्यजनक रूप से संयमित रहे। परंतु पश्चिम एशिया के युद्ध ने भारतीय अर्थव्यवस्था की अंतर्निहित कमजोरियों को उजागर करते ही यह आकर्षण शीघ्र ही धूमिल पड़ गया था। रुपये के विनिमय दर में आई तीव्र गिरावट इसका सबसे मार्मिक उदाहरण बनी, जिसने यह प्रश्न खड़ा कर दिया कि क्या अर्थव्यवस्था वास्तव में ‘गोल्डिलॉक्स परिदृश्य’ की ओर लौट रही है अथवा यह शब्द मात्र जोखिमों को छुपाने का एक आवरण भर बनकर रह गया है।

एचएसबीसी के अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी के नेतृत्व में तैयार किए गए एक विस्तृत शोध-पत्र में दोनों संभावित परिदृश्यों का गहन विवेचन किया गया है, भारत की समष्टि अर्थव्यवस्था आशंका जितनी बिगड़ी क्यों नहीं, और वे कौन-से संभावित कारक हैं जो आगे चलकर स्थिति को प्रतिकूल दिशा में मोड़ सकते हैं। एचएसबीसी के सौ संकेतकों पर आधारित डेटाबेस के अनुसार, अप्रैल से जून की तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर सात से साढ़े सात प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है, जबकि भारतीय स्टेट बैंक की शोध टीम ने इससे भी एक कदम आगे बढ़ते हुए आठ प्रतिशत की वृद्धि दर का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

इस अप्रत्याशित लचीलेपन के पीछे अनेक कारकों की भूमिका मानी जा रही है। सर्वप्रथम, दिसंबर 2024 से दिसंबर 2025 के मध्य रेपो दर में एक सौ पच्चीस आधार अंकों की कटौती का उल्लेख आवश्यक है। रेपो दर वह ब्याज दर है जिस पर भारतीय रिज़र्व बैंक वाणिज्यिक बैंकों को ऋण उपलब्ध कराता है, और इसमें कमी होने से बैंकों के लिए धन उधार लेना सस्ता हो जाता है, जिसका लाभ अंततः व्यक्तिगत उपभोक्ताओं तथा व्यवसायों तक पहुंचता है। सस्ती ऋण सुविधा आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देती है और इस प्रकार तीव्रतर वृद्धि दर का मार्ग प्रशस्त करती है, यद्यपि इस ‘पारेषण’ प्रक्रिया के परिणाम सामान्यतः कुछ तिमाहियों के विलंब से ही दृष्टिगोचर होते हैं। इसका दूसरा कारण 2025 में वस्तु एवं सेवा कर में की गई कटौती रही, जिसने न केवल कीमतों को नीचे लाया बल्कि आम जनता की क्रय शक्ति में भी सुधार करते हुए आर्थिक गतिविधियों को नई ऊर्जा प्रदान की। इसके अतिरिक्त, अमेरिका द्वारा भारतीय निर्यातों पर लगाए गए डोनाल्ड ट्रंप के ‘रेसिप्रोकल टैरिफ’ के हटाए जाने से भी भारत के निर्यात क्षेत्र को राहत मिली। अंततः, इस बात के भी प्रमाण मिलते हैं कि भविष्य में ऊर्जा आपूर्ति को लेकर आशंकित रहने वाले विनिर्माताओं ने अपने उत्पादन को समय से पहले ही आगे बढ़ा लिया, जिससे उत्पादन के आंकड़े अस्थायी रूप से बेहतर दिखाई दिए।

मुद्रास्फीति तथा चालू खाता घाटे के बारे में देखें तो सबसे पहले यह उल्लेखनीय है कि मासिक खुदरा मुद्रास्फीति दर, जो अक्टूबर से ऊपर की ओर बढ़ रही थी, अब भी नियंत्रण में है और आरबीआई के चार प्रतिशत के लक्ष्य के निकट बनी हुई है। ऐसा इसलिए संभव हो सका क्योंकि आपूर्ति संबंधी दबावों के बावजूद विकास मंद बना रहा और मांग अपेक्षाकृत स्थिर रही। दूसरी ओर, चालू खाता घाटा, जो भारत के वस्तुओं तथा सेवाओं के आयात-निर्यात के परिणामस्वरूप देश में प्रवाहित तथा बाहर जाने वाली शुद्ध राशि को दर्शाता है, भी आश्चर्यजनक रूप से संयमित बना हुआ है। सामान्यतः जब अर्थव्यवस्था तीव्र गति से बढ़ती है अथवा आयात महंगे होते हैं, तो देश निर्यात की अपेक्षा अधिक आयात करता है, जिससे व्यापार घाटा उत्पन्न होता है और अरबों डॉलर देश से बाहर प्रवाहित होते हैं। किंतु एचएसबीसी के अनुसार भारत का मासिक समेकित आंकड़ों पर आधारित चालू खाता घाटा सकल घरेलू उत्पाद के मात्र 0.3 प्रतिशत के स्तर पर है और इसमें अत्यधिक वृद्धि के कोई विशेष संकेत नहीं मिल रहे। इस स्थिरता का श्रेय मुख्यतः भारत के सेवा क्षेत्र को जाता है, जिसने न केवल सॉफ्टवेयर सेवाओं जैसे निर्यातों के माध्यम से बल्कि विदेशों में कार्यरत भारतीयों द्वारा भेजी जाने वाली धनराशि यानी प्रेषण के माध्यम से भी वस्तुओं के बढ़ते व्यापार घाटे की भरपाई की है। एचएसबीसी के शोधकर्ताओं के अनुसार, यही सेवा क्षेत्र है जो वर्तमान में भारत की साख को बचाए हुए है, क्योंकि यह भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग पचपन प्रतिशत का योगदान देता है और इसीलिए वृद्धि तथा मुद्रास्फीति दोनों की दिशा और गति भारी हद तक इसी क्षेत्र के प्रदर्शन पर निर्भर करेगी, साथ ही यह भी कि बाह्य घाटों को कब तक और किस सीमा तक नियंत्रण में रखा जा सकेगा।

इन संतुलन में भी कुछ छिपे हुए जोखिम विद्यमान हैं जो भविष्य में स्थिति को प्रभावित कर सकते हैं। मुद्रास्फीति के समग्र स्तर सौम्य दिखाई देने के बावजूद, इसके भीतर काफी भिन्न-भिन्न प्रवृत्तियां छिपी हुई हैं। एचएसबीसी रिसर्च के अनुसार जुलाई में खाद्य तथा गैर-खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति पहले से ही वार्षिक आधार पर 5.4 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच चुकी है। इसके विपरीत, हेडलाइन मुद्रास्फीति के निम्न स्तर को बनाए रखने का श्रेय मुख्यतः निम्न सेवा मुद्रास्फीति को जाता है, और यही इस पूरे परिदृश्य में सबसे बड़ा जोखिम बिंदु है, यदि सेवा क्षेत्र की मुद्रास्फीति बढ़ती है, तो समग्र मुद्रास्फीति के आंकड़े तीव्रता से ऊपर की ओर बढ़ सकते हैं। इसी प्रकार चालू खाता घाटे के संबंध में भी बारीकी से देखने पर स्पष्ट होता है कि वर्तमान में यह भले ही निम्न प्रतीत हो, किंतु वस्तुओं का व्यापार घाटा निरंतर बढ़ता जा रहा है और सेवाओं का निर्यात तथा प्रेषण इसकी भरपाई कर रहे हैं। एचएसबीसी स्पष्ट रूप से चेताता है कि अनिश्चितताओं को देखते हुए यह सतर्कतापूर्वक देखना आवश्यक होगा कि सेवा क्षेत्र कब तक बढ़ते वस्तु व्यापार घाटे की भरपाई करने में सक्षम रह पाएगा, विशेषकर तब जब सेवाओं का निर्यात पहले की अपेक्षा धीमी गति से बढ़ रहा है। वास्तव में भारतीय अर्थव्यवस्था वर्तमान में एक नाजुक किंतु सफल संतुलन साधे हुए प्रतीत होती है, जहां मौद्रिक नीति में ढील, कर सुधार और अनुकूल भू-राजनीतिक परिवर्तनों ने मिलकर वृद्धि को गति प्रदान की है, जबकि सेवा क्षेत्र की सुदृढ़ता ने बाह्य असंतुलनों को नियंत्रण में रखा है। किंतु यह संतुलन स्थायी नहीं कहा जा सकता। यदि सेवाओं का निर्यात गति खो देता है अथवा सेवाओं की मुद्रास्फीति में वृद्धि होती है, तो आरबीआई को ब्याज दरें पुनः बढ़ाने के लिए विवश होना पड़ सकता है, जिसका सीधा प्रभाव विकास दर पर मंदी के रूप में देखने को मिल सकता है।

अध्यात्म

## बहरूपियों से हमेशा सतर्क एवं सावधान रहें



एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतरने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहाः भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है। कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया। और बेचारे उस कबूतरके वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके दुःख का कोई ठिकाना न रहा और पल भर में ही उसका सारा संसार उजड़ गया। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। राजा बहुत दयालु इंसान था। राजा ने तुरंत अपने सैनिकों को उस शिकारी को पकड़कर लाने का आदेश दिया। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।

उसके बाद राजा ने कबूतरी को ही उस शिकारी को सजा देने का अधिकार दे दिया और उससे कहा किः तुम जो भी सजा इस शिकारी को देना चाहो दे सकती हो। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा किः हे राजन, मेरा जीवन साथी तो इस दुनिया से चला गया जो फिर कभी भी लौटकर नहीं आएगा, इसलिए मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए। ये अच्छे व्यक्ति वाले कपड़े उतार दे क्योंकि अच्छे व्यक्ति वेल कपड़े पहन कर धोखे से घिनौने कर्म करने वाले सबसे बड़े नीच होते हैं। इसलिए अपने आसपास अच्छे व्यक्ति बनने का ढोंग करने वाले बहरूपियों से हमेशा सावधान रहें। सतर्क रहें और अपना बहुत ध्यान रखें।

# अब डर लड़की का स्थायी पता बन रहा

**कानून अपना काम करेगा, आरोप सिद्ध होंगे या नहीं, यह न्यायिक प्रक्रिया तय करेगी। लेकिन मेरे मन में इससे भी बड़ा सवाल है—क्या किसी लड़की के साथ अपराध हो जाने के बाद हमारी जिम्मेदारी खत्म हो जाती है? मैं आपको चौदह साल पहले की निर्भया कांड याद नहीं दिलाऊँगी! क्या ही होता है याद कर, पढ़ कर, सोच कर, समझ कर समझा कर - बस एक बेचैनी और डर कि मैं अभी जिस जगह हूँ, उसके अगले पल - बाहर, रोड पर, ऑटो में, कैब में, मेट्रो में, मोहल्ले के गली में, कहीं भी-कभी भी - क्या होगा ? मैं लिखते लिखते भी यह अचानक अपना सांस तेज महसूस कर रहीं हूँ यह सोच कर कि लगभग पचास किलोमीटर तक वो अभागी लड़की के साथ कन्डक्टर और ड्राइवर ने क्या-क्या किया होगा? क्यूँ बारिश हुई?**



कभी-कभी कोई खबर पढ़कर हम कुछ समय के लिए चुप हो जाते हैं। शब्द हमारे सामने होते हैं, लेकिन उन्हें पढ़ने के बाद मन में कोई आवाज नहीं बचती। आज सुबह यानि 31 अगस्त को एक खबर ने मुझे पूरी तरह, भीतर तक विचलित किया। दिल्ली की ओर जा रही एक बस में 16 वर्षीय कक्षा 11 की छात्रा के साथ कथित दुष्कर्म की खबर सामने आई। जिस उम्र में एक लड़की को अपने सपनों, कॉलेज, करियर और भविष्य के बारे में सोचना चाहिए, उसी उम्र में उसे एक ऐसी भयावह घटना से गुजरना पड़ा, जिसका असर शायद उसके जीवन के बहुत लंबे हिस्से तक उसके साथ रहेगा।

पुलिस ने चालक और परिचालक को गिरफ्तार किया है और बस को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। कानून अपना काम करेगा, आरोप सिद्ध होंगे या नहीं, यह न्यायिक प्रक्रिया तय करेगी। लेकिन मेरे मन में इससे भी बड़ा सवाल है—क्या किसी लड़की के साथ अपराध हो जाने के बाद हमारी जिम्मेदारी खत्म हो जाती है? मैं आपको चौदह साल पहले की निर्भया कांड याद नहीं दिलाऊँगी ! क्या ही होता है याद कर, पढ़ कर, सोच कर, समझ कर समझा कर - बस एक बेचैनी और डर। कि मैं अभी जिस जगह हूँ, उसके अगले पल - बाहर, रोड पर, ऑटो में, कैब में, मेट्रो में, मोहल्ले के गली में, कहीं भी-कभी भी - क्या होगा ? मैं लिखते लिखते भी यह अचानक अपना सांस तेज महसूस कर रहीं हूँ यह सोच कर कि लगभग पचास किलोमीटर तक वो अभागी लड़की के साथ कन्डक्टर और ड्राइवर ने क्या क्या किया होगा? क्यूँ बारिश हुई? और ‘सब अच्छे होते हैं’, ‘जैसे मैं सबकी मदद करती हूँ वैसे सब करते हैं’ - सोलह बरस की लड़की जो स्कूली ज्ञान और घरेलू मासूम सा ज्ञान लेकर बारिश आने पर आती बस में बैठ गई? वो कौन-सी मनोदशा होगी जो घटिया हरकत के लिए उसके कदम उस मासूम बच्ची की ओर बढ़ गए होंगे।

वो डर जो उस बस के ड्राइवर और कंडक्टर में होना चाहिए कि ऐसी हरकत के उसका खाल खींच लिया जाएगा, वो ‘डर’उस दोनों राक्षकों के वहशी नजरों से उस बच्ची में उतर रहा था। किसी अपराध के बाद गिरफ्तारी जरूरी है, मुकदमा जरूरी है, सजा जरूरी है। लेकिन उससे पहले जरूरी है कि हम उस सामाजिक मानसिकता को समझें, जिसमें महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा को जन्म मिलता है। समस्या केवल अपराधी की मानसिकता में नहीं है; कहीं न कहीं यह हमारी सामूहिक चुप्पी, उदासीनता और कई बार सामाजिक स्वीकृति में भी छिपी हुई है।

यौन हिंसा पर प्रकाशित हालिया विश्लेषण और उपलब्ध आंकड़े इस चिंता को और गंभीर बनाते हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार बड़ी संख्या में महिलाएं करीबी संबंधों में हिंसा का सामना करती हैं। लगभग हर तीन में से एक महिला का ऐसा अनुभव होना केवल एक आंकड़ा नहीं है। मेरे लिए यह उस समाज की तस्वीर है, जिसमें घर, जो सुरक्षा का सबसे पहला स्थान होना चाहिए, कई महिलाओं के लिए भय का स्थान बन जाता है।

और सबसे पीड़ादायक बात यह है कि हिंसा झेलने वाली महिलाओं में से बहुत कम महिलाएं संस्थागत मदद तक पहुंच पाती हैं। जब सहायता लेने वाली महिलाओं का अनुपात बेहद कम हो, तो मुझे लगता है कि हमें यह पूछने की जरूरत है कि आखिर वे बाकी महिलाएं चुप क्यों रहती हैं? क्या उन्हें पुलिस पर भरोसा नहीं? क्या उन्हें परिवार का डर है? क्या समाज उन्हें ही दोषी ठहराएगा? या उन्हें लगता है कि शिकायत करने के बाद उनकी जिंदगी और कठिन हो जाएगी?

शायद इन सभी सवालों का उत्तर कहीं न कहीं ‘हां’ में छिपा है। एनसीआरबी के 2023 के आंकड़ों में भारत में हजारों रेप केसेस दर्ज हुए। पुलिस स्तर पर चार्ज शीटिंग रेट लगभग 80 प्रतिशत रहा, लेकिन कोर्ट कनविक्शन रेट लगभग 23 प्रतिशत के आसपास रहा। ये ऐसे ही बता रही हूँ, कई तो दर्ज ही नहीं होते, रिश्तेदार वाले, संस्था वाले और कुछ बाहुबल वाले। दिल्ली एनसीआर की बस में हुई कथित घटना ने एक और बात सोचने पर मजबूर किया है- हम सार्वजनिक परिवहन को कितना सुरक्षित मानते हैं? एक बस, एक सड़क, एक स्टेशन या एक सुनसान जगह किसी लड़की के लिए भय का पर्याय क्यों बन जाए? सार्वजनिक स्थान वास्तव में तभी सार्वजनिक हैं, जब वहां हर व्यक्ति बिना भय के मौजूद हो सके। इसलिए मेरे लिए यह सिर्फ रेप की खबर नहीं है। यह हमारे समाज की परीक्षा है।

मैं चाहती हूं कि हम आंकड़ों के पीछे छिपे इंसानों को देखें। 2023 में दर्ज 40,393 के आंकड़े के पीछे हजारों जिंदगी हैं। 16 साल की उस बच्ची के पीछे एक परिवार है, उसके सपने हैं, उसकी पढ़ाई है और उसका भविष्य है।

और शायद हमें आज पहली बार नहीं, बल्कि हर बार खुद से यह पूछना चाहिए की क्या हम अपनी बेटियों को सुरक्षित भविष्य दे रहे हैं, या केवल उन्हें असुरक्षित दुनिया में सुरक्षित रहने के तरीके सिखा रहे हैं?

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज बजट की देखरेख और दफ्तर में जिम्मेदारी मिलेगी। अपनी पैसों की स्थिति को खुद संभालने का मन करेगा। तुरंत की खुशी के लिए खरीदारी करने से बचें।

**वृषभ**
आज संभलकर खर्च और काम में ढलने की समझ आएगी। अचानक लाभ के बजाय बचत को संभालना ज्यादा जरूरी रहेगा। नियमित कमाई पर ध्यान दें।

**मिथुन**
आज समझदारी से बचत और काम में तेजी आएगी। कमाई बढ़ाने की इच्छा तेज रहेगी। जल्दबाजी में खरीदारी करने का मन हो सकता है।

**कर्क**
आज धन की मजबूती और दफ्तर में समझदारी दिखानी होगी। परिवार की सुरक्षा और बचत पर ध्यान रहेगा। घर के सामान पर खर्च हो सकता है, लेकिन सीमा में रहकर खर्च करें।

**सिंह**
आज दिखावे से बचाव और दफ्तर में पहचान मिलेगी। धन के फैसलों में भरोसा रहेगा। अपनी काबिलियत बढ़ाने पर खर्च कर सकते हैं।

**कन्या**
आज बजट की जांच और काम में सफाई दिखेगी। पैसों के मामले में सतर्क रहना पसंद करेंगे। बचत और कमाई पर ध्यान जाएगा। जरूरत की चीजें पहचानें और फालतू खर्च रोकें।

**तुला**
आज संतुलित खर्च और बेहतर तालमेल मिलेगा। इससे पैसों के मामलों में अच्छा संतुलन बनेगा। धन और अपनी खुशियों के बीच सही तालमेल बनाएंगे।

**वृश्चिक**
आज भविष्य की योजना और धीरज से काम लेंगे। अपने पैसों के मामलों को गुप्त रखना ही पसंद करेंगे। हर किसी पर भरोसा न करें।

**धनु**
आज समझदारी से निवेश और काम में नए मौके मिलेंगे। पढ़ाई, यात्रा या भविष्य की योजनाओं पर खर्च हो सकता है। काम की जानकारी पर पैसा लगाना फायदेमंद रहेगा।

**मकर**
आज रुके काम निपटाना और काम में अनुशासन रहेगा। पैसों की जिम्मेदारी पर ध्यान देना होगा। जरूरी खर्चों को एक-एक करके पूरा करें। योजना बनाकर चलने से मन शांत रहेगा।

**कुंभ**
आज सोच-समझकर निवेश और नई सोच लगाकर धन लगाए। जल्दी धन कमाने का मन कर सकता है। जल्दबाजी में कहीं भी पैसा न लगाएं।

**मीन**
आज शांत मन से फैसले और पेंडिंग काम का निपटारा होगा। पैसों की जिम्मेदारियों को देखने की सीख दे रही है। पुराने खर्चों या वादों पर दोबारा सोच सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गंगा देवी महिला महाविद्यालय में संस्कृत दिवस समारोह आयोजित



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गंगा देवी महिला महाविद्यालय में संस्कृत दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित प्रो. अशोक कुमार यादव, विभागाध्यक्ष, जे. डी वीमेन्स कॉलेज ने संस्कृत भाषा की प्राचीनता और उसके भाषा -विज्ञान के महत्व एवं अन्य भाषाओं पर उसके प्रभाव की चर्चा की। प्राचार्या प्रोफेसर श्यामा रॉय ने कहा कि संस्कृत के बिना हम समाज की कल्पना नहीं कर सकते. विभागाध्यक्ष प्रो. रागिनी वर्मा ने सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया जबकि डॉ. विधु बाला, एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग ने परंपरागत संस्कृत की उपादेयता पर प्रकाश डाला। छात्राओं के लिए आयोजित संस्कृत गीत प्रतियोगिता में उन्हें पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुंगेर विश्वविद्यालय के डॉ प्रियरंजन तिवारी भी उपस्थित रहे।

### हिंदी विभाग द्वारा शिक्षक दिवस के पूर्व-सम्मान समारोह का आयोजन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिक्षक दिवस के पावन अवसर के पूर्व राम कृष्ण द्वारका महाविद्यालय में हिंदी विभाग के तत्वावधान में स्नातकोत्तर विभाग द्वारा शिक्षक दिवस के पूर्व-सम्मान समारोह का गरिमापूर्ण आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डा.) सीता सिन्हा, हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार, पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. अविनाश रंजन, तथा अतिथि प्राध्यापिका निशु सिन्हा उपस्थित रहीं। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण हरजीत सर नवीन सर, भावना मैम सहित अन्य सभी सम्मानित शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए गुरु-शिष्य परंपरा, शिक्षा के महत्व तथा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं चरित्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। छात्र शैलेश कुमार, रिषभ कुमार, आशिष कुमार, उत्सव कुमार ने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह समारोह विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच आत्मीय संबंधों को सुदृढ़ करने वाला तथा गुरु-शिष्य परंपरा के मूल्यों का पुनः स्मरण कराने वाला सार्थक आयोजन रहा।

### खेत के पानी भरे गड्ढे में डूबने से युवक की मौत

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घोसवरी थाना क्षेत्र के गोसाईं गांव स्थित हिरा टोला में गुरुवार को खेत में पानी से भरे गड्ढे में डूबने से 29 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान विदेशी कुमार, पिता स्वर्गीय सुरेंद्र मांझी के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है।ग्रामीणों के अनुसार, विदेशी कुमार शौच के लिए खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान वह पानी से भरे गड्ढे में गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि विदेशी कुमार को मिर्गी की बीमारी थी। आशंका जताई जा रही है कि खेत की ओर जाने के दौरान उसे मिर्गी का दौरा पड़ा होगा, जिससे वह गड्ढे में गिर गया। हालांकि, मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।घटना की सूचना मिलते ही घोसवरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। सब इंस्पेक्टर अमन राज ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम अनुमंडल अस्पताल, बाढ़ में करा शव परिजनों को सौप दिया है।पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

### हत्या के प्रयास के मामले में एक वारंटी भी धराया



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को महाबलीपुर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मंगल पांडेय, पिता बच्चू पांडेय एवं कुणाल कुमार, पिता मंगल पांडेय के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों की गिरफ्तारी पालीगंज थाना कांड संख्या 464/26 में हुई है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं, पालीगंज थाना कांड संख्या 157/बी के वारंटी अजय यादव, पिता रामपाल यादव को पुलिस ने पड़ाचक से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारंटी को भी आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### 120 लीटर शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा पुलिस ने देर रात वाहन चेकिंग के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए 120 लीटर देसी शराब के साथ एक सीएनजी ऑटो को जब्त किया है और एक सप्लायर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान फैज आलम (29), पिता अब्बास शाह, निवासी हाजीपुर सराय, जिला वैशाली के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि पुलिस पिपरा थाना क्षेत्र के लालचक मोड़ के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान नौबतपुर की ओर से आ रहा एक सीएनजी ऑटो पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर ऑटो को खदेड़ कर पकड़ा। तलाशी के दौरान ऑटो में बोरे में बंद छोटे-छोटे पॉलिथीन में भरी लगभग 120 लीटर देसी शराब बरामद हुई। आरोपी शराब को नौबतपुर से भरकर बेटा की ओर ले जा रहा था।पुलिस ने शराब और वाहन जब्त कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है और अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है।

### बाढ़ सिविल कोर्ट से लोक अदालत जागरूकता रथ रवाना



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के सिविल कोर्ट से 12 सितंबर को होने वाले लोक अदालत के आयोजन को लेकर गुरुवार को जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार चौबे एवं अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी स्वाति प्रियदर्शनी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ रवाना किया। इस संबंध में श्री चौबे ने बताया कि लोक अदालत में पक्षकारों को त्वरित न्याय मिल रहा है।इसके लिए पूरे क्षेत्र में पक्षकारों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसे अदालत में लंबित उनके मुकदमे का निष्पादन आसानी से हो सके। इसके लिए पक्षकारों को सिविल कोर्ट में मामला समाप्त करने के लिए अवसर मिल रहा है। इसमें सुलहनीय मुकदमों का निष्पादन कराया जा रहा है। मौके पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश मनीष कुमार,विवेक भारद्वाज, शैलेंद्र कुमार सिंह, अमित कुमार दीक्षित, अपर मुख्य दंडाधिकारी राम मनोहर चौधरी, धिरजेन्दर पातंजलि आदि मौजूद रहे।

### चोरों ने नकदी समेत 5 लाख के जेवर ले उड़ाए



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के गुलाब बाग मोहल्ले में एक बंद घर में बदमाशों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई है। घर की सदस्य प्रियंका कुमारी ने बताया कि रात में खाना खाकर अपने बच्चों के साथ वह छत पर सोने चली गई। वहीं घर के मालिक सुनील यादव ने बताया कि वह खाना खाकर दलान पर सोने चले गए थे। जब सुबह वहां से आए और दरवाजा खोला तो अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने घर के कीमती सामान ,कपडे , 5 लाख रुपए के सोने के जेवर तथा 14000 रुपए नकदी की चोरी कर ली। इस मामले में बाढ़ थाना में आवेदन दिया गया है। थानाध्यक्ष ब्रजकिशोर सिंह ने बताया कि मामले को संज्ञान में लेकर अज्ञात चोर के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है । चोरों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बाढ़ में चोर अक्सर बंद घरों को निशाना बना रहे हैं। पुलिस चोरी के मामलों का खुलासा करने में कामयाब नहीं हो पाई है

जन्माष्टमी विशेष

# धनरुआ का कन्हैया स्थान, जहां आज भी सुनाई देती है कृष्ण की बांसुरी की धुन

## भगवान श्री कृष्ण की पिंडी बनाकर होती है पूजा

शशि तुलस्यान





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर पूरे देश में हर्षोल्लास का माहौल है। इसी बीच धनरुआ प्रखंड के विजयपुरा गांव स्थित ऐतिहासिक कन्हैया स्थान का महत्व और बढ़ जाता है। जन्माष्टमी पर यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। दूर-दराज से लोग यहां अपनी आस्था और मन्नतें लेकर पहुंचते हैं। स्थानीय लोगों की मान्यता है कि इस स्थान पर आज भी भगवान श्रीकृष्ण की बांसुरी की सुरीली आवाज सुनाई देती है। ग्रामीण अजय शर्मा, राजू शर्मा, प्रमोद शर्मा और संतोष कुमार सिंह बताते हैं कि उनके पूर्वज बताते थे कि जब भगवान श्रीकृष्ण पांडवों के साथ जरासंध पर विजय प्राप्त कर लौट रहे थे, तो उन्होंने विजयपुरा में ही रात्रि विश्राम किया था। एक अन्य मान्यता के अनुसार रुक्मणी हरण के बाद लौटते समय भी उनका ठहराव यहीं हुआ था।इस स्थान से जुड़ी एक और चमत्कारी कथा बंगाली दास की है। कहा जाता है कि विजयपुरा के बंगाली दास जब श्रीकृष्ण से मिलने वृंदावन जा रहे थे, तो भगवान ने रास्ते में कुष्ठ रोगी के वेश में उनकी परीक्षा ली और फिर उन्हें दर्शन दिए। इसके बाद बंगाली दास वृंदावन की पवित्र मिट्टी लाकर यहां पिंडी बनाकर पूजा-अर्चना शुरू की। तभी से यह स्थान कन्हैया स्थान के रूप में प्रसिद्ध हो गया। यहां की सबसे बड़ी विशेषता 53 दिनों तक चलने वाली भव्य रासलीला है। ग्रामीणों के अनुसार यह परंपरा सैकड़ों साल पुरानी है, इसकी शुरूआत कब हुई, यह कोई नहीं जानता। कहा जाता है कि पूरे भारत में केवल तीन जगहों पर ही इतने लंबे समय तक रासलीला का आयोजन होता है, जिसमें धनरुआ का यह कन्हैया स्थान भी शामिल है। 53 दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव को देखने के लिए बिहार ही नहीं, अन्य राज्यों से भी लोग आते हैं।

## पुनपुन नदी का पानी देखने गई 16 वर्षीय किशोरी की डूबने से मौत

### परिजनों में कोहराम

### विधायक ने चार लाख का दिया चेक



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन प्रखंड के छोटकी सपहुआं गांव में पुनपुन नदी में आये बाढ़ का पानी देखने गई 16 वर्षीय किशोरी की डूबने से मौत हो गई। मृतका की पहचान छोटकी सपहुंआ गांव निवासी जितेंद्र मांझी की पुत्री रीना कुमारी (16) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि किशोरी नदी किनारे पानी देखने गई थी, तभी वह गहरे पानी में चली गई और डूब गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, घटना पर फुलवारीशरीफ के पूर्व विधायक गोपाल रविदास ने दुख व्यक्त किया है और पीड़ित महादलित परिवार को सरकारी नियमों के अनुसार मुआवजा देने की मांग की है। वही बाढ़ निरीक्षण का दौरा कर रहे विधायक श्याम रजक घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित परीजनों को ₹4 लाख का मुआवजा का चेक दिया।

## बिहार पब्लिक स्कूल में नन्हे-मुन्नों ने मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व

### उत्कृष्ट प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाण-पत्र देकर किया सम्मानित



**पालीगंज (पटना)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार पब्लिक स्कूल लालगंज सेहरा एवं पालीगंज शाखा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर प्री-प्राइमरी कक्षाओं के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने उत्साह और उल्लास के साथ भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी के रूप में सजकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। नन्हे कृष्ण के रूप में सजे बच्चों ने मोरपंख, मुकुट, बांसुरी और पीतांबर धारण कर मनमोहक प्रस्तुति दी। वहीं राधा के रूप में सजी बच्चियों ने पारंपरिक परिधान और आकर्षक आभूषणों से सभी का ध्यान आकर्षित किया। बच्चों की मासूमियत, आकर्षक वेशभूषा और आत्मविश्वास से पूरा विद्यालय परिसर कृष्णमय नजर आया। प्रतियोगिता में बच्चों की वेशभूषा, प्रस्तुति, रचनात्मकता और आत्मविश्वास के आधार पर सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय की ओर से बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेम, करुणा, सत्य, मित्रता और सद्भावना जैसे मानवीय मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलने के साथ-साथ उन्हें भारतीय संस्कृति एवं पारंपरिक त्योहारों से जोड़ने का भी प्रयास किया गया।

## बाढ का खतरा: कुछ महीने पहले ही बनी पुनपुन-चंडासी सड़क, का 50 फीट हिस्सा बाढ़ में बहा







**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पड़ोसी राज्य में बाढ़ का प्रलय के बाद अब बिहार में नदियां उफान पर हैं पटना से सटे मसौढ़ी अनुमंडल में पुनपुन नदी,दरधा नदी समेत कई नदियां विकराल रूप ले रही है।ऐसे में पुनपुन चंडौस से बाकरचक जाने वाली ग्रामीण लिंक सड़क बाढ़ के पानी में बह गई। सड़क का लगभग 50 फीट हिस्सा टूट गया है और उसके ऊपर से दरधा नदी का पानी बह रहा है। बताया जा रहा है कि इस सड़क का निर्माण चार माह पूर्व ही हुआ था। यह सड़क चंदौस शिव मंदिर से बाकरचक को जोड़ती है और इसकी लंबाई लगभग एक किलोमीटर है। धनरूआ की तरफ से दरधा नदी का पानी खेतों में प्रवेश कर चुका है।इधर, पुनपुन नदी तीन दिनों से उफान पर है। बुधवार दोपहर जलस्तर खतरे के निशान 50.60 मीटर से बढ़कर 52.62 मीटर पहुंच गया। तटबंधों पर बढ़ते दबाव और ओवरफ्लो के कारण फहीमचक, बड़हिया कोल, लोदीपुर सहित कई निचले इलाकों के खेतों में पानी घुस गया है। स्थिति को देखते हुए मसौढ़ी एसडीएम धनराज कुमार, एसडीपीओ राघव दयाल और पुनपुन सीओ प्रभात रंजन ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। सीओ ने बताया कि अभी आवागमन पूरी तरह प्रभावित नहीं है, लेकिन जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है और तटबंधों की निगरानी की जा रही है।

## गंगा का रौद्र रूप: मोकामा में मचा हाहाकार, दियारा की आबादी पलायन को मजबूर

### हाथीदह में खतरे के निशान से 1.20 मीटर ऊपर बह रही गंगा, दो दिनों में तीन फीट बढ़ा जलस्तर





**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गंगा नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर ने मोकामा प्रखंड के दियारा इलाकों में तबाही का मंजर पैदा कर दिया है। गुरुवार को कसहा दियारा और जंजीरा दियारा पंचायत की पूरी आबादी बाढ़ की चपेट में आ गई। कई घरों में पानी घुसने के बाद ग्रामीण सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करने लगे हैं। वहीं, तेज धार के कारण कसहा दियारा की मुख्य सड़क पर बनी पुलिया के पूरी तरह धंसने का खतरा मंडरा रहा है।कसहा दियारा की सड़क पर बनी पुलिया करीब दस दिन पहले ही धंस गई थी। उस समय ईंट और मिट्टी डालकर किसी तरह आवागमन बहाल किया गया था। लेकिन गंगा के जलस्तर में अचानक हुई वृद्धि और पानी की तेज रफ्तार के कारण पुलिया फिर धंसने लगी है। ग्रामीणों के अनुसार, पुलिया कभी भी पूरी तरह धंस सकती है, जिससे क्षेत्र का आवागमन बाधित हो सकता है।कसहा दियारा पंचायत में गुरुवार सुबह ग्रामीणों की नींद खुली तो कई घरों में गंगा का पानी प्रवेश कर चुका था। अचानक बढ़े पानी से लोगों में अफरातफरी मच गई। ग्रामीण जरूरी सामान और मवेशियों को लेकर सुरक्षित स्थानों की ओर निकलने लगे हैं। पूरे इलाके में बाढ़ का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।हाथीदह में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 1.20 मीटर ऊपर पहुंच गया है। नदी का जलस्तर हाई फ्लड लेवल मार्क 43.52 मीटर से महज 0.56 मीटर नीचे रह गया है। जलस्तर में इसी गति से वृद्धि जारी रही तो करीब 10 इंच की और बढ़ोतरी के बाद वर्ष 2021 के फ्लड लेवल मार्क को पार करने की स्थिति बन सकती है।हाथीदह में पिछले 24 घंटे के दौरान गंगा के जलस्तर में 0.47 मीटर की वृद्धि दर्ज की गई है। यह वर्ष 2026 में अब तक का सबसे ऊंचा जलस्तर बताया जा रहा है। लगातार दो दिनों में नदी के जलस्तर में करीब तीन फीट की बढ़ोतरी से दियारा क्षेत्रों में खतरा और बढ़ गया है।मोकामा प्रखंड के शिवनार पंचायत के वार्ड संख्या 9 और 11 में संगत घाट के आसपास कई घरों पर गंगा कटाव का खतरा मंडरा रहा है। वहीं शिवनार गांव के बिचला टोला की मुख्य सड़क पूरी तरह पानी में डूब गई है। इससे कुछ परिवार अपने घरों में ही फंस गए हैं और सुरक्षित स्थानों तक पहुंचने में परेशानी हो रही है।जंजीरा दियारा में बाढ़ की स्थिति बेहद गंभीर हो गई है। पंचायत के दो वार्डों की करीब 800 की आबादी पूरी तरह बाढ़ के पानी से घिर गई है। ग्रामीण अपने घर छोड़कर जरूरी सामान और मवेशियों के साथ प्रखंड मुख्यालय में शरण लेने को मजबूर हैं।मोकामा अंचलाधिकारी लवली कुमारी के निर्देश पर जंजीरा दियारा में सरकारी नाव भेजकर ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की कवायद शुरू कर दी गई है। प्रभावित लोगों के बीच प्लास्टिक और चूड़ा-मीठा का वितरण किया गया है। साथ ही कम्युनिटी किचेन शुरू करने की व्यवस्था की जा रही है।गंगा के बढ़ते जलस्तर का असर अब नगर परिषद क्षेत्र में भी दिखाई देने लगा है। जलस्तर बढ़ने के कारण नालों के रास्ते गंगा का पानी शहर में प्रवेश करने लगा है। इससे निचले इलाकों में जलजमाव और बाढ़ की आशंका बढ़ गई है।गंगा के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि ने प्रशासन और ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। दियारा क्षेत्रों में लोग अपने घर, सामान और मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में जुटे हैं।

## महतमाईन के उफान से भुतही में तेज बहाव, आहर-पईन लबालब, देसी मछलियों से बाजार गुलजार

### खरभैया पंचायत में भूजल स्तर सुधरा, किसानों के चेहरे खिले



**दनियावां(पटना)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फल्गु में उफान के बाद उसकी सहायक बरसाती नदियां महतमाईन और भुतही भी पूरे शबाब पर हैं। लाल पानी के साथ तेज जलप्रवाह आने से खरभैया पंचायत के सरथुआ, तोप, नियामतपुर, खरभैया, कुंडली और परसन बीघा गांव के खंधा स्थित सभी आहर, पईन, पोखर और जलाशय लबालब भर गए हैं। पारी और निगारी पुल के गेट खोलकर पानी को आहरों में संग्रहित किया गया। सरथुआ के पारी, कुशहा, बलवा पर, डोमा कोना, सरहद जैसे पारंपरिक जलस्त्रोतों के भरने से इस बार भूजल स्तर में अभूतपूर्व सुधार की उम्मीद है, जिससे अगली रबी फसल तक किसानों को सिंचाई में सहूलियत मिलेगी।

#### देसी मछलियों की बहार

नदियों में पानी आने के साथ ही देसी और स्वादिष्ट मछलियों की बहार आ गई है। तोप गांव के मछुआरों भीम केवट, अर्जुन मल्लाह, राजकमल और विभीषण पटेल ने बताया कि इस लाल पानी में पताशी, चेलक्कर, इचना (देसी झींगा), पोठिया, चरनक्वा, अरगी और टेंगरा जैसी लोकल प्रजातियां भी कुछ मात्रा में आई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इन लाल पानी की बरसाती मछलियों का स्वाद अद्भुत होता है और बाजार में इनकी काफी मांग है। कई परिवारों की रोजी-रोटी भी इसी मौसमी मछली से चलती है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में मछली पकड़ने का उत्साह देखा जा रहा है।

## तीन बच्चों की मां ने प्रेमी के साथ रहने की जिद में 200 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी नगर के वीर कुंवर सिंह कॉलोनी स्थित एयरटेल मोबाइल टावर पर गुरुवार सुबह एक शादीशुदा महिला करीब 200 फीट की ऊंचाई पर चढ़ गई। करीब 5 घंटे तक चले हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद उसे नीचे उतारा गया। महिला की पहचान गौरीचक निवासी लक्ष्मी कुमारी, पति राजू राम के रूप में हुई है। राजू हलवाई का काम करते हैं। मसौढी के वीर कुंवर सिंह कॉलिंग में किराए का मकान में रहती हैं, लक्ष्मी तीन बच्चों की मां है। बताया जा रहा है कि मसौढ़ी के एक निजी स्कूल में ड्राइवर का काम करने वाले मंटू कुमार के साथ उसका कई वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा है।

## शिक्षिका हत्या पर पुनपुन में शोक, दी गई श्रद्धांजलि, हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी की मांग



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय, शहबाजपुर की प्रखंड शिक्षिका लक्ष्मी कुमारी की निर्मम हत्या की खबर से पुनपुन प्रखंड के शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई। इस घटना से पूरे शिक्षक समाज में आक्रोश और गम का माहौल है। शिक्षकों ने बताया कि लक्ष्मी कुमारी स्वभाव से बेहद सरल, नेक और कर्तव्यनिष्ठ थीं। शिक्षा के प्रति उनका समर्पण और बच्चों के प्रति उनका लगाव अनुकरणीय था। उनके असामयिक निधन से शिक्षा जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रखंड के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में शोक सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय में अवकाश के समय शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी ।

## डिजिटल पेमेंट से छोटे कारोबारियों के लिए लोन लेना हुआ आसान

**पटना/मुजफ्फरपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** छोटे कारोबारों में ट्रांजेक्शन का तरीका तेजी से बदल रहा है। यूपीआई और दूसरे डिजिटल पेमेंट से अब हर ट्रांजेक्शन का रिकॉर्ड बन रहा है। इससे कारोबारियों को बैंकिंग से जुड़ने और जरूरत पड़ने पर लोन लेने में मदद मिल रही है। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के हेड, इमर्जिंग बिजनेस, उमेश अरोड़ा ने कहा, देशभर में छोटे कारोबारी अब डिजिटल पेमेंट को सिर्फ सुविधा नहीं, बल्कि अपने कारोबार का हिस्सा मान रहे हैं। बैंकिंग और पेमेंट का रिकॉर्ड उनके कारोबार को समझने में मदद करता है और इससे लोन लेने के रास्ते भी आसान हो सकते हैं। कुछ साल पहले तक कई छोटे कारोबारी ज्यादातर नकद में काम करते थे। बिक्री और खरीद का पूरा रिकॉर्ड नहीं होता था। ऐसे में कारोबार अच्छा होने के बावजूद बैंक से लोन लेना मुश्किल हो जाता था।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का डीएम-एसएसपी ने किया दौरा, तटबंधों की 24 घंटे होगी निगरानी, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन नदी में बढ़ते जलस्तर और बाढ़ की स्थिति को देखते हुए पटना के जिलाधिकारी कुंदन कुमार और वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा ने गुरुवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।डीएम ने सबसे पहले धनरुआ प्रखंड स्थित दरधा नदी पर बने रामपुर-लवाइच बराज का निरीक्षण किया और वहां जलस्तर, तटबंधों की स्थिति और कटाव की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने चंडासी गांव में बाढ़ से टूटी सड़क और जलमग्न इलाकों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारियों को बालू बैग से पिचिंग, कटावरोधी कार्य तेजी से करने और संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। डीएम ने मसौढ़ी एसडीएम धनराज कुमार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की लगातार मॉनिटरिंग करने, ओवरफ्लो वाले स्थानों पर कटावरोधी कार्य कराने, रिजर्व बालू बैग तैयार रखने और ग्रामीणों के बीच अलर्ट की सूचना लगातार प्रसारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी चौकीदारों और स्थानीय अधिकारियों को जमींदारी बांधों पर तैनात रहने और किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल देने को कहा।वहीं एसएसपी ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में विधि-व्यवस्था बनाए रखने और अफवाहों पर रोक लगाने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीओ,बीडीओ समेत बाढ़ नियंत्रण विभाग, जलसंसाधन विभाग के कई अधिकारी मौजूद थे। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे नदी के किनारे न जाएं और प्रशासन के निदेर्शों का पालन करें। वहीं जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप में कहा कि अफवाहों पर ध्यान नहीं दें पूरे जिले भर में तटबंध सुरक्षित है बाढ़ राहत को लेकर अनुमंडल प्रशासन द्वारा कई जरूरी कार्य चलाए जाएंगे इसके अलावा अनुमंडल पदाधिकारी धनराज कुमार ने बताया कि धनरूआ के दरधा नदी काफी ओवरफ्लो पर चल रही है जो डेंजर लेवल के 55.90 मीटर वर्तमान स्थिति बताई गई है इसके अलावा कई तटबंधों पर पानी ओवरफ्लो चल रहा है जिसमें युद्धस्तर पर कटावरोधी कार्य किया जा रहे हैं।

## कुख्यात कारू सिंह साथी समेत गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा थाना क्षेत्र के मोलदियार टोला में बुधवार देर रात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुख्यात अपराधी राकेश कुमार उर्फ कारू सिंह को उसके एक साथी के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों को बरही टोला से खदेड़कर पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोलदियार टोला निवासी राकेश कुमार उर्फ कारू सिंह और सकरबार टोला निवासी शिवजी सिंह के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, कारू सिंह अपने दो साथियों के साथ कट्टा लेकर घूम रहा था। कट्टा लहराने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। बताया जाता है कि वह अपने साथियों के साथ मोलदियार टोला स्थित अपनी पत्नी के घर पहुंचा और कट्टा दिखाकर पूर्व में दर्ज केस उठाने की धमकी देने लगा। इसकी सूचना मिलते ही मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने पुलिस टीम को कार्रवाई के लिए भेजा।

## संक्षिप्त समाचार

### सांप काटने के बाद नालंदा मेडिकल कॉलेज पटना भेजा गया

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार की सुबह अकबरपुर नया टोला गांव में राजबल्लभ महतो के 14 वर्षीय पुत्री पूजा कुमारी को घर के पास सांप ने काट लिया परिजन जल्दबाजी में उसे इलाज के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया जहां रेबीज के 9 इंजेक्शन लगाए गए। इसके बाद भी जब लड़की के हालात में सुधार देखने को नहीं मिला तो चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज पटना भेज दिया। चिकित्सक ने बताया कि जहरीले सांप के काटने के बाद लड़की की हालत बिगड़ती जा रही थी।

### तालाब में डूबकर महिला की मौत

**छपरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिले के मांझी थाना क्षेत्र में आज गुरूवार को एक महिला की मौत तालाब में डूबकर हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सालिमपट्टी गांव निवासी बबीता देवी(40) अपने गांव के तालाब के समीप शौच करने के उपरान्त हाथ-पैर धोने तालाब के किनारे गयी थी। जहां पैर फिसलने से वह तालाब के गहरे पानी में जा कर डूब गई। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजनों को तब मिली जब वह देर तक घर नहीं लौटी। जिसके बाद परिजन उसे तलाश करते हुए तालाब के पास पहुंचे तो उसका शव पानी में तैरता देखा। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस इस मामले में मृतक के परिजनों से मिले आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

### टाऊन थाना के दरोगा की सड़क दुर्घटना में मौत

**बांका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** टाऊन थाना में पदस्थापित दारोगा सूरज भूषण प्रसाद की एक सड़क दुर्घटना में आज तड़के सुबह मौत हो गई। वे वाईक पर सागर कुमार के साथ ड्यूटी कर थाना जा रहे थे की शहर के पोस्ट ऑफिस के पास दुर्घटना ग्रस्त हो गई जिसमें दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए। सूचना पर पुलिस ने दोनों घायलों को सदर अस्पताल बांका पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने दरोगा सूरज भूषण प्रसाद को मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधीक्षक अनिमेश कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि एक मोटर साईकिल पर दोनों आ रहे थे कि मुख्य डाकघर बांका के पास दुर्घटना ग्रस्त हो गई जिसमें दोनों घायलों को सदर अस्पताल बांका लाया गया जहां डॉक्टर ने दरोगा सूरज भूषण प्रसाद को मृत घोषित कर दिया। जख्मी सागर कुमार को बेहतर इलाज के लिए जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भागलपुर भेज दिया गया है। शहीद दरोगा के शव को पुलिस लाइन में लाया गया जहां पुलिस अधीक्षक सहित सभी पुलिस कर्मियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। वे बिहारशरीफ के रहने वाले थे।

### श्री गुरु संत रविदास जी की 650वीं जयंती पर समरसता संकल्प

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के निदेर्शानुसार गुरु संत रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर जिले के सभी अनुसूचित जाति टोलों में 'समरसता संकल्प अभियान' चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज माइक्रोप्लान के अनुरूप कोटवा प्रखण्ड अंतर्गत मछरगांवा पंचायत के नवादा गाँव में आयोजित शिविर का जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अवधेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पर्यवेक्षण किया गया। पर्यवेक्षण के दौरान शिविर में उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा वंचित लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने तथा सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने पर बल दिया गया। इस अवसर पर कोटवा प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चिरंजीव पाण्डेय द्वारा शिविर में प्रतिनियुक्त सभी कर्मियों को निर्देश दिया गया कि सभी लाभुकों के साथ सौजन्यतापूर्ण व्यवहार करते हुए ससमय उनकी समस्याओं का निष्पादन सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी पात्र लाभुक सरकारी लाभ से वंचित न रहे। शिविर में प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी सुमित कुमार,प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# वसुधा जीविका संकुल संघ की वार्षिक आमसभा आयोजित

## वित्तीय वर्ष 2025-26 में संकुल संघ ने करीब 13 लाख रुपये का शुद्ध मुनाफा किया अर्जित

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक में वसुधा जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक आमसभा में संकुल संघ की वर्षभर की गतिविधियों, उपलब्धियों और वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गई। आमसभा में आगामी वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना पर चर्चा कर आजीविका गतिविधियों के विस्तार और महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने पर सहमति बनी। संकुल संघ की अध्यक्ष बेबी देवी ने आमसभा में ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि वसुधा जीविका संकुल संघ से 909 स्वयं सहायता समूह जुड़े हैं, जिनमें करीब 11,517 जीविका दीदियां सक्रिय हैं। महिलाओं की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर



बनाने के उद्देश्य से संकुल संघ की ओर से विभिन्न आजीविका गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इनमें आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए पोशाक की सिलाई तथा तिरंगा झंडे का निर्माण प्रमुख है। इन गतिविधियों से वित्तीय वर्ष 2025-26 में संकुल संघ ने करीब 13 लाख रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया। आमसभा को संबोधित करते हुए मशरख प्रखंड के प्रखंड परियोजना प्रबंधक संजीव कुमार ने जीविका दीदियों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक मजबूती का महत्वपूर्ण आधार हैं। समूहों के माध्यम से मिलने वाले ऋण का सदुपयोग कर महिलाओं को नए उद्यम और आजीविका गतिविधियां शुरू करनी चाहिए। प्रबंधक आईबीसीबी मुकेश कुमार ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की मजबूती उनके मूलभूत नियमों के प्रभावी अनुपालन पर निर्भर करती है। नियमित बैठक, बचत, समय पर ऋण की वापसी, आपसी सहयोग और वित्तीय पारदर्शिता समूह की सफलता के लिए जरूरी हैं। इन नियमों का निरंतर पालन समूहों को मजबूत और टिकाऊ बनाने के साथ महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडर और बेहतर कार्य करने वाली जीविका दीदियों को सम्मानित किया गया। अध्यक्ष बेबी देवी ने आगामी वित्तीय वर्ष में आजीविका गतिविधियों का विस्तार करने, व्यवसाय को और मजबूत करने तथा अधिक से अधिक महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प व्यक्त किया। मंच संचालन सामुदायिक समन्वयक पूजा कुमारी ने किया, जबकि आयोजन की देखरेख क्षेत्रीय समन्वयक पुलस कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम में जिला स्तर से प्रबंधक स्वास्थ्य विशाल कुमार, प्रबंधक संचार दीपक कुमार, प्रबंधक पशुधन मनोहर कुमार, प्रशिक्षण अधिकारी माया यादव एवं प्रभाकर कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और केनरा बैंक के प्रबंधक, प्रखंड कार्यालय के कर्मी, जीविका के विभिन्न कैडर तथा बड़ी संख्या में जीविका दीदियों ने भाग लिया। आमसभा में महिलाओं ने संकुल संघ की उपलब्धियों और आजीविका गतिविधियों की समीक्षा करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इसकी जानकारी जीविका, सारण कार्यालय से दीपक कुमार ने दी है।

**11,517 जीविका दीदियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आजीविका गतिविधियों के विस्तार पर जोर**

# लोक अदालत का संदेश लेकर निकले 10 से अधिक प्रचार रथ, चालान में 50% तक छूट

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण की ओर से 10 से अधिक प्रचार रथ रवाना किए गए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, उछरअ श्री अभिषेक कुमार दास ने सुबह 10 बजे हरी झंडी दिखाकर रथों को रवाना किया। मौके पर उखट पुनीत कुमार तिवारी, विशेष न्यायाधीश कमलेश चंद्र मिश्रा, अउख राज विजय सिंह, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय श्री इसरार अहमद समेत अन्य न्यायिक पदाधिकारी मौजूद रहे। सेंट्रल बैंक के छउ्ट श्री के.एम. सिंह सहित विभिन्न बैंकों के अधिकारी भी उपस्थित थे। उछरअ सचिव नितिन त्रिपाठी ने मीडिया को बताया कि प्रचार रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के त्वरित एवं आपसी सहमति से निस्तारण के प्रति जागरूक करेंगे। उन्होंने बताया कि यातायात चालान से



जुड़े मामलों में लोक अदालत के माध्यम से 50 प्रतिशत तक की छूट/रिबेट का लाभ भी दिया जा रहा है।उन्होंने आमजन से अपील की कि अपने लंबित मामलों को वर्षों तक लंबित रखने के बजाय लोक अदालत में आपसी सहमति से शीघ्र निस्तारित कराएं। साथ ही जिन लोगों के यातायात चालान लंबित हैं, वे लोक अदालत में उपलब्ध 50 प्रतिशत तक की छूट/रिबेट का लाभ उठाकर अपने चालानों का निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि लोक अदालत विवादों के शांतिपूर्ण, सरल और त्वरित समाधान का अवसर है, इसलिए अधिक से अधिक लोग इस अवसर का लाभ उठाएं।लोक अदालत में बैंक ऋण, चेक बाउंस, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा सहित अन्य सुलहनीय मामलों का भी निस्तारण किया जाएगा।

# बापूधाम महोत्सव में गूंजा चंपारण के गौरव और विकास का संदेश, एक करोड़ रोजगार का लक्ष्य : श्रवण कुमार

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि चंपारण की धरती ने ही महात्मा गांधी को 'बापू' बनाया और यहीं उन्होंने सत्याग्रह का पहला सफल प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि चंपारण का इतिहास देश की स्वतंत्रता के संघर्ष में स्वर्णाक्षरों में दर्ज है। बापूधाम महोत्सव के तीसरे दिन गुरुवार की शाम



आयोजित कार्यक्रम का श्री कुमार, स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार, राजू तिवारी, विधान पार्षद डॉ. खालिद अनवर, जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव, उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार, सहायक समाहर्ता राजकृष्ण झा, जदयू जिलाध्यक्ष भरत पटेल और भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा, सबसे पहले मैं बापू की धरती चंपारण को नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने देश की आजादी के लिए जो योगदान दिया, वह किसी से छिपा नहीं है, लेकिन चंपारण की धरती ही वह स्थान है, जहां गांधी ने सत्याग्रह का सफल प्रयोग कर देश को नई दिशा दी और 'महात्मा' से 'बापू' बने। प्रभारी मंत्री ने बापूधाम महोत्सव के आयोजन और बेहतर व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन की सराहना करते हुए मोतिहारी सांसद राधा मोहन सिंह को भी साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि सांसद की देखरेख में जिला प्रशासन ने महोत्सव को बेहतर ढंग से सजाया और संवारा है। चंपारण के सभी जनप्रतिनिधि क्षेत्र के विकास और उन्नति के लिए लगातार प्रयासरत हैं। श्री कुमार ने कहा कि वर्ष 2020 से 2025 के दौरान राज्य में 11 लाख लोगों को सरकारी नौकरी तथा 40 लाख से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 से 2030 के बीच सरकार ने एक करोड़ लोगों को नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया है और इस दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बिहार को तेजी से विकास के पथ पर आगे ले जा रही है। उन्होंने महिला सशक्तीकरण को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि बिहार में करीब 40 हजार महिलाओं को पुलिस सेवा में भर्ती मिली है, जो देश में सर्वाधिक है। उन्होंने कहा कि चंपारण के लोगों का सहयोग, प्रेम, भाईचारा और आपसी मिल्लत बिहार को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। समारोह में विधायक प्रमोद कुमार, राजू तिवारी और विधान पार्षद डॉ. खालिद अनवर ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया। महोत्सव में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पटना में बाढ़ की स्थिति पर सांसद रविशंकर प्रसाद ने दिखाई तत्परता

## जिलाधिकारी और दोनों एसडीएम से की सीधी बात, अधिकारियों को दिए युद्धस्तर पर राहत कार्य के निर्देश

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटना जिले में लगातार हो रही वर्षा और गंगा के बढ़ते जलस्तर से उत्पन्न हुई बाढ़ की गंभीर स्थिति पर पटना साहिब के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए त्वरित हस्तक्षेप किया है। सांसद ने पटना के जिलाधिकारी, पटना सिटी के अनुमंडल पदाधिकारी और बाढ़ के अनुमंडल पदाधिकारी से दूरभाष पर विस्तृत वार्ता कर जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति, जलस्तर की स्थिति और प्रशासन द्वारा किए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों की पूरी जानकारी ली। श्री प्रसाद ने अधिकारियों को स्पष्ट और कड़े शब्दों में निर्देश दिया कि इस आपदा की घड़ी में आम जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से गंगा के किनारे बसे अत्यंत संवेदनशील इलाकों - दियारा क्षेत्र, बाढ़ अनुमंडल, बख्तियारपुर, खुशरूपुर, पुनपुन-धरधा नदी का तटीय क्षेत्र और पटना सिटी के निचले इलाकों में रह रहे लोगों तक तत्काल सहायता पहुंचाने को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा। सांसद श्री प्रसाद ने बाढ़ प्रभावित सभी परिवारों तक बिना किसी विलंब के राहत सामग्री पहुंचे। किसी भी परिवार को भूखा न रहना पड़े, इसके लिए पर्याप्त संख्या में सामुदायिक किचन तत्काल शुरू किए जाएं। प्रभावित क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल, आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं, ओआरएस, ब्लीचिंग पाउडर और पर्याप्त संख्या में नावों की समुचित व्यवस्था युद्धस्तर पर सुनिश्चित की जाए ताकि लोगों का आवागमन और सुरक्षित निकासी संभव हो सके। जलजमाव के कारण फैलने वाली संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए मेडिकल टीमों को पूरी तरह सक्रिय किया जाए। हर प्रभावित पंचायत और वार्ड में डॉक्टरों की टीम भेजी जाए और दवा का छिड़काव कराया जाए। सभी निचले इलाकों में प्रशासन के अधिकारी स्वयं स्थल पर जाकर स्थिति का जायजा लें। इस पर जिला प्रशासन की ओर से सांसद को आश्वस्त किया गया कि जिले के सभी अनुमंडलों में राहत और बचाव कार्य पूरी मुस्तैदी और युद्धस्तर पर जारी है। प्रशासन की टीमें 24 घंटे अलर्ट पर हैं और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा, पटना साहिब के लोगों की सुरक्षा मेरी पहली जिम्मेदारी है। इस कठिन घड़ी में मैं और मेरा पूरा कार्यालय पटना की जनता के साथ खड़ा है। मैंने प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिया है कि राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मैं स्वयं पूरी स्थिति पर व्यक्तिगत रूप से नजर बनाए हुए हूं।

# जेपी सेनानियों ने मंडल कारा की व्यवस्थाओं को सराहा



**48 वर्ष बाद जेल परिसर में हुए बदलाव को बताया सुविधाजनक, शिक्षा, पुस्तकालय व योग केंद्र समेत आधुनिक सुविधाओं की ली जानकारी**

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला स्तर पर गठित प्रशासनिक त्रिस्तरीय समिति के वरीय अधिकारियों, मंडल कारा अधीक्षक एवं जेपी सेनानियों ने मंडल कारा छपरा का भ्रमण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जेपी सेनानियों ने करीब 48 वर्ष पूर्व की जेल व्यवस्था को याद करते हुए वर्तमान व्यवस्थाओं में आए व्यापक बदलाव की सराहना की। जेपी सेनानियों ने कहा कि उस समय की तुलना में आज मंडल कारा की व्यवस्था में काफी परिवर्तन हुआ है। कैदियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जेल परिसर में स्कूल, पुस्तकालय, योग केंद्र सहित कई आधुनिक व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके अलावा भोजन तैयार करने के लिए रोटी बनाने की मशीन तथा दाल, चावल और सब्जी आदि बनाने की मशीनें भी उपलब्ध हैं। इस अवसर पर मंडल कारा अधीक्षक ने कहा कि कैदियों की सुविधाओं और आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा जाता है। कैदियों की ओर से प्राप्त आवेदनों की जांच करने के बाद उन्हें समाहर्ता, सारण के पास अग्रसारित किया जाता है, ताकि आवश्यकता के अनुरूप पात्र एवं जरूरतमंद लोगों को उचित लाभ उपलब्ध कराया जा सके। भ्रमण के दौरान मंडल कारा अधीक्षक के अलावा जेपी सेनानी रमेश तिवारी एवं भरत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# किशनगंज में सौर मेले का शुभारंभ, डीएम-एसपी ने सोलर रथ को दिखाई हरी झंडी

**किशनगंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और आम लोगों को स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को नगर प्रशासनिक भवन, ठाकुरगंज में सौर मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी नवीन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने सोलर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।सौर मेले में आम लोगों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर पैनल लगाने, सरकारी अनुदान, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, पैनल की स्थापना, बिजली बिल में बचत और योजना के अन्य लाभों की जानकारी विशेषज्ञों द्वारा दी जा रही है।योजना के तहत केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से उपभोक्ताओं को अधिकतम ₹98,000 तक की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। एक किलोवाट तक के सोलर प्लांट पर केंद्र सरकार की ओर से ₹30 हजार तथा बिहार सरकार की ओर से ₹10 हजार, यानी कुल ₹40 हजार का अनुदान दिया जा रहा है। दो किलोवाट तक कुल ₹80 हजार तथा तीन किलोवाट तक ₹98 हजार तक का अनुदान निर्धारित है। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त अनुदान का प्रावधान 31 मार्च 2027 तक किया गया है।




**GOVERNMENT ENGINEERING COLLEGE, AURANGABAD**
Arthua, Kasma, Rafiganj Aurangabad Bihar-824125
Website:- www.gecaurangabad.ac.in, Email. principal@gecaurangabad.ac.in
Science, Technology & Technical Education Dept. Govt. of Bihar
Inviting Short-term e-Tender Notice
(Through e-procurement mode only https://eproc2.bihar.gov.in)

Ref. No. : GEC/Acc/Abad/176

**E -Tender Notice No-GEC/Abad/Securty/2025-26/02**

Name of Work: "Tender for outsourcing of servises of security guard, house keeping (including sweeper) staff and gardener in government engineering college aurangabad."

| Sl. No. | Scope of work | Estimated cost (In Rupees) | Cost of tender document (In Rupees) | Tender processing Fee (Non Refundable) (Inclusive GST) | Earnest Money (In Rupees) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender for outsourcing of servises of security guard, house keeping (including sweeper) staff and gardener | NA | Rs. 5000.00 (Five Thousand only) | Rs. 590.00 (Five Hundred Ninety) | Rs. 200000.00 ( Rupees Two Lacs only) |

**Tender Schedule/Program**

| S.No. | Event Description | Timeline |
|---|---|---|
| 1 | Last date & time of downloading the RFP | Till 15.09.2026 **up to 04:00 PM**, on eproc2.bihar.gov.in |
| 2 | Pre-bid meeting | **12.09.2026 at 11:00 AM** |
| 3 | Submission (upload) of online bidding document. | Till 15.09.2026 **up to 05:00 PM**, on eproc2.bihar.gov.in |
| 4 | Submission of EMD | Till 15.09.2026 **up to 05:00 PM**, in offline mode to Government Engineering College Aurangabad |
| 5 | Bid Opening Date | 18.09.2026 at 01:00 PM on the eproc2.bihar.gov.in |
| 6 | Pre- bid meeting venue | Government Engineering College Aurangabad (Bihar) ,Arthua,Kasma,Rafiganj,Aurangabad,Bihar-824125 |
| 7 | Contact person | Principal, Government Engineering College Aurangabad(Bihar) Mobile no : +91 8743074732 Email ID: principal@gecaurangabad.ac.in |

Note:-Government Engineering College Aurangabad, reserves the right to Accept/Cancel/Reschedule tenders without assigning any reasons.

Principal
Government Engineering College, Aurangabad

PR- 011020 (Science & Tech.) 2026-27
For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**


# बाढ़ के बीच 'जिंदगी की नाव' : नौका एंबुलेंस से गांव-गांव पहुंच रही मेडिकल टीम

## नौका एंबुलेंस से दुर्गम इलाकों तक पहुंच रही स्वास्थ्य टीम

**छपरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिले में बाढ़ से घिरे गांवों और दुर्गम इलाकों में रहने वाले लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की आठ टीमें लगातार मैदान में जुटी हैं। सड़क संपर्क बाधित होने के बावजूद चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी प्रभावित इलाकों तक पहुंचकर लोगों की स्वास्थ्य जांच कर रहे हैं और जरूरत के अनुसार दवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। अब तक स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने 428 लोगों की स्वास्थ्य जांच की है। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जीवन रक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की है, जबकि जिन इलाकों तक सड़क मार्ग से पहुंचना मुश्किल है, वहां नौका एंबुलेंस के माध्यम से मेडिकल टीमों को पहुंचाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग का विशेष जोर बाढ़ के दौरान होने वाली सामान्य बीमारियों के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं, शिशुओं और बुजुर्गों को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने पर है। प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचने वाली टीमों द्वारा जांच, चिकित्सकीय परामर्श और आवश्यक दवा वितरण का कार्य एक साथ किया जा रहा है।



चार प्रखंडों के बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंची आठ टीमें

जिले के चार प्रखंडों के बाढ़ प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य विभाग की टीमों को तैनात किया गया है। मेडिकल टीमें जलजमाव और आवागमन की कठिन परिस्थितियों के बावजूद गांवों और टोलों तक पहुंच रही हैं। सदर प्रखंड के कोटवापट्टी रामपुर, बीनगांवा, रामपुर, रायपुर, महाजी सहित विभिन्न प्रभावित इलाकों में टीमों ने पहुंचकर लोगों की स्वास्थ्य जांच की। इसके अलावा रिविलगंज प्रखंड के निचले इलाकों, दिलीयरहीमपुर, तथा सोनपुर और दिघवारा के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य विभाग की टीमें पहुंचीं। मेडिकल टीमों ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ बीमारी के लक्षणों के आधार पर आवश्यक दवाएं दीं और सावधानी बरतने संबंधी परामर्श भी दिया।

### नौका एंबुलेंस बनी दुर्गम इलाकों तक पहुंचने का जरिया

बाढ़ के कारण कई ऐसे इलाके हैं, जहां सड़क मार्ग से पहुंचना मुश्किल हो गया है। ऐसे क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित न हों, इसके लिए विभाग नौका एंबुलेंस का सहारा ले रहा है। नौका एंबुलेंस के माध्यम से स्वास्थ्य टीमों और आवश्यक चिकित्सा सामग्री को जलमग्न एवं दुर्गम इलाकों तक पहुंचाया जा रहा है। इससे उन परिवारों तक भी स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच पा रही हैं, जो बाढ़ के कारण सामान्य परिवहन व्यवस्था से कट गए हैं। नौका एंबुलेंस विशेष रूप से आपात स्थिति में महत्वपूर्ण साबित हो रही है। जरूरत पड़ने पर गंभीर मरीजों या गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने और आगे चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भी इसका उपयोग किया जा सकता है।

### जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित

बाढ़ के दौरान संक्रमण, बुखार, दस्त, त्वचा संबंधी समस्या और अन्य सामान्य बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा पहले से बीमारी से जूझ रहे मरीजों को दवा की नियमित आवश्यकता होती है। इसे ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने प्रभावित क्षेत्रों में जीवन रक्षक और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की है। मेडिकल टीमें अपने साथ जरूरी दवाएं लेकर प्रभावित क्षेत्रों में पहुंच रही हैं, ताकि मरीजों को केवल जांच और परामर्श तक सीमित न रहना पड़े, बल्कि मौके पर ही आवश्यक उपचार शुरू किया जा सके। दवाओं की उपलब्धता को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से फील्ड टीमों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे बाढ़ प्रभावित इलाकों में चिकित्सा सेवाओं की निरंतरता बनी रहे।


**बिहार सरकार**

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय औरंगाबाद**
**(निविदा आमंत्रण)**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष–2026–27 में औरंगाबाद जिलाबल के वाहनों की संचालन हेतु निम्नलिखित बैट्री क्रय करन हेतु निविदा आमंत्रण की जानी है। जो काई भी निबंधित संवदक/फर्म/कम्पनियॉ/प्रतिष्ठित कम्पनी द्वारा उच्च गुणवता वाली निम्नलिखित बैट्री की आपूर्ति करना चाहते है। व अपना निविदा बंद लिफाफा में पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद क कार्यालय अवधि में दिनांक–23.09.2026 तक परिवहन शाखा, पुलिस केन्द्र, औरंगाबाद में जमा कर सकते है। सामाग्रियों का विवरणी निम्नलिखित है:–

| क्र0 सं0 | बैट्री का साईज | बैट्री के साईज के अनुसार प्रति युनिट की दर (With GST) | पुराने बैट्री (स्क्रैप) के साईज के अनुसार प्रति युनिट की दर | क्र0 सं0 | बैट्री का साईज | बैट्री के साईज के अनुसार प्रति युनिट की दर(With GST) | पुराने बैट्री(स्क्रैप) के साईज के अनुसार प्रति युनिट की दर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4.5 AH | | | 11 | 70 AH | | |
| 2 | 5.0 AH | | | 12 | 75 AH | | |
| 3 | 7.0 AH | | | 13 | 80 AH | | |
| 4 | 9.0 AH | | | 14 | 90 AH | | |
| 5 | 35 AH | | | 15 | 100 AH | | |
| 6 | 40 AH | | | 16 | 120 AH | | |
| 7 | 42 AH | | | 17 | 130 AH | | |
| 8 | 55 AH | | | 18 | 150 AH | | |
| 9 | 60 AH | | | 19 | 180 AH | | |
| 10 | 65 AH | | | 20 | 200 AH | | |

पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.011026 (Police) 2026-27

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

## एक नजर

### बारिश से धान की फसल डूबी, क्षतिपूर्ति की मांग

**मदनपुर**। प्रखंड के उत्तरी उमगा पंचायत के अंजनवां बलवंत बिगहा सहित मदनपुर पंचायत के अन्य गांवों के सैकड़ों किसानों का 50 से अधिक हेक्टेयर में लगी धान फसल पानी में डूबने से क्षतिग्रस्त हो रहें। किसानों ने सरकार से क्षतिपूर्ति की मांग की है। किसानों ने सीओ से गुहार लगाते हुए आवेदन देकर मांग की है कि पहाड़ से गिरने वाले बरसाती पानी को पहले पैईन के माध्यम से बाहर निकल जाता था। उत्तर कोयल नहर परियोजना निर्माण में लगे संवेदक के कर्मियों द्वारा जेबीसी मशीन से पैइन को भर दिया गया जिससे पहाड़ का बरसाती पानी सीधे खेत में फैल गया है। डैम का रूप ले लिया है। किसानों का धान फसल डूब गया है। पानी निकासी का व्यवस्था नहीं किए जाने से किसान परेशान हैं। किसान सत्येन्द्र यादव, मनदीप यादव, परशुराम रिकियासन ने बताया कि उत्तर कोयल नहर निर्माण कार्य लगे कंपनी के द्वारा पहाड़ से निकलने वाले पैइन को भर दिया गया है। पानी का निकास नहीं हो पा रहा है। पानी धान फसल लगे खेतों में भर गया है जिससे धान फसल डूबने से क्षतिग्रस्त हो रहें हैं। पईन की सफाई उड़ाही करा दिया जाए तो किसानों का धान फसल को बचाया जा सकता है। सीओ मो. अकबर हुसैन ने बताया कि किसानों का आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन के आलोक में कार्रवाई कर पानी निकालने का काम किया जा रहा है। धान फसल क्षति की जांच पड़ताल कर मुआवजा के लिए सरकार को लिखा जाएगा।

### लगातार हो रही बारिश के कारण घर धराशायी

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण बुधवार की मध्य रात्रि अमझर शरीफ गांव में एक मिट्टी का मकान अचानक भरभरा कर गिर गया। मकान के धराशायी होने से उसमें रखा दुकान एवं घरेलू सामान मलबे में दबकर बर्बाद हो गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार, अमझर शरीफ गांव निवासी लालो भगत का देवकुंड जाने वाली मुख्य सड़क के किनारे मिट्टी का मकान एवं उसमें फूलों की दुकान है। लगातार बारिश के कारण मिट्टी की दीवारें कमजोर हो गई और बुधवार की मध्य रात्रि अचानक मकान ढह गया। मकान में फूलों की दुकान से संबंधित सजावट का सामान, दो साइकिल, एक मोटरसाईकिल तथा दुकान में रखे फूल सहित अन्य सामान मौजूद थे, जो मकान के मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गए। पीड़ित के पुत्र अर्जुन मालाकार ने बताया कि मकान गिरने के समय परिवार का कोई सदस्य उसके अंदर नहीं सोया हुआ था। यह संयोग ही था कि समय रहते सभी लोग सुरक्षित थे, अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी। मकान गिरने से परिवार को काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से घटना का स्थल निरीक्षण कर क्षति का आकलन कराने तथा आपदा प्रबंधन के तहत नियमानुसार उचित मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है।

### दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों से मिला राजद शिष्टमंडल



**औरंगाबाद**। माली थाना क्षेत्र के एक गांव में 13 वर्षीय छात्रा के साथ हुए कथित सामूहिक दुष्कर्म मामले में राजद के एक शिष्टमंडल ने पीड़िता के परिजनों से मुलाकात की। यह दौरा राजद जिला नेतृत्व एवं स्थानीय सांसद के निर्देश पर किया गया। परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद से गांव के महादलित परिवार दहशत में जी रहे हैं। उन्हें लगातार धमकियां दी जा रही हैं और मामले में सुलह करने का दबाव बनाया जा रहा है। मामले में घटनास्थल कुटुंबा थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है, जहां परिजनों ने स्थानीय पुलिस की भूमिका पर भी संदेह जताया है। औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा ने अस्वस्थ होने के कारण फोन पर ही परिजनों से बातचीत कर उनका हाल जाना तथा हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, प्रवक्ता डॉ. रमेश यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष उदय उज्जवल, जिला पार्षद अनिल यादव, जिला पार्षद प्रतिनिधि राजेश शर्मा, अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सह मुखिया सरून पासवान, मुखिया श्याम बिहारी पासवान और पूर्व प्रमुख मनोज यादव शामिल थे। इसके अलावा राजेश गुप्ता, विनोद ठाकुर, विकास यादव, संजय यादव, विकास वर्मा, लवकुश कुमार, अमरजीत कुमार व कुणाल कुमार सहित अन्य नेता भी मौजूद रहे।

### भाजपा नेताओं को मातृ-पितृ शोक



**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। भारतीय जनता पार्टी शमशेर नगर मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा के पिता चंद्रशेखर शर्मा का देहांत हो गया। उनका अंतिम संस्कार पटना के दीघा घाट पर किया गया। स्वर्गीय शर्मा भागवत मध्य विद्यालय शमशेर नगर में प्रधानाचार्य भी रहे थे। सामाजिक जीवन में सभी जाति समुदाय के लोगों के साथ मिलजुल कर रहते थे। वह अपने पीछे दो पुत्र एवं दो पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। दाउदनगर गया रोड निवासी भाजपा शेरघाटी के विस्तारक व युवा नेता मुन्ना तिवारी की माता का देहांत पिछले दिनों हो गया था। उनके घर जाकर जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी ने दुख व्यक्त किया। आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। संगठन प्रभारी व पूर्व मुखिया सिद्धनाथ मिश्रा, महामंत्री टैगोर, पूर्व अध्यक्ष राकेश पांडेय, डॉ. दिनेश कुमार वर्मा, गोपाल सिंह, बंधु प्रसाद, संतोष देव, संजय कुमार, प्रिंस पाठक, मनु मिश्रा, संजय पासवान, अनूप मनोहर के साथ अश्विनी तिवारी उनके घर गए। मृत आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा।

## औरंगाबाद के उभरते एंकर की मौत पर कर्पूरी विकास मंच स्मारक पर शोकसभा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। गुजरात के सूरत में काम करने के लिए गए औरंगाबाद के होनहार युवा रोहित कुमार उर्फ विक्की ठाकुर के असामयिक निधन से जिले में शोक की लहर है। उनके निधन पर गुरुवार को भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर विचार विकास मंच के स्मारक परिसर में शोकसभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों, संस्कृति कर्मियों एवं समाज के लोगों ने शामिल होकर दिवंगत रोहित को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि रोहित कुमार उर्फ विक्की ठाकुर एक प्रतिभावन, मिलनसार और उभरते हुए युवा एंकर एवं कलाकार थे। पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने अपनी प्रतिभा के दम पर औरंगाबाद में अलग पहचान बनाई थी। वे अपनी प्रभावशाली आवाज और एंकरिंग के लिए जाने जाते थे। शहर में प्रचार-प्रसार के लिए टेंपो एवं रिक्शा के माध्यम से लोगों तक अपनी आवाज पहुंचाने में भी उनकी खास पहचान थी। वक्ताओं ने कहा कि कम उम्र में रोहित कुमार का इस तरह दुनिया से चले जाना परिवार के साथ-साथ समाज और कला जगत के लिए भी अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से समाज ने एक होनहार युवा प्रतिभा खो दी है। शोकसभा में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकाकुल परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की कामना की। इस मौके पर नाई समाज के अध्यक्ष राम प्रवेश ठाकुर, उदय ठाकुर, राजू ठाकुर, मंटू ठाकुर, चंदन ठाकुर, नागेंद्र विश्वकर्मा, अशोक ठाकुर, चंद्रदीप ठाकुर, संस्कार भारती से सचिन कुमार, रवि कुमार, मायाकांतल सहित कई लोग मौजूद रहे। भाजपा नेता एवं प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता और पत्रकार राज पाठक ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्कार भारती से जुड़े अन्य लोगों ने भी रोहित कुमार के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता में बच्चों ने मोहा मन

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के साथ शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। शहर में स्थित विद्या निकेतन परिसर में विद्या निकेतन विद्यालय समूह द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी और शिक्षक सम्मान समारोह का कार्यक्रम गुरुवार को आयोजित किया गया। इस दौरान बाल रूप साज सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग डेढ़ सौ विद्यार्थियों ने भाग लिया। कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम की प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। राधा-कृष्ण बने बच्चों की साज सजा देखकर सफल जोड़ी का चयन करना निर्णायक मंडली के लिए भी मुश्किल रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य पार्षद अंजली कुमारी, अग्निशमन पदाधिकारी सोनाली कुमारी, वार्ड पार्षद रीमा कुमारी एवं सोनी देवी, मुख्यपार्षद प्रतिनिधि गणेश राम, सेवा निवृत्त कृषि अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारिका प्रसाद, विद्या निकेतन विद्यालय समूह के सीएमडी सुरेश गुप्ता, सीईओ आनंद प्रकाश, डिप्टी सीईओ विद्या सागर, प्राचार्य विनीता प्रकाश, टेक्निकल एडवाइजर विनय प्रकाश, जदयू नगर अध्यक्ष प्रशांत तांती ने किया। संचालन संदीप तांती ने किया। कलाकार विकास कुमार, कृष्णा प्रसाद केशरी, पूर्व शिक्षिका आरती सिन्हा उपस्थित रहे। रूप साज सज्जा प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में द्वारिका प्रसाद उर्फ गुरुजी, हिंदी शिक्षक रही आरती सिन्हा एवं एक्टर विकास कुमार शामिल रहे।

# प्रकृति की सेवा ही पीढ़ियों के भविष्य की बड़ी सेवा : एमएलए



**भक्ति के साथ पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। बाजार समिति में आयोजित विराट शिव गुरु महोत्सव में ओबरा के विधायक, हैंड्स ऑफ प्रकाश चंद्रा के संरक्षक, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रकाशचंद्र ने भक्ति के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रायः सभी महिलाओं को एक एक पौधा दिया। उनको इन पौधों को लगाने के साथ साथ उसके संरक्षण का दायित्व भी सौंपा। इस अवसर पर महोत्सव में पहुंचे सभी श्रद्धालुओं एवं शिव गुरु प्रेमियों के बीच पौधों का वितरण किया गया। भक्ति और प्रकृति के इस सुंदर संगम के माध्यम से उन्होंने सभी लोगों को पौधे लगाने, पर्यावरण को सुरक्षित रखने एवं लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि प्रकृति की सेवा ही आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की सबसे बड़ी सेवा है। कहा कि आइये हम सभी संकल्प लें कि भक्ति के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम में भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएंगे।

## अंबा में लगेंगे छह हजार पौधे, विधायक ने किया शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। पर्यावरण संरक्षण और गांव को हराभरा बनाने के लिए अंबा पंचायत में 6,000 पौधे लगाने के अभियान का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। क्षेत्रीय विधायक ललन भुईयां ने पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की। इस दौरान ग्रामीणों ने लगाए गए पौधों की देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गांव के समाजवादी नेता स्व. केदार नाथ वर्मा के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उनके सामाजिक योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। इसके बाद विधायक समेत अन्य अतिथियों ने पौधे लगाए। विधायक ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए बड़े पैमाने पर पौधारोपण जरूरी है। केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उनका संरक्षण और नियमित देखभाल भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने ग्रामीणों से अभियान को



जनभागीदारी से सफल बनाने की अपील की। मौके पर प्रखंड 20-सूत्री अध्यक्ष प्रवीण कुमार, जिला पार्षद रामेश्वर बैठा, गौतम वर्मा, आशीष वर्मा, अशोक दुबे, मुन्ना कुमार रजक, गोलू पांडेय, रोजगार सेवक सुबोध कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, बिना नंबर की स्कूटी जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में रिसियप थाना पुलिस को बुधवार को बड़ी सफलता मिली। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 200 बोतल टनाका शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। शराब ढोने में इस्तेमाल की जा रही बिना नंबर प्लेट की स्कूटी भी पुलिस ने जब्त की है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान हसपुरा थाना क्षेत्र के मंगरमठिया गांव निवासी सुरेंद्र यादव के पुत्र बिजेंद्र कुमार के रूप में हुई है। पुलिस को सूचना



मिली थी कि स्कूटी सवार युवक शराब की खेप लेकर इलाके से गुजरने वाला है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदिग्ध स्कूटी को रोका। तलाशी के दौरान उसमें छिपाकर रखी गई 200 बोतल टनाका शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब और स्कूटी को जब्त कर लिया है। थानाध्यक्ष संजीत राम ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस शराब तस्करी से जुड़े अन्य लोगों और नेटवर्क की भी जानकारी जुटा रही है।

## भुगतान के बाद खुशामद करने पर आती है बिजली

**व्यवसायिक प्रतिष्ठान वाले उपभोक्ता अधिक परेशान**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की स्थिति बदतर हो गई है। हालत यह है कि प्रीपेड मीटर का अगर बैलेंस खत्म हो गया और बिजली कट गई तब रिचार्ज करने के बाद बिजली कब आएगी इसकी कोई गारंटी नहीं है। अगर आपको आवश्यकता है तो आप अधिकारियों की खुशामद करते रहिए। पैरवी और खुशामद के बाद ही बिजली बहाल होगी, अन्यथा तीन, चार, पांच घण्टे या दिनभर भी लग सकता है। पैरवी और खुशामद के बावजूद करीब एक, डेढ़ या दो घंटे में बिजली बहाल होती है। समस्या बहुत विकराल है। खासकर उनकी परेशानी कई गुना बढ़ जाती है जिनके व्यावसायिक प्रतिष्ठान में प्रीपेड मीटर लगा हुआ है। अगर बैलेंस खत्म हो गया और विद्युत आपूर्ति कट हो गई, तो भुगतान के बाद आप अधिकारियों के पास पैरवी करते रहिए। कंज़्यूमर नंबर, मीटर का फोटो देते रहिए, बताते रहिए तब एक डेढ़ घंटे में बिजली बहाल होगी। अन्यथा बिजली कब बहाल होगी इसकी कोई गारंटी नहीं है। सवाल है कि ऐसे में आम उपभोक्ता क्या करे। इस संबंध में जब कंपनी के क्लस्टर लीड अभिषेक कुमार ने कहा कि दो माह से यह समस्या है। समस्या की वजह सॉफ्टवेयर का अपडेट होना बताया जा रहा है। इन्होंने बताया कि आने वाले कुछ दिनों में स्थिति सामान्य हो जाएगी। अर्थात फिलहाल विद्युत उपभोक्ताओं के पास समस्या का सामना करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

## शिक्षक से एक लाख लेने के आरोप बेबुनियाद : दीनानाथ विश्वकर्मा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज**। शहर के कासमा रोड में बुधवार रात्रि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सोशल मीडिया पर उनके और एनडीए नेताओं पर शिक्षक से कथित तौर पर 1 लाख लेने के वायरल आरोपों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह भ्रामक, तथ्यहीन और निराधार हैं। दीनानाथ विश्वकर्मा ने बताया कि शिक्षक और छात्र के बीच मारपीट की घटना के बाद रफीगंज के प्रबुद्ध नागरिकों, अभिभावकों एवं अन्य लोगों की मौजूदगी में बातचीत कर मामला सुलझा लिया गया था। इसके बाद सोशल मीडिया पर उनका नाम जोड़कर 1 लाख लेने का आरोप लगाया गया, जिससे उनकी छवि और मान-सम्मान को ठेस पहुंची है। उन्होंने अपने 32 वर्षों के राजनीतिक जीवन का हवाला देते हुए आरोपों को गलत बताया। आरबीआर हाई स्कूल के एनसीसी एएनओ भुवन कुमार गुप्ता ने भी कहा कि एनसीसी कैडेट पर अनुशासनात्मक कार्रवाई को लेकर छात्र के परिजन एवं प्रबुद्ध नागरिकों के बीच सार्थक संवाद के बाद मामला सुलझा लिया गया था। सोशल मीडिया पर चल रहे आरोपों को उन्होंने भ्रामक और बेबुनियाद बताया। मामले को लेकर एनडीए नेताओं ने साइबर क्राइम में आवेदन देने की बात कही है। दीनानाथ विश्वकर्मा ने कहा कि यदि सोशल मीडिया के माध्यम से किसी की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है तो विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, जदयू युवा प्रखंड अध्यक्ष अजीत गुप्ता, पूर्व मुखिया विजय विश्वकर्मा, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार पासवान, संजय अंबेडकर, राहुल कुमार समेत एनडीए कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्वर्वेद संदेश यात्रा के औरंगाबाद आगमन को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। जगदेव नगर स्थित महर्षि सद्गुरु सदाफल देव आश्रम परिसर में गुरुवार को जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कन्याकुमारी से कश्मीर तक चल रही स्वर्वेद संदेश यात्रा का औरंगाबाद आगमन को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गई। प्रदेश युवा अध्यक्ष सह कार्यवाहक महामंत्री बिहार संजय सिंह ने बताया कि संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज 21 सितंबर 2026 को अंबा प्रखंड के सड़सा स्थित दोमुहान, श्री भास्कर नगर परिसर में पहुंचेंगे। इस दौरान एक दिवसीय कार्यक्रम में स्वर्वेद कथा का आयोजन होगा। साथ ही भव्य भंडारा भी किया जाएगा। जिसमें जिले भर से हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। वैदिक पुरोहित आचार्य मयंक शास्त्री बताया गया कि समर्पण दीप आध्यात्म महोत्सव, विहंगम योग संत समाज का 103वां वार्षिकोत्सव



एवं 25 हजार कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ 14-15 दिसंबर 2026 को वाराणसी स्थित स्वर्वेद महामंदिर धाम में आयोजित होगा। इसी संदेश को पूरे भारत में प्रसारित करने को लेकर कार्यक्रम कराया जा रहा है। बताया कि स्वर्वेद संदेश यात्रा को काश्मीर से शुरु हुआ था। कार्यक्रम का उद्देश्य आत्म जागरण के माध्यम से राष्ट्र जागरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। इस दौरान जिला सचिव उमेश सिंह, सह सचिव अनुज प्रसाद, संयोजक विनोद वर्मा, सहसंयोजक डा. श्यामनारायण प्रसाद, सुनिल संगम, लव सिंह, योगेंद्र यादव, सीताराम वर्मा, राकेश कुमार, दिनेश यादव, लालमोहन प्रजापति, रामचंद्र पांडेय, दामोदर सिंह, राजगीर विश्वकर्मा, शंभू प्रसाद, शंकरदयाल सिंह, कुलदीप सिंह सहित अन्य अधिकारी व प्रचारक मौजूद रहे।

## मई गांव में बुजुर्गों का बना आयुष्मान वय वंदना कार्ड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। आयुष्मान भारत जिला क्रियान्वयन इकाई, औरंगाबाद के सहयोग से जिले की चर्चित स्वयंसेवी संस्था पथ प्रदर्शक द्वारा निःशुल्क आयुष्मान वय वंदना कार्ड शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन गुरुवार को रफीगंज प्रखंड के मई गांव स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रभारी कार्यक्रम समन्वयक रंजीत कुमार, गोरडीहा पंचायत के मुखिया विजय कुमार सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रफीगंज के विकास कुमार सिंह एवं पथ प्रदर्शक के संस्थापक सह सचिव बमेंद्र कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में प्रभारी जिला कार्यक्रम समन्वयक रंजीत कुमार एवं आईटी सेल की नीतू कुमारी स्वयं उपस्थित रहीं।



शिविर में लगभग 40 ग्रामीण पहुंचे, जिनमें पात्र बुजुर्गों का सत्यापन कर 18 बुजुर्गों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया गया। आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत 70 वर्ष एवं उससे अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिक पात्र हैं। योजना के अंतर्गत पात्र लाभुकों को स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ प्रदान किया जाता है। लाभार्थी आयुष्मान भारत से संबद्ध अस्पतालों में योजना के निर्धारित प्रावधानों के अनुसार गंभीर बीमारियों के इलाज एवं ऑपरेशन सहित कैशलेस उपचार की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। प्रभारी जिला कार्यक्रम समन्वयक रंजीत कुमार ने बताया कि पथ प्रदर्शक संस्था द्वारा लगातार आयुष्मान भारत योजना के प्रति लोगों को जागरूक करने और पात्र लाभुकों तक योजना का लाभ पहुंचाने में सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने संस्था के प्रयासों की सराहना की।

## कम लागत वाला स्वदेशी जेट इंजन और थ्री-डी कार्गो ड्रोन बनाएंगे सुब्रत शांडिल्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा जिले के कुल्ती जियर गांव निवासी एयरोस्पेस इंजीनियर सुब्रत शांडिल्य कम लागत वाले स्वदेशी जेट इंजन और थ्री-डी कार्गो ड्रोन विकसित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। उनके स्टार्टअप 'शांडिल्य एयरोस्पेस' के प्रस्ताव का चयन होने के बाद बिहार में देश का पहला कॉम्पैक्ट जेट इंजन निर्माण कारखाना स्थापित करने की दिशा में काम शुरू होने की उम्मीद है। पटना में कंपनी का महत्वपूर्ण प्रस्तुतीकरण भी हो चुका है। सुब्रत करीब दो किलो न्यूटन श्रेणी के कॉम्पैक्ट जेट इंजन पर काम कर रहे हैं। उनका लक्ष्य ऐसा इंजन विकसित करना है, जिसे कम लागत में तैयार करने के साथ अलग-अलग



अभियानों की जरूरत के अनुसार अनुकूलित किया जा सके। उनका मानना है कि हर एयरोस्पेस अभियान के लिए महंगे और लंबे समय तक चलने वाले इंजनों की आवश्यकता नहीं होती। पारंपरिक छोटे जेट इंजनों में महंगी उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री, जटिल निर्माण प्रक्रिया, सटीक मशीनिंग और मजबूती बनाए रखने की जरूरत के कारण लागत बढ़ जाती है। सुब्रत इसी चुनौती का समाधान अपने नए डिजाइन दर्शन के जरिए तलाश रहे हैं। 'शांडिल्य एयरोस्पेस' ने धातु योज्य विनिर्माण यानी मेटल थ्री-डी प्रिंटिंग को अपनी तकनीकी रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया है। इसके जरिए जेट इंजन के जटिल आकार वाले कलपुर्जों को कम निर्माण चरणों में तैयार करने की संभावनाएं तलाश की जा रही हैं। सुब्रत ने छात्र जीवन में ही मानव रहित हवाई वाहन और विमान डिजाइन पर काम शुरू कर दिया था तथा अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों और उपयोगकर्ताओं के लिए मानव रहित हवाई वाहन डिजाइन तैयार किए हैं। सुब्रत के पिता संजीव मुकेश और मां मीनाक्षी इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में कार्यरत हैं।

## करमा मेला में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सजेगा भक्ति का रंग, दुगोला कार्यक्रम की तैयारी पूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज**। प्रखंड के करमा मेला में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर शुक्रवार, 4 सितंबर 2026 को भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर आयोजन समिति की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हस्तलिखित सूचना के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत रात्रि 9 बजे से होगी। इस दौरान व्यास किरण बेदर्दी एवं व्यास विनोद हलचल के बीच भव्य दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जन्माष्टमी के अवसर पर करमा मेला में श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं राजद प्रखंड अध्यक्ष विक्की सिंह यादव ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने तथा भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव में सहभागी बनने की अपील की है।कार्यक्रम में अध्यक्ष



विक्की सिंह यादव, उपाध्यक्ष डॉ डब्लू कुमार कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, सचिव प्रो. राजेंद्र प्रसाद, उप सचिव गुड्डू बाबू कुमार, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार, उप कोषाध्यक्ष इंदलेश कुमार, भोजन प्रभारी राजकुमार यादव, राजेश्वर यादव, किशोर कुमार, नागेश्वर यादव, सदस्य दीपक कुमार, रामबिलास यादव, आशीष यादव, विनोद यादव, हरिलाल यादव, संचालक साधु यादव, संजय श्याम समेत अन्य लोग सक्रिय रूप से जुटे हैं।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का एसडीएम ने किया निरीक्षण, सतर्क रहने के निर्देश

## गंगा नदी में बढ़ते जलस्तर को लेकर निगरानी और राहत कार्यों को लेकर बढ़ी सक्रियता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोइलवर (भोजपुर)।** प्रखंड में में गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के बीच प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी और राहत कार्यों को लेकर सक्रियता बढ़ा दी है। जिलाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को एसडीएम अंशु कुमारी ने कोईलवर प्रखंड के बिंदगावां सहित जिले के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर जमीनी स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने प्रभावित इलाकों में पहुंचकर जलस्तर, आवागमन, ग्रामीणों की स्थिति तथा संभावित समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं पदाधिकारियों से क्षेत्र की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन की ओर से अधिकारियों को लगातार क्षेत्र में नजर बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की आपात स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा गया।



बिंदगावां सहित आसपास के बाढ़ प्रभावित इलाकों में पानी की स्थिति और ग्रामीणों की परेशानियों को लेकर भी अधिकारियों से जानकारी ली गई। एसडीएम ने कहा कि बाढ़ की स्थिति को देखते हुए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि जरूरत पड़ने पर प्रभावित लोगों तक तत्काल सहायता पहुंचाई जा सके। निरीक्षण के दौरान प्रशासन भोजपुर डीएसपी टू रंजीत कुमार सिंह, कोईलवर थाना प्रभारी नरोत्तम चंद्र, बबुरा थाना प्रभारी संजय कुमार, कोईलवर विडियो बीर बहादुर पाठक, कोईलवर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सा पदाधिकारी उमेश कुमार, आपदा प्रबंधन, राजस्व, राजापुर पंचायत के मुखिया अर्जुन सिंह व प्रखंड में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमण करते रहें और बाढ़ की स्थिति में होने वाले किसी भी बदलाव की सूचना वरीय अधिकारियों को तत्काल उपलब्ध कराएं। प्रशासन की इस सक्रियता से बाढ़ प्रभावित इलाकों में संभावित स्थिति से निपटने की तैयारियों को मजबूती मिलने की उम्मीद है। वहीं, ग्रामीणों के बीच भी प्रशासन की टीम के क्षेत्र में पहुंचने से राहत और सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और आवश्यकता के अनुसार तत्काल कदम उठाए जाएंगे।

### डीएम ने आमजनों से की सावधानी बरतने की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** गंगा एवं सोन नदी के जलस्तर में वृद्धि को देखते हुए जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने आमजन से सतर्कता एवं सावधानी बरतने की अपील की है। निचले एवं नदी किनारे के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से सुरक्षित एवं उंचे स्थानों पर स्थानांतरित होने की अपील की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यकता के अनुसार इन क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित एवं ऊँचे स्थानों पर स्थानांतरित कराना सुनिश्चित करने तथा इस कार्य में आवश्यक सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया है। नदियों में स्नान करने एवं तेज बहाव के करीब जाने से बचने, नदी किनारे फोटो/सेल्फी लेने से बचने, अधिकृत नाव का उपयोग नहीं करने तथा क्षमता से अधिक सवारी न करने, जलमग्न सड़कों एवं रास्तों को तेज बहाव के बीच पैदल अथवा वाहन से पार करने का प्रयास न करने आदि बातें कही गई। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को मीडिया, सोशल मीडिया एवं माइकिंग के माध्यम से आमजन को जागरूक करने का निर्देश दिया है। जिला आपातकालीन संचालन केंद्र चौबिस घंटे संचालित है। किसी भी आपात स्थिति में 94723 98730 एवं 06182-221233 पर संपर्क कर आवश्यक सहायता प्राप्त की जा सकती है।

# युवक की हत्या पर फूटा लोगों का गुस्सा

## सड़क जाम कर जताया विरोध, संदिग्ध से पूछताछ में जुटी पुलिस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हुसैनाबाद।** बुधवार की रात पलामू के हुसैनाबाद में विधायक संजय कुमार सिंह यादव के आवास के पास एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात पुरन्दर बिगहा के पास जपला-दंगवार मुख्य सड़क पर हुई। मृतक की पहचान कचरा गांव निवासी भुनेश्वर सिंह के 32 वर्षीय बेटे ओम प्रकाश सिंह उर्फ छोटू सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार छोटू सिंह अपनी स्कॉर्पियो सड़क किनारे खड़ी कर किसी व्यक्ति से बात कर रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात हमलावर वहां पहुंचा और उनकी कनपटी में गोली मार दी। हमलावर ने उन्हें निशाना बनाते हुए दो और गोलियां चला दीं। गोली लगने के बाद घायल छोटू मुख्य सड़क से कुछ दूर जाकर गिर पड़ा। पुलिस के अनुसार ओम प्रकाश सिंह उर्फ छोटू सिंह का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। छोटू सिंह मूल रूप से कचरा गांव का रहने वाला था, लेकिन फिलहाल जपला के सिद्धनाथ पेट्रोल पंप के पास शिवशक्ति नगर में परिवार के साथ रह रहा था। घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद थानाध्यक्ष चंदन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने आसपास के इलाके में छानबीन की। घटनास्थल के आसपास की गतिविधियों और संभावित सुरागों को खंगाला जा रहा है। हत्या के बाद आक्रोशित लोगों ने देर रात जपला-छतरपुर मुख्य सड़क को सिद्धनाथ पेट्रोल पंप के पास जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर टायर जलाए और अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। सड़क जाम के कारण देर रात से सुबह तक आवागमन प्रभावित रहा। मौके पर हुसैनाबाद थाना प्रभारी चंदन कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे और प्रदर्शनकारियों व मृतक के परिजनों को समझाने का प्रयास करते रहे। प्रशासन की पहल और आश्वासन के बाद सुबह करीब 7:30 बजे जाम समाप्त हुआ।

## डीएम ने सामुदायिक रसोई का लिया जायजा

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गंगा एवं सोन नदी के बढ़ते जलस्तर के मद्देनजर जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने बड़हरा प्रखंड के पिपरपांती स्थित सामुदायिक रसोई का निरीक्षण किया। उन्होंने लोगों से बातचीत कर सुविधाओं, आवश्यकताओं एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने सामुदायिक रसोई में दोनों समय पर्याप्त एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन, बच्चों के लिए गर्म दूध तथा आंगनबाड़ी केंद्र का नियमित संचालन सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही मेडिकल कैंप में आवश्यक जांच एवं दवाओं तथा पशु चिकित्सा कैंप में आवश्यक दवाओं एवं चारा की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीएम ने एफसीडी एवं कटावरोधी कार्यों में तेजी लाने तथा जरूरत के अनुसार नावों का परिचालन सुनिश्चित करने को कहा। निचले एवं जलजमाव वाले क्षेत्रों में माइकिंग के माध्यम से लोगों, विशेषकर बच्चों को सुरक्षित रहने के लिए जागरूक करने तथा प्रभावित विद्यालयों को सुरक्षित विद्यालयों से टैग कर आवश्यकता के अनुसार वैकल्पिक स्थल पर पठन-पाठन जारी रखने का निर्देश दिया।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/629, दिनांक 02.09.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम ऑफिस, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई–निविदा सं. : एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/19/26–27/सीएपी। कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** एसएमएमएस (सिग्नलिंग मेंटेनेंस मैनेजमेंट सिस्टम) के कार्यान्वयन हेतु बुनियादी ढांचे का विकास। **निविदा मूल्य :** रु.88,14,676.43, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.1,76,300/– **कार्य की समापन अवधि:** 6 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथि:** 15.09.2026, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथि:** 29.09.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथि:** 29.09.2026 को 14.30 बजे। विवरण यहाँ से देखा जा सकता है: **www.ireps.gov.in तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन–पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर–VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म–6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृति:** "कोई भी टेलीकॉम कार्य जिसमें एमआईएस/एलएएन/ डब्ल्यूएएन/ हेल्पलाइन/यूटीएस/पीआरएस/एफओआईएस/वैल्यू एडेड इन्क्वायरी सिस्टम/वीडियो इन्क्वायरी सिस्टम/डेटा कनेक्टिविटी/डेटाकॉम इक्विपमेंट/वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/वायरलेस कम्युनिकेशन/सिक्योर्ड कम्युनिकेशन/वाई–फाई/कंप्यूटर आधारित इन्क्वायरी सिस्टम से संबंधित टेलीकॉम कार्य का प्रावधान शामिल हो"। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व–सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व–सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे। SDAH-210/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter


## कोर्ट के आदेश पर लक्ष्मीनिया गांव में हटा अतिक्रमण

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शिवाजीनगर प्रखंड क्षेत्र के लक्ष्मीनिया गांव में न्यायालय के आदेश के बाद प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अंचल अधिकारी अमरपाली यादव के नेतृत्व में पहुंची प्रशासनिक टीम ने संबंधित स्थल का निरीक्षण करने के बाद अतिक्रमित जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराया बताया जाता है कि जमीन से संबंधित मामले में न्यायालय के आदेश के बाद अंचल प्रशासन को अतिक्रमण हटाने का निर्देश मिला था। आदेश के अनुपालन में अंचल अधिकारी अमरपाली यादव की मौजूदगी में प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई की गई। इस दौरान अतिक्रमित स्थल से अवैध कब्जा हटाकर जमीन को खाली कराया गया। कार्रवाई के दौरान प्रशासन की टीम ने मौके पर स्थिति का जायजा लिया और न्यायालय के आदेश के अनुसार आवश्यक प्रक्रिया पूरी की।

# गलत अंकपत्र दिखाकर दर्जनों छात्रों ने स्नातक में लिया दाखिला, रद्द होंगे प्रवेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय (बीआरएबीयू) में स्नातक सत्र 2026-30 की नामांकन प्रक्रिया में गंभीर फर्जीवाड़ा और प्रशासनिक लापरवाही उजागर हुई है। विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन भरते समय दर्जनों छात्र-छात्राओं ने 12वीं के अंकों में हेरफ़ेर कर 100 से 150 अंक तक बढ़ाकर दर्ज कर दिए। इसका सीधा अनुचित लाभ लेते हुए उन्होंने पहली और दूसरी मेधा सूची में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। दूसरी ओर, कॉलेजों ने भी दिशा-निर्देशों की अनदेखी करते हुए बिना आवश्यक मूल दस्तावेज सत्यापन के ही इन विद्यार्थियों के दाखिले पक्के कर दिए। अब तक तीन दर्जन से अधिक गलत नामांकन के मामले पकड़ में आ चुके हैं। सबसे अधिक 20 मामले सीतामढ़ी के रामसेवक सिंह महिला महाविद्यालय से जुड़े हैं. इसके अलावा हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, बेतिया और मोतिहारी के कॉलेजों में भी ऐसे फर्जीवाड़े सामने आए हैं। पोर्टल पर अंक मैनुअली भरने का विकल्प था, जहां सत्यापन का कोई स्वचालित सिस्टम नहीं था। अपलोड अंकपत्र में कम अंक थे, जबकि फॉर्म में बढ़ाए गए अंक दर्ज किए गए। विश्वविद्यालय के स्पष्ट आदेश के बावजूद अंगीभूत एवं संबद्ध कॉलेजों ने दाखिले के समय दस्तावेजों का मूल अंकपत्र से मिलान नहीं किया। 315 अंक वाली छात्रा ने 415 अंक भरकर कॉलेज पा लिया। 270 अंक वाली द्वितीय श्रेणी छात्रा ने 400 अंक दिखाकर प्रतिष्ठा विषय में प्रवेश ले लिया। ग्रेस अंक से पास छात्र ने 455 अंक दिखाकर सीट कब्जा ली। डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि बिना सत्यापन नामांकन लेने वाले कॉलेजों के प्राचार्यों से स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। विश्वविद्यालय स्तर पर सभी संदेहास्पद दस्तावेजों की जांच की जा रही है और गलत जानकारी देने वाले विद्यार्थियों का नामांकन तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाएगा।

### फर्जी शिक्षकों पर कार्रवाई, सेवा समाप्ति की तैयारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित शिक्षक नियुक्ति परीक्षा (टीआरई-1, टीआरई-2 और टीआरई-3) में दूसरे राज्यों के अभ्यर्थियों द्वारा आरक्षण कोटे का अनुचित लाभ उठाकर बहाल होने के मामले में शिक्षा विभाग ने बेहद सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। नियम के अनुसार केवल बिहार के मूल निवासियों को ही आरक्षण का लाभ दिया जाना था। इसके बावजूद बाहरी राज्यों के अभ्यर्थियों ने फर्जी दस्तावेजों और गलत दावों के सहारे आरक्षित सीटों पर नियुक्तियां हासिल कर लीं। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो और शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को लगातार मिल रहे परिवाद पत्रों के आलोक में अब जिले के सभी प्रखंडों व शहरी क्षेत्र के विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से बाहर के शिक्षकों का पूरा ब्योरा तलब किया गया है। कुढ़नी, गायघाट और मुशहरी प्रखंड में अब तक दो दर्जन से अधिक शिक्षकों को चिह्नित कर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। सभी संबंधित शिक्षकों को सात दिनों के भीतर अपने साक्ष्यों के साथ जवाब पेश करने का आदेश दिया गया है। निर्धारित समय में संतोषजनक और साक्ष्य आधारित उत्तर न मिलने पर विधिक प्रक्रिया के तहत सेवा समाप्ति की अंतिम कार्रवाई की जाएगी। सबसे अधिक नियुक्तियां सामान्य महिला आरक्षित कोटे के तहत पाई गई हैं, जबकि अभिलेखों के अनुसार वे अन्य राज्यों की मूल निवासी हैं। जातिगत आरक्षण और दिव्यांग श्रेणी के लिए सुरक्षित पदों पर भी दूसरे राज्यों के अभ्यर्थियों का चयन कर लिया गया है, जो नियमों का खुला उल्लंघन है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) प्रह्लाद गुप्ता ने बताया कि तीनों चरणों में बहाल हुए दूसरे राज्यों के सभी शिक्षकों की समेकित सूची तैयार की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग बीपीएससी और प्राथमिक शिक्षा निदेशालय से भी मार्गदर्शन मांगेगा कि आखिर किन परिस्थितियों में इन बाहरी अभ्यर्थियों का परिणाम आरक्षित श्रेणी में जारी किया गया। विभाग की इस कार्रवाई से फर्जीवाड़ा कर बहाल हुए शिक्षकों में भारी हड़कंप मचा हुआ है।

# जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ की संगठनात्मक बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अररिया।** जिले के अतिथि गृह में गुरुवार को जनता दल यूनाइटेड अति पिछड़ा प्रकोष्ठ की संगठनात्मक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के निवर्तमान जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार राय एवं मंच संचालन निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष अति पिछड़ा प्रकोष्ठ सीताराम मंडल ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह खगड़िया सदर के विधायक बबलू मंडल शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के सर्वमान्य नेता विकास पुरुष पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में बिहार में काफी विकास हुआ है। उन्होंने अति पिछड़े समाज को मुख्य धारा में लाने के लिए हर संभव प्रयास किए हैं। इनके कार्यकाल में अति पिछड़ा समाज आर्थिक सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से काफी सशक्त हुआ है। श्री मंडल ने कहा कि पार्टी के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार के मार्गदर्शन एवं स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार के युवा नेतृत्व में संगठन को और मजबूती के साथ आगे बढ़ाते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पवन मिश्रा, पूर्व मंत्री मंजर आलम, जिला परिषद अध्यक्ष आफताब अजीम उर्फ पप्पू अजीम ने भी बैठक को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत बनाने पर विशेष बल दिया। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष पवन मिश्रा, पूर्व मंत्री मंजर आलम, जिला परिषद अध्यक्ष उर्फ पप्पू अजीम, निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष सीताराम मंडल, उमेश चंद्र राय, महेंद्र सिंह चौहान, सुनील राय, नौशाद आलम, रमेश सिंह, सत्यनारायण यादव सहित अन्य उपस्थित थे।



# महिला सशक्तिकरण के लिए नीतीश कुमार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** स्थानीय जिला जदयू कार्यालय में गुरुवार को भागलपुर जिला जदयू की महिला प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधान परिषद की सदस्या सह जदयू महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्षा शिवरानी प्रजापति ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम महिलाओं के लिए यह गर्व की बात है कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल में महिलाओं ने सुरक्षा और सामाजिक सम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर पाया। स्थानीय जदयू सांसद अजय मंडल ने कहा कि नीतीश कुमार ने महिलाओं के लिए विकास और सशक्तिकरण की जो लकीर खींची है, उसे आगे बढ़ाने के लिए हम सभी मिलकर उनके पुत्र निशांत कुमार के हाथों को मजबूत करेंगे। जदयू की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व राज्यसभा सांसद कहकशां प्रवीण ने कहा कि नीतीश कुमार के कार्यों और उपलब्धियों को बताना शुरू किया जाए तो सुबह से शाम हो जाएगी, फिर भी बातें पूरी नहीं होंगी। जदयू के जिलाध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता ने कहा कि आधुनिक बिहार के विश्वकर्मा नीतीश कुमार ने महिलाओं के लिए जो कार्य किए हैं, वे किसी से छिपे नहीं हैं। प्रकोष्ठ की प्रदेश प्रभारी सुप्रिया रानी ने कहा कि नीतीश कुमार द्वारा महिलाओं के लिए किए गए कार्य सर्वविदित हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता मिश्रा ने कहा कि महिलाओं को चौका से चौपाल तक लाने का काम नीतीश कुमार ने किया है। पार्टी की प्रदेश सचिव शबाना दाऊद, जिला प्रवक्ता शैलेन्द्र तोमर, प्रदीप कुशवाहा अंकित सिंह, वीणा सिन्हा, प्रकाश सिंह, बीनू बिहारी, प्रीति कुमारी, रोजी रानी, सुनीता सिंह ,आरती सिन्हा सरिता देवी,कल्पना कर्ण, प्रेम प्रभा, अंजनी देवी ,क्षमा वाहिनी, रूबी कुमारी, कहकशां खुर्शीद के साथ-साथ बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और महिला प्रकोष्ठ की कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## नीलाम पत्र वादों के त्वरित निष्पादन का निर्देश

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुंगेर एवं भागलपुर के प्रमंडलीय आयुक्त प्रेम सिंह मीणा की अध्यक्षता में गुरूवार को नीलाम पत्र वादों के निष्पादन एवं लंबित राजस्व की वसूली की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में प्रमंडलीय आयुक्त श्री मीणा द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, बेगूसराय, खगड़िया, भागलपुर एवं बांका जिलों में नीलाम पत्र वादों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी संबंधित नीलाम पत्र पदाधिकारियों एवं जिला प्रशासन को लंबित नीलाम पत्र वादों के शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। प्रमंडलीय आयुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि पुराने एवं लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित किया जाए तथा छोटे एवं कम राशि वाले मामलों का त्वरित निष्पादन कर लंबित मामलों की संख्या में प्रभावी कमी लाई जाए।

# दीर्घ सेवा सम्मान पुरस्कार से 14 कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

## बरौनी रिफाइनरी में 67वें इंडियन ऑयल दिवस समारोह का आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी में बड़े उत्साह के साथ बुधवार को 67वां इंडियन ऑयल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक सत्य प्रकाश, विशिष्ट अतिथि व पूर्व कार्यकारी निदेशक-प्रभारी, बरौनी रिफाइनरी, सी एस दास, कार्यकारी निदेशक (परियोजना व कोर ग्रुप) संजय रायजादा, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) एस के सरकार, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी सेवा एवं एचएसई) हंसराज गणवीर, मुख्य महाप्रबंधक (वित्त) एपी सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (कोर ग्रुप) राजू मशाहारी, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना) पी आर पराते, ऑफिसर एसोसिएसन तथा बीटीएमयू के प्रतिनिधि, महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष ने बरौनी रिफाइनरी टाउनशिप स्थित डॉ बी आर अंबेडकर, बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री 'बिहार केसरी' डॉ श्री कृष्ण सिंह और सूरज भवन स्थित सूरज बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। श्री प्रकाश तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ अनिल ढौंडियाल, कमांडेंट (सीआईएसएफ़), ने भी रिफाइनरी के स्थापना स्थल पर पुष्पांजली देकर उन समस्त कर्मचारियों के प्रति अपना सम्मान प्रकट किया। जिन्होंने रिफाइनरी के निर्माण की मजबूत नीव रखी और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बने। इसके उपरांत श्री प्रकाश ने बरौनी रिफाइनरी के कर्मचारियों को दायित्वों के निर्वहन, सत्यनिष्ठा, दक्षता और राष्ट्र निर्माण और इंडियन ऑयल के विकास के प्रति समर्पण की शपथ दिलाई। तत्पश्चात कार्यकारी निदेशक (परियोजना एवं कोर ग्रुप) संजय रायजादा ने अध्यक्ष, ए एस साहनी का संदेश और मुख्य महाप्रबंधक (तकनीक) एस के सरकार ने निदेशक (रिफाइनरीज़), अरविंद कुमार का संदेश कर्मचारियों तक पहुंचाया। इस अवसर पर बरौनी रिफाइनरी अस्पताल में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। इंडियन ऑयल दिवस पर अध्यक्ष (जागृति क्लब) डॉ सुष्मिता प्रकाश एवं उपाध्यक्ष, अनुराधा रायज़ादा के नेतृत्व में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की बच्चियों के साथ केक काटकर खुशियाँ साझा की गईं। सरकारी आवासीय स्कूल में स्नेह और देखभाल के बीच पल रही इन नन्हीं बेटियों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरना ही इस आयोजन की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। जुबली हॉल में आयोजित इंडियन ऑयल दिवस समारोह में श्री प्रकाश ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को इंडियन ऑयल दिवस की शुभकामनाएं दी और बरौनी रिफाइनरी को मजबूत आधार प्रदान करने और विकास के सपनों को साकार करने में महती भूमिका निभाने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर केक काटकर इंडियन ऑयल दिवस मनाया गया और साथ बैठकर स्नेहपूर्ण दोपहर भोजन का आनंद लिया गया, जिससे पुराने संबंधों और स्मृतियों को नया आयाम मिला। संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम में इंडियन ऑयल में समर्पित सेवा प्रदान करने के लिए 35 वर्ष पूर्ण करने पर दीर्घ सेवा सम्मान पुरस्कार से 14 कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। साथ ही सुझाव योजना (सजेशन स्कीम) पुरस्कार विजेताओं को भी अपने नवोन्मेषी विचारों तथा संगठनात्मक सुधार हेतु किए गए सक्रिय प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कल्याण केंद्र एवं ऑफिसर्स क्लब के प्रतिभागियों की शानदार तथा उत्कृष्ट प्रस्तुतियों ने उल्लास और गौरव का नया रंग भरते हुए इस विशेष अवसर को और भी स्मरणीय बना दिया।

## डीएम ने मंझौल में स्कूल व अस्पताल का किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिलाधिकारी रिची पांडेय ने गुरुवार को मंझौल अनुमंडल में औचक निरीक्षण किया और चेरियाबरियारपुर प्रखंड कार्यालय में समीक्षा बैठक की। निरीक्षण के दौरान डीएम ने राजकीयकृत दीनानाथ परमेश्वरी बालिका प्लस टू विद्यालय मंझौल में कक्षाओं, उपस्थिति और अनुशासन का जायजा लिया। विद्यार्थियों से संवाद कर कॉपियां देखीं। एक कक्षा में कम उपस्थिति और कुछ छात्राओं के बिना ड्रेस में मिलने पर नियमित उपस्थिति और ड्रेस सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उसके बाद मंझौल अनुमंडल अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता और साफ-सफाई देखी। मरीजों से शिष्टाचारपूर्ण व्यवहार रखने और समय पर दवा देने को कहा। महिला चिकित्सक के अभाव की जानकारी पर सिविल सर्जन को महिला डॉक्टर की तैनाती का निर्देश दिया। अल्ट्रासाउंड रजिस्टर की जांच कर मरीजों से फोन पर फीडबैक भी लिया। बाद में चेरियाबरियारपुर प्रखंड कार्यालय में बैठक कर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ योजनाओं की समीक्षा की। पंचायत कर्मियों की रोजाना उपस्थिति, शिकायतों का निपटारा प्रखंड स्तर पर ही करने, स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों के नियमित निरीक्षण, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेले की तैयारी, यातायात और डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

## आइआइटी रुड़की की टीम ने कार्बन क्रेडिट की संभावना का किया अध्ययन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आइआइटी रुड़की के दो सदस्यीय विशेषज्ञ दल अभ्यानंद सिंह मौर्य और परवीर मिश्रा ने बेगूसराय में दो दिवसीय भ्रमण कर कार्बन क्रेडिट और पर्यावरण संरक्षण की संभावनाओं का अध्ययन किया। दल ने किसानों और जीविका दीदियों द्वारा किए जा रहे पौधारोपण, मिट्टी की गुणवत्ता सुधार, रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में कमी और कृषि लागत घटाने की संभावनाओं का अवलोकन किया। किसानों, खासकर महिला किसानों के लिए कार्बन क्रेडिट से अतिरिक्त आय के स्रोत पर चर्चा हुई। गुरुवार को दल ने मटिहानी स्थित परिवर्तन संकुल संघ का दौरा किया। यहां जीविका दीदियों ने हरित खाद के उत्पादन और उपयोग के अनुभव साझा किए। विशेषज्ञों ने हरित खाद से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार और लागत में कमी के प्रयासों की सराहना की। बाद में जीविका जिला कार्यालय में बैठक में जिला परियोजना प्रबंधक अविनाश कुमार ने कृषि गतिविधियों की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने हरित खाद जैसे नवाचार को अन्य राज्यों में भी बढ़ावा देने पर जोर दिया।मौके पर प्रबंधक संतोष कुमार, मनोज कुमार मधुकर, बृजेन्द्र कुमार, राजीव रंजन, बीपीएम मुन्ना कुमार सहित अन्य कर्मी और जीविका दीदियां मौजूद थीं।

## जिले में गंगा उफान पर, तटबंधों का चल रहा सघन निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिलाधिकारी रिची पांडेय के निर्देश पर बाढ़ संभावित क्षेत्रों और तटबंधों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में मटिहानी प्रखंड में गंगा के बाएं तटबध और गुप्ता एम्बैंकमेंट का निरीक्षण किया गया। तटबंधों पर बने रेनकट्स की मरम्मत और फॉक्स होल, रैट होल को भरने का काम कराया जा रहा है। कमजोर बिंदुओं को चिन्हित कर तत्काल सुदृढ़ीकरण का निर्देश दिया गया है। बाढ़ नियंत्रण डिवीजन के तहत बिसौआ जमींदारी बांध के क्लोजर प्वाइंट का खगड़िया के अधीक्षण अभियंता ने जायजा लिया। सनहा गोरगामा एम्बैंकमेंट के किमी 7 से 14 के बीच स्वयंसेवकों के साथ ट्रैक्टर से निरीक्षण किया गया, तटबंध सुरक्षित मिला। बिसनपुर और माओ घाट सहित अन्य क्षेत्रों में बीडीओ और सीओ ने स्थल निरीक्षण किया। संवेदनशील क्षेत्रों में माइकिंग कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को नियमित निगरानी और क्षति मिलने पर तत्काल कार्रवाई, राहत-बचाव संसाधनों को तैयार रखने का निर्देश दिया है। प्रशासन ने अपील की है कि लोग घबराएं नहीं, जलभराव वाले क्षेत्रों में अनावश्यक न जाएं, नदी किनारे और तेज धारा से बचें, बच्चों-बुजुर्गों को पानी से दूर रखें, बिजली के खंभों-तारों से दूर रहें और अफवाहों पर ध्यान न दें। आपात सहायता के लिए जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के नंबर 9279808780 पर संपर्क किया जा सकता है।

## घर के बाहर से ई-रिक्शा की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के मुख्यालय पंचायत नावकोठी के वार्ड संख्या 13 में बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने घर के बाहर चार्ज में लगाए गए ई-रिक्शा की चोरी कर ली। इस संबंध में पीड़ित शिव चंद्र मंडल उर्फ अनिल कुमार महतो ने नावकोठी थाने में लिखित सूचना देकर ई-रिक्शा बरामद करने की गुहार लगाई है। पीड़ित ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह बुधवार को काम करने के बाद देर शाम घर लौटा था। इसके बाद ई-रिक्शा को घर के बाहर चार्ज में लगाकर सोने चला गया। गुरुवार की सुबह जब उसकी नींद खुली तो चार्जिंग वाले स्थान से ई-रिक्शा गायब मिला। आसपास और संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन की गई, लेकिन ई-रिक्शा का कोई सुराग नहीं मिल सका। पीड़ित के अनुसार अज्ञात चोर रात के अंधेरे का फायदा उठाकर ई-रिक्शा लेकर फरार हो गए। घटना की लिखित सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज सहित अन्य माध्यमों से चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## संत रवि दास विकास शिविर में प्राप्त आवेदों को किया गया निष्पादित

**मनीगाछी (दरभंगा) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुरु संत रविदास की 650 में जयंती के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के कुल 6 पंचायत यथा ब्रह्मपुर, उजान, जतुका पैकटोल, चनौर बाजितपुर, भंडारिसम समरसता संकल्प अभियान चलाकर आवेदनो को निष्पादित किया गया। बीडीओ संदीप कुमार पांडे ने बताया कि गुरु संत रविदास विकास शिविर में बरहमपुर पंचायत में कुल प्राप्त 33 आवेदनों में से 28 का उजान में 20 में से आठ का जतुका पैक टोल में 18 में से 8 का, चनौर में 26 में से 0, बाजितपुर में 50 में से 40 का तथा भंडारिसम में 36 में से 30 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया। उन्होंने बताया कि कुल प्राप्त 183 आवेदनों में से 140 का निष्पादन कर दिया गया है, वही 43 मामलों का भी शीघ्र निष्पादन कर दिया जाएगा।

### संत रविदास जयंती पर 28 महादलित टोलों में लगे शिविर

**बेगूसराय।** संत रविदास जी की 650वीं जयंती पर संत रविदास समरसता संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों के 28 महादलित टोलों में शिविर आयोजित किए गए। अभियान का उद्देश्य महादलित टोलों में रहने वाले लोगों तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। शिविर में लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गईं।

## देवकुंड स्थित कुंड से 24 घंटे निकलती है अग्नि

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** करीब पांच सौ वर्ष पहले से देवकुंडधाम स्थित मठ में स्थापित कुंड में आग जल रही है। अग्निकुंड से 24 घंटे अग्नि निकलते रहती है। अग्निकुंड के राख को भभूत के रूप में श्रद्धालु अपने घर ले जाते हैं। कुंड की चर्चा पद्मपुराण, आनंद रामायण, वायु पुराण समेत कई धार्मिक ग्रंथों में वर्णित है, जिसके अनुसार ब्रह्मपुत्र महर्षि भृगु के आत्मज च्यवन ऋषि यहां तपस्या करने पहुंचे थे। बता दें कि यह कुंड भृगु को उत्पन्न करने वाला है। कुंड को मठ के प्रथम महंत बाबा बालपुरी जी द्वारा त्रियुगी नारायण से समाहित अग्नि से प्रज्जवलित की गई थी। अबतक अनेक प्राकृतिक आपदाओं से जूझने के बावजूद इस कुंड से अभी तक अग्नि प्रज्जवलित होती रहती है। कुंड के पास ही बाबा का खाट, खड़ांव सबल प्रमाण हैं। 26 जून 1988 को त्रयोदशी (सोमवार) के दिन जीर्णोद्धार के समय कुंड के पास ही च्यवन ऋषि, बाबा बालपुरी व महंथ केदारनाथपुरी की प्रतिमा स्थापित की गई। पुराण के अनुसार देवकुंड में ही च्यवन ऋषि का आश्रम माना गया है। आनंद रामायण के अनुसार उसी समय भगवान राम कर्मनाशा नदी पार करके च्यवन ऋषि का दर्शन करने देवकुंड पहुंचे थे। दर्शन से पहले वे प्राचीन सरोवर में स्नान किया था। उसके बाद शिवलिंग की स्थापना की जहां आज पूरे वर्ष जलाभिषेक करने को भीड़ लगी रहती है। वहीं भगवान विश्वकर्मा ने दूधेश्वरनाथ मंदिर का निर्माण कराया।

## शास्त्री द्वितीय चक्र की मेधा सूची प्रकाशित

### 7 तक होगा नामांकन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय में शास्त्री प्रथम सेमेस्टर सत्र 2026-30 में नामांकन के लिए द्वितीय चक्र की मेधा सूची बुधवार को प्रकाशित कर दी गई है। इस चक्र में चयनित अभ्यर्थी 03 सितंबर से 07 सितंबर 2026 तक अपने आवंटित महाविद्यालय में जाकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद नामांकन करा सकेंगे। डीएसडब्ल्यू प्रो. पुरेन्द्र वारिक ने कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पाण्डेय के आदेशानुसार नामांकन संबंधी गाइडलाइन जारी कर दी है। उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ डॉ निशिकांत ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित अवधि के भीतर आवंटित महाविद्यालय में उपस्थित होकर अपने शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों का सत्यापन कराना होगा। तभी संबंधित छात्र अपने आईडी के माध्यम से ऑनलाइन नामांकन शुल्क भुगतान कर पाएंगे। चयनित छात्रों को नामांकन की निर्धारित तिथि का विशेष ध्यान रखना होगा और समय सीमा के भीतर सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर लेनी होगी। निर्धारित अवधि में नामांकन को लेकर किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न न हो, इसके लिए छात्रों को समय रहते अपने आवंटित महाविद्यालय की जानकारी प्राप्त कर वहां संपर्क करने की सलाह दी गई है। विशेष कार्य पदाधिकारी (शैक्षणिक) डॉ. रामसेवक झा ने कहा कि द्वितीय चक्र की मेधा सूची में चयनित अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से अपने आवंटित महाविद्यालय की जानकारी प्राप्त कर निर्धारित अवधि में नामांकन लेना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि छात्रों को नामांकन के दौरान अपने सभी आवश्यक मूल प्रमाण-पत्र एवं संबंधित दस्तावेज साथ लेकर जाना चाहिए, ताकि अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो।

### आचार्य में 5 तक होगा परीक्षावेदन

पीआरओ डॉ निशिकांत ने बताया कि आचार्य तृतीय सेमेस्टर सत्र 2024ऽ26 के साथ साथ आचार्य तृतीय सेमेस्टर सत्र 2023ऽ25 तथा आचार्य प्रथम सेमेस्टर सत्र 2024ऽ26 के पूर्ववर्ती छात्रों के लिए परीक्षावेदन की तिथि विस्तारित कर दी गयी है। अब ऐसे छात्र 02 से 05 सितम्बर 2026 तक फॉर्म भर सकते हैं।


**NAME CHANGE**

I hitherto known as Rajesh Yadav s/o Rajendra Yadav, vill- Brijpur, PO+ PS- Noorsarai, Distt. - Nalanda, Bihar, PIN- 803113 have changed my name and I shall hereafter be known as Viresh Kumar.

**NAME CHANGE**

I, SHARDENDU KUMAR holder of Indian Passport No:AU832970 issued at DUBAI on 25/08/2026 and Permanent Resident of LAXMISAGAR PADRI DARBHANGA PIN 846009 BIHAR INDIA and presently residing at ABU SHAGARA SHARJAH UAE do hereby change the name of my minor child DHAIRYA holding Indian Passport No: V7960295 issued at DUBAI on 11/06/2022 from DHAIRYA to DHAIRYA SHARDENDU with immediate effect.

**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त ई-निविदा सं. 03-डीसीई-सीओएन-एसडीएएच-26-27, दिनांक: 02.09.2026,** उप मुख्य अभियंता/निर्माण/पूर्व रेलवे/सियालदह, आर.एम.एस. बिल्डिंग (दूसरी मंजिल), सियालदह, कोलकाता-700014 के द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के तहत निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** निविदा सं. 03-डीसीई-सीओएन-एसडीएएच-26-27: (नैहाटी और रानाघाट के बीच तीसरी लाइन के निर्माण के सिलसिले में कल्याणी (छोड़कर) में सीएच-48.940 किमी. से रानाघाट (छोड़कर) में सीएच-71.588 तक मैकेनिकल कॉम्पेक्शन के साथ तटबंध में कटाव और भराव में मिट्टी कार्य का शेष कार्य, स्टोन डस्ट ब्लैंकेटिंग की आपूर्ति, फैलाव और गठन, छोटे पुलों का विस्तार, गेट लॉज का निर्माण, लेवल क्रॉसिंग गेटों का विस्तार, रिटेनिंग वॉल, बाधा डालने वाले स्ट्रक्चर को हटाना, ट्रैक, पॉइंट्स और क्रॉसिंग को जोड़ना, मशीन खंडित स्टोन बैलस्ट की आपूर्ति, स्टैकिंग और फैलाव, पी.वे सामग्री का परिवहन और अन्य सहायक कार्य)। **अनुमानित मूल्य :** रु.45.90 करोड़ (लगभग), **बयाना राशि :** रु. 91,81,100/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 18 (अठारह) माह। **खुलने की तिथि:** दिनांक 23.09.2026 को 15.00 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। CON-34/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## खेल महोत्सव में छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** महारानी रामेश्वरी महिला महाविद्यालय, में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 28 अगस्त से 4 सितंबर, 2026 तक आठ दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन हो रहा है। इस खेल महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। आज के खेल का शुभारंभ करते हुए प्रधानाचार्या प्रो पुष्पम नारायण ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास होता है। खेल विद्यार्थियों के शारीरिक विकास के साथ साथ मानसिक विकास में भी अहम भूमिका निभाते हैं। खेल में हारना और जीतना विद्यार्थी जीवन की निराशा और अहंकार को दूर कर सकारात्मक बदलाव की ओर प्रेरित करता है। इससे विद्यार्थी जीवन में सत्य को स्वीकार करने की क्षमता का विकास होता है। विद्यार्थियों का विकास महाविद्यालय और विश्वविद्यालय की प्रगति हेतु अति आवश्यक तत्व है। उन्होंने खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए महाविद्यालय प्रशासन की प्रतिबद्धता व्यक्त की। महाविद्यालय की खेल पदाधिकारी डॉ शमा परवीन ने कहा कि महाविद्यालय की छात्राओं में खेल प्रतिभा की अपार संभावनाएं हैं। इस आयोजन के माध्यम से छात्राओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक आयोजित बैडमिंटन, खो-खो, कबड्डी, एथलेटिक्स और वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया है। खो खो प्रतियोगिता में तनवी कुमारी-प्रथम, सना द्वितीय, पुष्पा कुमारी ने तृतीय स्थान, बैडमिंटन प्रतियोगिता एकल में बुशरा रहमानी प्रथम, कुमारी स्मिता राज-द्वितीय, एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता डबल में कुमारी स्मिता राज एवं पल्लवी कुमारी ने प्रथम, बुशरा रहमानी एवं ज्योति रानी ने द्वितीय, कबड्डी में कुमारी कौशिकी-प्रथम, मैथिली कुमारी द्वितीय एवं ज्योति रानी ने तृतीय स्थान, एथलीट में 100 मीटर दौड़ में वसुंधरा प्रथम, दीपमाला-द्वितीय, राजलक्ष्मी-तृतीय स्थान पर रही, 200 मीटर दौड़ में अमृता कुमारी-प्रथम, नेहा-द्वितीय, समाध्य तृतीय रही। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं एवं प्रतिभागियों को 5 सितंबर, 2026 को महाविद्यालय परिसर में आयोजित समापन-सह-पुरस्कार समारोह में सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। महाविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करते हुए इस प्रकार के आयोजनों को निरंतर बढ़ावा देने के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त किया।


**मालदा मंडल के तहत गनगनियाँ स्टेशन पर टिकट की बिक्री के लिए हॉल्ट कॉन्ट्रैक्टर/एजेंट की नियुक्ति**

**एनआईए सूचना सं.: सी.192/हाल्ट-एजेंट/एम/जीएनएनए/26, दिनांक: 03.09.2026**

पूर्व रेलवे के मालदा मंडल के तहत खड़िया पीपरा हाल्ट एवं कमरगंज हाल्ट के बीच स्थित **गनगनियाँ** स्टेशन पर कमीशन के आधार पर टिकट बिक्री के कार्य के लिए हॉल्ट कॉन्ट्रैक्टर/एजेंट की नियुक्ति हेतु योग्य **स्थानीय निवासियों (उसी जिले** का निवासी होना चाहिए जहाँ उपर्युक्त हॉल्ट स्टेशन स्थित है) से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदक **उसी जिले** का निवासी होना चाहिए जहाँ संबंधित हॉल्ट स्टेशन स्थित है। विस्तृत नियम और शर्तें, कार्य की परिधि, पात्रता मानदंड और आवेदन के प्रारूप आवेदन कागजात में उपलब्ध हैं। **हॉल्ट स्टेशन का नाम : गनगनियाँ, जिले का नाम जहाँ स्टेशन स्थित है:** भागलपुर, बिहार। **चयनित आवेदक द्वारा हॉल्ट स्टेशन का भार लेने से पहले जमा की जाने वाली सुरक्षा राशि:** (i) रु.2,000/- (मनी रिसीट के रूप में), (ii) अग्रिम टिकट जमा **(7 दिनों की औसत टिकट बिक्री के बराबर राशि)**, (iii) रु.10,000/- की राशि ब्लूटूथ समर्थित पोर्टेबल थर्मल प्रिंटर की सुरक्षा जमा के रूप में, (iv) रु.25,000/- की राशि के टिकट रोल के सुरक्षा जमा के रूप में। **आवेदन जमा करने का स्थान:** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक का कार्यालय, पूर्व रेलवे, मालदा मंडल, डीआरएम कार्यालय, पीओ:झलझलिया, जिला: मालदा, पश्चिम बंगाल, पिन -732102, **आवेदन जमा करने की तिथि:** दिनांक 05.09.2026 से 25.09.2026 तक 11.00 बजे से 17.00 बजे के बीच हर कार्य दिवस पर। **आवेदन बॉक्स खोलने की तिथि:** दिनांक 25.09.2026 को 17.30 बजे। **नोटिस बोर्ड का स्थान और वेबसाइट का विवरण जहां पूरा वर्णन (आवेदन प्रारूप और नियम एवं शर्तों सहित) देखा जा सकता है:** उपर्युक्त पते पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मालदा के कार्यालय और पूर्व रेलवे की वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** पर आवेदन प्रारूप और विस्तृत नियम एवं शर्तों सहित संपूर्ण निविदा सूचना देखी जा सकती है।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मालदा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## शांतिपूर्ण जन्माष्टमी मनाये जाने को लेकर आवश्यक तैयारी पूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनीगाछी (दरभंगा)।** कृष्णाष्टमी को लेकर प्रखंड एवं थाना क्षेत्र मे सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रखंड क्षेत्र के मांउबेहट, मनिगाछी, कटमा बंघांत सहित अन्य जगहों पर एवं थाना क्षेत्र के पुतई, लहटा में धूमधाम से कृष्णाष्टमी मनाया जाता है। बीडीओ संदीप कुमार पांडे ने बताया कि माऊंबेहट में श्रीकृष्ण मंदिर से लेकर मेला स्थल तक पूरी तरह साफ सफाई की व्यवस्था पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि जिला से ही शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर जगह दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। मनीगाछी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के पुतई में जहां मटकी फोड़ होता है, शांत समिति की बैठक कर शांतिपूर्ण माहौल में पूजा अर्चना संपन्न करने की अपील की गई है। उन्होंने बताया की मनिगाछी, बंघांत, कटमा, लहटा में सिविल एवं वर्दी में पुलिस बल तैनात कर दिए गए हैं ताकि असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखा जाए।

## माउंट लिट्रा में धूमधाम से मना जन्माष्टमी उत्सव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल बेगूसराय में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूरे उत्साह और भक्ति भाव से मनाई गई। बच्चों ने भगवान कृष्ण के जन्म, बाल लीलाओं और राधा-कृष्ण प्रेम को जीवंत कर दिया।कार्यक्रम में बच्चों ने 'राधिका गोरी से', 'नटखट नटखट', 'कान्हा बंसी बजाए' और 'कृष्ण गोविंद' गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 4 और 5 के छात्रों ने 'आज का गोकुल' नाटक के माध्यम से कृष्ण लीलाओं के साथ आज के समाज का संदेश दिया। 'कृष्ण जन्माष्टमी डांस ड्रामा', 'गोविंदा बोलो हरि गोपाल बोलो', 'राधा कैसे नाचेगी' और 'मच गया शोर' जैसी प्रस्तुतियों ने रंग भर दिया। अंत में हांडी और बांसुरी प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। प्राचार्या डॉ. शीतल ने कहा कि जन्माष्टमी बच्चों को संस्कृति और जीवन मूल्यों से जोड़ने का अवसर है। निदेशक डॉ मनीष देवा ने कहा कि बच्चों को संस्कृति से जोड़ना शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। पूरा परिसर 'जय श्रीकृष्ण' के जयघोष से गूंज उठा।

# वांछित अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करें : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में अपराध गोष्ठी की। मौके पर उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण वांछित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी सहित कई दिशा-निर्देश दिये। पुलिस पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को क्राइम कंट्रोल से संबंधित कई निर्देश देते हुए थानावार आपराधिक कांडों की समीक्षा की। क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए आपराधिक छवि वाले लोगों पर पुलिस की खास नजर रखने को कहा गया है। जन्माष्टमी के अवसर पर विधि व्यवस्था के लिए पुलिस को अलर्ट रहने को कहा गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने अनुमंडल पलिस पदाधिकारी,



पुलिस निरीक्षक, थानाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत लोगों के बीच विश्वास, अपराधियों के बीच भय बनाने हेतु भ्रमणशील रहेंगे। गश्ती के दौरान अपराधियों एवं वांछित अभियुक्तों तथा वारंटियों के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा गिरफ्तारी हो सके तथा आमजन में पुलिस के प्रति सकरात्मक विश्वास पैदा हो सके। सभी थानाध्यक्ष को अपने-अपने क्षेत्र अन्तर्गत बैंक, एटीएम, सीएसपी, केन्द्रों के आस-पास अनिवार्य रूप से गश्ती करने एवं सख्त निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया। सभी थानाध्यक्ष को अपने-अपने क्षेत्र में स्वंय सक्रिय होकर रात्रि में संदिग्ध व्यक्तियों की जांच करने हेतु निर्देशित किया गया। सभी थानाध्यक्ष को अपने-अपने क्षेत्र में घटित घटना की सूचना प्राप्त होने पर इसकी सूचना अविलंब नियंत्रण कक्ष को देते हुए घटनास्थल पर पहुंचने हेतु निर्देशित किया गया। सभी थानाध्यक्ष को थाना पर आने वाले फरियादियों का समस्या का त्वरित निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया। सभी थानाध्यक्षों को फर्दव्यान प्राप्त होने के 24 घंटे के अंदर प्राथमिकी दर्ज करने हेतु निर्देशित किया गया। प्राथमिकी दर्ज होने के 30 मिनट के अंदर अनुसंधानकर्ता को घटनास्थल का निरीक्षण एवं अनुसंधान प्रारंभकरने का निर्देश दिया गया है। प्राथमिकी दर्ज होने के सात दिनों के अंदर पर्यवेक्षी पदाधिकारी को पर्यवेक्षण करने का निर्देश दिया गया है। सभी अंचल पुलिस निरीक्षक को अपने-अपने क्षेत्राधिकार में मोटरसाइकिल चोर अन्य चोर के खिलाफ योजना बनाकर छापेमारी करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## खेलते वक्त आहर में गिरा मासूम, मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** सलैया थाना अंतर्गत तेतरिया बड़का आहर आहर में डूबने से चार वर्षीय मासूम की मौत हो गई। मृतक की पहचान मुर्गी बिगहा निवासी चंदन कुमार के चार वर्षीय पुत्र रिशु कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रिशु कुमार गांव के आहर के पास खेल रहा था। इसी दौरान खेलते-खेलते उसका पैर फिसल गया और वह तेतरिया बड़का आहर के गहरे पानी में चला गया। पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। घटना की सूचना मिलने पर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद आहर से मासूम का शव बरामद किया।

# स्वास्थ्य जांच एवं उपचार के लिए घर तक पहुंचेगी चिकित्सकों की टीम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** गैर-संचारी रोगों की समय पर पहचान, जांच एवं उपचार के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान 'जांच एवं उपचार-चिकित्सा आपके द्वार' के तहत गुरुवार को सदर अस्पताल से जन-जागरूकता प्रचार-वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। सिविल सर्जन ने प्रचार-वाहन को रवाना करते हुए कहा कि गैर-संचारी रोग वर्तमान समय में गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बन रहे हैं। ऐसे में लोगों को इन रोगों के प्रति जागरूक करना और समय रहते उनकी जांच कराकर उपचार उपलब्ध कराना अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। प्रचार-वाहन के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को अभियान के



संबंध में जानकारी दी जाएगी तथा जांच एवं उपचार के लिए स्वास्थ्य संस्थानों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए डीपीएम मो. अनवर आलम ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा दो सितंबर से इस विशेष अभियान को प्रारम्भ किया गया है। इस अभियान के दौरान आम लोगों को मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कैंसर, हृदय रोग, सीओपीडी एवं अन्य गैर-संचारी रोगों की समय पर जांच कराने के लिए जागरूक किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक लोगों तक अभियान की जानकारी पहुंचे और संभावित मरीजों की पहचान कर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. मिथिलेश प्रसाद सिंह, जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन आदि उपस्थित रहे।

# विशेष अभियान के तहत रंगदारी सहित अन्य मामलों में 39 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में बुधवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई के फलस्वरूप 39 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 13 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, रंगदारी में एक, हत्या के प्रयास में चार, मद्य निषेध अधिनियम के तहत दो तथा अन्य मामलों में 32 लोगों की गिरफ्तारी की गई। वाहन जांच अभियान के तहत 1014 वाहनों की जांच की गई जिसमें 50000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा एक बाइक बरामद किया गया है। पुलिस पदाधिकारी उपेंद्र नाथ वर्मा ने बताया कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दे ताकि समय के साथ कार्रवाई की जा सके।

# दुष्कर्मियों को जल्द मिले सजा : राजेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटनाएं समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। अपराधियों की कोई जाति नहीं होती। आरोपी किसी भी जाति या समुदाय का हो, उसके खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। किसी भी आरोपी को उसके प्रभाव या पहचान के आधार पर संरक्षण नहीं मिलना चाहिए। यह बातें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सह कुटुंबा के पूर्व विधायक राजेश कुमार ने गुरुवार को औरंगाबाद में प्रेस वार्ता के दौरान कही। इससे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुटुंबा थाना क्षेत्र में स्थित दुष्कर्म पीड़िता के घर जाकर उससे मुलाकात की। उन्होंने पीड़िता और उसके परिजनों से घटना की जानकारी ली तथा हरसंभव मदद और न्याय दिलाने का भरोसा दिया। इस दौरान उन्होंने



एसपी उपेंद्रनाथ वर्मा से फोन पर बात कर मामले में स्पीडी ट्रायल के माध्यम से आरोपियों को जल्द सजा दिलाने की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस घटना की सबसे चिंताजनक बात यह है कि मामले में आरोपित तीनों युवक उसी गांव के रहने वाले हैं। गांव में लोग एक-दूसरे से सामाजिक और पारिवारिक रिश्तों से जुड़े होते हैं। ऐसे में गांव के ही युवकों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगना समाज के लिए गंभीर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बेटियों के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना को मजबूत करने की जरूरत है। अपराधियों पर कार्रवाई के साथ समाज को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। उन्होंने कहा कि पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस हरसंभव प्रयास करेगी। जरूरत पड़ी तो पार्टी इस मामले को लेकर सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी।

## सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपित ने किया समर्पण

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस की दबिश पर सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपित ने गुरुवार को व्यवहार न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। आरोपी की पहचान माली थाना क्षेत्र के दुधमी गांव निवासी राजू कुमार सिंह उर्फ झुन्नू सिंह के रूप में की गई है। इसके खिलाफ कुटुंबा थाना में 31 अगस्त को प्राथमिकी दर्ज कराई गई जिसमें बताया गया कि अपने गांव के दो अन्य लड़कों के साथ एक नाबालिग लड़की का सामूहिक दुष्कर्म किया है। कांड की गंभीरता के आधार पर पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के नेतृत्व में कुटुंबा थानाध्यक्ष इमरान आलम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो सितंबर को अंबा चौक से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जबकि राजू कुमार सिंह मामले में फरार चल रहा था।

# चोरी की बाइक और पार्ट्स के साथ तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** दाउदनगर पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का उद्भेदन किया है। चोरी की एक बाइक और पार्ट्स-पुर्ज़ा के साथ तीन लोग पकड़े गये हैं। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान दाउदनगर थाना क्षेत्र के पीराहीबाग निवासी जन्नत कुरैशी के पुत्र मो. सुफियान कुरैशी (19), अब्दुला कुरैशी के पुत्र मो. साबिर कुरैशी (20) एवं कसेरा टोली निवासी उमेश प्रसाद कसेरा के पुत्र बिट्टू कुमार (22) के रूप में की गई है। बुधवार को दाउदनगर थानार्न्तगत बढते वाहनों कि चोरी के मद्येनजर एक एसआईटी टिम गठित कर विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। इसी क्रम में थाना अंतर्गत पिडाहीबाग में दो व्यक्तियों को चोरी की एक बाइक के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में पकड़े गए दोनों व्यक्तियों ने बताया कि बाइक चोरी के बाद थाना क्षेत्र के नालबंद स्थित बिंदु कुमार के कबाड़ी दुकान में उनके पार्ट्स को अलग-अलग कर बेच देते है। इसके बाद पुलिस ने इनके निशानदेही पर बिट्टू कुमार के कबाड़ी दुकान में छापेमारी की जहां चोरी के बाइक का कटा हुआ पार्ट्स-पुर्ज़ा बरामद किया गया तथा बिट्टू कुमार एवं पकड़े गए मो. सुफियान कुरैशी एवं मो. साबिर कुरैशी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों ने अपना-अपना अपराध स्वीकार किया। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष विकास कुमार सहित अन्य पुलिस बल शामिल रहे।

# ग्रामीणों को मिले बेहतर बैंकिंग और डाक सेवा : शशि शालिनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार परिमंडल की मुख्य डाक महाध्यक्ष शशि शालिनी कुजूर ने अरवल और औरंगाबाद जिले के ग्रामीण डाकघरों का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वलिदाद (बैदराबाद), अगनूर और संसा (दाउदनगर) शाखा डाकघरों में दी जा रही वित्तीय व डाक सेवाओं की जमीनी हकीकत जानी। निरीक्षण के बाद संसा पंचायत सरकार भवन में औरंगाबाद प्रमंडल के 45 शाखा डाकघरों के डाकपालों और सहायक डाकपालों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी शाखाओं के 'व्यय कवरेज अनुपात' की समीक्षा की गई। मुख्य डाक महाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा और अन्य बचत योजनाओं का दायरा बढ़ाएं ताकि हर ग्रामीण को बैंकिंग और डाक सेवाओं का लाभ मिल सके। विभाग अब गांवों तक अपनी पहुंच को और अधिक मजबूत करने जा



रहा है। मुख्य डाक महाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ग्रामीण क्षेत्रों के हर व्यक्ति तक डाक जीवन बीमा और बचत योजनाओं का लाभ पहुंचना चाहिए। विभाग ने जनता की सुविधा के लिए एक बड़ा संकल्प लिया है। अब जिस दिन डाकघर में चिट्ठी या पार्सल पहुंचेगा, उसी दिन उसे ग्राहक तक पहुँचा दिया जाएगा। औरंगाबाद के डाक अधीक्षक प्रिय रंजन ने सभी शाखा डाकपालों से कहा है कि वे इस लक्ष्य को पूरी ईमानदारी से पूरा करें। बैठक में मनोज कुमार सहायक डाक अधीक्षक अरवल, रमन राज डाक निरीक्षक ग्राहक संतुष्टि, सतीश कुमार डाक निरीक्षक दाउदनगर, मिथिलेश कुमार डाक निरीक्षक औरंगाबाद पश्चिमी एवं ओम प्रकाश गोंड डाक निरीक्षक औरंगाबाद पूर्वी उपस्थित थे। अरवल, दाउदनगर और औरंगाबाद के सभी प्रमुख डाक निरीक्षक ने मिलकर डाक सेवाओं को जनता के लिए और अधिक तेज और भरोसेमंद बनाने का संकल्प लिया।

## लोक अदालत में लंबित ट्रैफिक चालान का होगा निपटारा

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** डीएम अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 सितंबर को नगर भवन में किया जाएगा। लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न लंबित मामलों के साथ-साथ पात्र लंबित ट्रैफिक चालानों के त्वरित एवं सरल निपटारे हेतु विशेष व्यवस्था की गई है।

## नाला पार करने के दौरान डूबे किशोर का शव बरामद

**रफीगंज(नबिटा संवाददाता)।** प्रखंड के बहादुरपुर गांव में गुरुवार दोपहर नाला पार करने के दौरान डूबे 16 वर्षीय किशोर शाहिद हुसैन का शव करीब चार घंटे बाद बरामद कर लिया गया। शव निर्माणाधीन पुल के पास पानी में फंसा हुआ मिला। मृतक की पहचान बहादुरपुर गांव निवासी सफीक अंसारी के पुत्र शाहिद हुसैन के रूप में हुई है। बताया जाता है कि गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे शाहिद नाला पार कर रहा था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल नाले में उसकी तलाश शुरू कर दी। करीब चार घंटे तक चले खोज अभियान के बाद निर्माणाधीन पुल के पास फंसा शाहिद का शव बरामद किया गया। अंचलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद ग्रामीणों एवं गोताखोर की मदद से किशोर के शव की तलाश कराई गई। उन्होंने बताया कि शव बरामद होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बिहार की व्यवस्था को बदलना प्राथमिकता : प्रशांत किशोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** उपचुनाव में जीत के बाद गुरुवार को पहली बार औरंगाबाद पहुंचे जन सुराज के नेता एवं बांकीपुर विधायक प्रशांत किशोर ने गुरुवार को सरकार पर तीखा हमला बोला। नागरिक अभिनंदन समारोह में उन्होंने कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र में बालिका के साथ हुई दुष्कर्म की घटना को लेकर सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा बिहार में कानून-व्यवस्था को लेकर सरकार लगातार दावे करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर अपराध की घटनाएं लोगों के सामने हैं। उन्होंने कहा कि जब राजनीति में अपराध का प्रभाव रहेगा तो अपराधमुक्त समाज की कल्पना करना मुश्किल है। प्रशांत किशोर ने कहा कि बांकीपुर की जीत उनके लिए केवल चुनावी सफलता नहीं है बल्कि जनता की ओर से मिली बड़ी जिम्मेदारी है। इस जिम्मेदारी को पूरा करने में विफल रहने पर जीत का कोई अर्थ नहीं रह जाएगा। प्रशांत किशोर ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं



और जातीय राजनीति को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित पांच किलो अनाज जब तक वास्तविक जरूरतमंदों तक पूरी तरह नहीं पहुंचता, तब तक चुनाव जीतने का कोई फायदा नहीं है। उनके अनुसार चुनावी जीत का वास्तविक मतलब तभी है जब आम लोगों के जीवन में बदलाव दिखाई दे। उन्होंने आरोप लगाया कि जाति के नाम पर वोट देने की राजनीति ने नेताओं को राज्य और समाज के हित से दूर कर दिया है। राजनीति जाति और बिहार के विकास के बजाय परिवार के हित तक सीमित हो गई है। उन्होंने कहा कि लोग यह नहीं पूछते कि उनकी जाति में सबसे योग्य व्यक्ति कौन है बल्कि यह देखते हैं कि उनके परिवार का कौन व्यक्ति सत्ता में पहुंचे। उन्होंने लोगों से जाति और दल की सीमाओं से ऊपर उठकर बिहार के बदलाव के लिए मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बिहार को ऐसी राजनीति की जरूरत है जिसमें योग्यता, शिक्षा और ईमानदारी को प्राथमिकता मिले। केवल जातीय समीकरण के आधार पर सरकार चुनने से राज्य की समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि केवल गठबंधन बनाकर सत्ता हासिल करने से व्यवस्था में बदलाव नहीं आएगा। राजनीतिक दलों के बीच गठबंधन सरकार बनाने का रास्ता हो सकता है लेकिन इससे बिहार की मूल समस्याओं का समाधान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य सत्ता में हिस्सेदारी हासिल करना नहीं बल्कि बिहार की व्यवस्था को बदलना है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## दो किशोरों को भेजा गया बाल सुधार गृह

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** सोशल मीडिया पर स्टेटस और रील के जरिये दबंगई दिखाना दो किशोर को भारी पड़ गया। फ़ेसबुक पर अवैध देसी के साथ वीडियो डालकर इलाके में अपने दोस्तों को प्रभावित करने की कोशिश करने वाले दो किशोरों को हिरासत में लेकर न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कासमा थाना क्षेत्र के दो किशोरों ने हथियार के साथ दबंगई दिखाते हुये तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल किया था। इसका एक वीडियो भी सामने आया जिसके बाद पुलिस हरकत में आयी। मामले को गंभीरता से लेते हुए कासमा पुलिस ने जांच शुरू की और दोनों को हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि इन दोनों किशोरों द्वारा अवैध देसी कट्टा के साथ सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट डाल कर स्वयं को दबंग और दूसरों में डर फैलाने का काम कर रहे थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें बाल सुधार गृह भेज दिया है।

## अपराध नियंत्रण को लेकर चलाया सघन वाहन जांच अभियान

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मादक पदार्थों एवं प्रतिबंधित वस्तुओं के अवैध परिवहन पर रोक लगाने तथा अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से औरंगाबाद पुलिस द्वारा विगत रात्रि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं एवं वाहनों की सघन जांच की। रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों ने प्रमुख मार्गों, चौक-चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर वाहनों को रोककर जांच की। इस दौरान दोपहिया, चारपहिया समेत अन्य वाहनों की तलाशी ली गई। वाहन चालकों से आवश्यक कागजात की भी जांच की गई। संदिग्ध परिस्थितियों में आवागमन करने वाले लोगों से पूछताछ कर उनकी गतिविधियों की जानकारी ली गई। पुलिस के अनुसार अभियान का मुख्य उद्देश्य शराब एवं अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के परिवहन पर प्रभावी रोक लगाना तथा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगाना है। इसके साथ ही रात के समय होने वाली आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस की सक्रियता बढ़ाई गई है।

